दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
# समाज जागरण
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 1 अंक: 350 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# इजराइल के पास क्या हैं विकल्प...
## अधिक हवाई हमले, फिलिस्तीन के अंदर जमीनी आक्रमण या बातचीत ?

नई दिल्ली. छह अक्टूबर यानी बीते शुक्रवार को हमास ने अचानक इजराइल पर हमला कर दिया था. उसने एक के बाद एक 5000 रॉकेट दागे. हमास के लड़ाके, जमीन के अलावा समुद्र और आसमान के रास्ते इजराइल के सीमावर्ती इलाकों में घुस गए थे. हमास के हमले में 700 से ज्यादा इजराइली नागरिकों की मौत हो चुकी है, जबकि उसने 50 से ज्यादा नागरिकों और सैनिकों को बंधक बना रखा है.
हमास के इस हैरतअंगेज हमले के जवाब में इजराइल सरकार द्वारा युद्ध का ऐलान करने और उसके गाजा पट्टी पर बमबारी तेज करने के बाद सोमवार तड़के भी इजराइल के दक्षिणी भाग में लड़ाई जारी थी. हमास के इस हैरतअंगेज हमले के बाद उसकी चार इजराइली हिस्सों पर फिर से कब्जा करने की कोशिश के लिए विशेष बल के सैनिकों को लाया गया था.



अधिकारियों ने कहा कि इस ऑपरेशन में 1000 से अधिक लड़ाके शामिल थे. हमास के लड़ाकों ने सीमा पर एक किलेनुमा बाड़ को उड़ा दिया और गाजा सीमा के पास इजराइली समुदाय के नागरिकों और सैनिकों को गोली मार दी. इस हिंसा में एक भीड़ भरे संगीत समारोह पर हमला भी शामिल था, जहां अधिकारियों ने रविवार तक लगभग 260 शवों को हटा दिया था.
इजराइल ने हवाई हमलों के साथ जवाबी हमला किया, जिसमें हमास के कार्यालयों वाली 14 मंजिला इमारत को भी नेस्तानाबूद कर दिया. इजराइल में कम से कम 700 और गाजा में 400 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है. संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हजारों लोग घायल हुए और गाजा में लगभग 123,000 विस्थापित लोग आश्रयों में हैं.
भारत के खुफिया सूत्रों के एक आकलन में इस भीषण खून खराबे के बीच इजराइल के सामने कई विकल्प हैं. इसमें अच्छे और बुरे दोनों हैं. पहला तो यह कि इजराइल हवाई हमले बढ़ा सकता है, लेकिन इससे उन्हें कुछ नहीं मिलेगा. हालांकि वे भविष्य में हर तरफ से होने वाले हमलों के प्रति अधिक संवेदनशील होंगे.
दूसरा विकल्प फिलिस्तीन के अंदर जमीनी आक्रमण शुरू करना है. लेकिन इससे नागरिक हत्याओं का मामला उठेगा और इजराइल एक नए संकट में फंस सकता है. जाहिर है कि इससे उसके मिशन की सफलता पर सवालिया निशान लग जाएगा. हालांकि इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि जमीनी आक्रमण कहां तक जाएगा. जमीनी हमला एक बार खुलने के बाद, निश्चित तौर पर हिज्बुल्लाह की इसमें एंट्री होगी. हिज्बुल्लाह लेबनान का एक शिया राजनीतिक और अर्धसैनिक संगठन है.
वैकल्पिक रूप से, एक समझौता फॉमूर्ले के रूप में, वे अपने नागरिकों के लिए कैदियों का आदान-प्रदान कर सकते हैं. दूसरा पहलू यह है कि इससे हजारों हमास आतंकवादियों को रिहा किया जाएगा जो भविष्य में पलटकर और अधिक हमले कर सकते हैं. एक अन्य विकल्प बातचीत करना है जहां अरब दुनिया भी सहज हो और इजरायल को मौका दे.

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालेगा अयोध्या के राम कथा संग्रहालय की जिम्मेदारी

समाज जागरण

- संस्कृति विभाग और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच हुआ एमओयू का हस्तांतरण
- श्रीराम से जुड़े 1000 से ज्यादा प्राचीन और दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह भी ट्रस्ट को हैंडओवर
- अयोध्या में सरयू तट पर बना है अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी

लखनउ, 09 अक्टूबर। अयोध्या में सरयू तट पर बना अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी के संचालन, प्रबंधन और रख-रखाव की जिम्मेदारी अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालेगा। सोमवार को संस्कृति विभाग और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच एमओयू हस्तांतरण हुआ। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज



प्रेक्षागृह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस करार के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े 1000 से ज्यादा प्राचीन और दुर्लभ वस्तुओं के संग्रह की जिम्मेदारी भी अब न्यास के हाथों आ गई है।

# एनएसजी, 7 हजार पुलिसकर्मी... अहमदाबाद में किसी भी केमिकल खतरे को नाकाम करने लिए पुख्ता तैयारी

अहमदाबादः भारत ने अपने विश्व कप 2023 अभियान की शुरूआत पिछले रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ की. मेन इन ब्लू का ग्रुप चरण में नौ टीमों से मुकाबला होगा लेकिन सबसे अधिक प्रत्याशित मुकाबला 14 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला है.
भारत-पाकिस्तान मैचों के रोमांच और प्रकृति को देखते हुए, धमकियों के बाद उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है. भारत के विशिष्ट आतंकवाद विरोधी बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, रैपिड एक्शन फोर्स , होम गार्ड और गुजरात पुलिस सहित विभिन्न एजेंसियों के 11,000 से अधिक कर्मियों को अहमदाबाद और शहर के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा में लगाया गया है.

### 7 हजार से अधिक पुलिसकर्मी, 4 हजार होम गार्ड की तैनाती

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कहा कि 7,000 से अधिक पुलिसकर्मियों के अलावा, स्टेडियम की सुरक्षा और मैच के दौरान शहर के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 4,000 होम गार्ड तैनात किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि अहमदाबाद ने



पिछले 20 सालों में शहर में खेले गए क्रिकेट मैचों के दौरान कभी भी सांप्रदायिक हिंसा नहीं देखी है.
यह बताते हुए कि इतनी विस्तृत सुरक्षा व्यवस्था क्यों की गई है, मलिक ने कहा कि स्टेडियम में 1 लाख से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद है और हाल ही में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई है. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गांधीनगर में गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, राज्य के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय, जीएस मलिक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की ताकि पुलिस की कार्य योजना की समीक्षा की जा सके. साथ ही यह सुनिश्चित किया जा सके कि हाई-प्रोफाइल खेल आयोजन बिना किसी बाधा के संपन्न हो.

### NSG, बम डिस्पोजल स्क्वायड टीमों को किया जाएगा तैनात

शाम को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की है और पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है कि मैच के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो. मलिक ने कहा 'हम NSG की तीन 'हिट टीमें' और एक एंटी-ड्रोन टीम तैनात करेंगे. बम का पता लगाने और निपटान दस्ते की नौ टीमों का भी उपयोग किया जाएगा.' उन्होंने कहा कि महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक रैंक के चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और 21 पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी मैच के दिन कर्मियों की निगरानी और मार्गदर्शन करेंगे.
उन्होंने आगे कहा कि ह्यराज्य रिजर्व पुलिस की 13 कंपनियों के अलावा, हम अपनी सुरक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियों को तैनात करेंगे. RAF शहर के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखेगी. भगदड़ की स्थिति में लोगों की मदद करने के लिए, हमने पहले ही निकासी योजना तैयार कर ली है और स्टेडियम में रिहर्सल भी चल रही है.'
उन्होंने कहा कि मैच के दौरान किसी भी 'रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपात स्थिति' का जवाब देने के लिए, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को भी शहर में तैनात किया जाएगा. रिपोर्टों के अनुसार, मुंबई पुलिस को एक ईमेल मिला जिसमें एक अज्ञात ने प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने और अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी. भेजने वाले ने 500 करोड़ रुपये और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को जेल से रिहा करने की भी मांग की.

# युवा नशे से दूर रह कर खेलने की ओर ध्यान दें: डॉ उषा सिंह कौशिक

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)

फ्रैंड्स क्रिकेट क्लब और उसके अध्यक्ष नवीन डेंबला द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने के उद्देश्य से लिए डाबड़ा और मीरकां गांव में क्रिकेट टीम 20 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ताकि हमारे देश का नौजवान शारीरिक रूप से फिट रह कर लंबा और स्वस्थ जीवन जी सके।
प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में हेल्पिंग हैंड वैलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की अध्यक्षा एवं भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ लेबर फैडरेशन की प्रदेश सह प्रभारी डॉ उषा सिंह कौशिक एवं अति विशेष अतिथि के रूप में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ लेबर फैडरेशन के प्रदेश प्रभारी राकेश गुलाटी ने शिरकत की। क्लब के अध्यक्ष नवीन डेंबला ने अतिथियों का फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ देकर शानदार स्वागत किया।
डॉ उषा सिंह कौशिक ने प्रतियोगिता में भाग लेने आए हुए सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया और राकेश गुलाटी



ने खिलाड़ियों को व्यायाम करने के साथ ही शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए योग करने का आह्वान किया। अतिथियों ने ट्रस्ट की ओर से क्लब को खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट का सामान भी भेंट किया और भरोसा दिया कि भविष्य में क्लब की किसी भी जरूरत के लिए हर संभव सहायता करते रहेंगे।

**आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन**
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# क्या बिहार में B.Ed कैंडिडेट बनेंगे प्राइमरी टीचर?




समाज जागरण

1 लाख 70 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट से B.ed कैंडिडेट्स को फिलहाल राहत नहीं मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई दूसरे बेंच को ट्रांसफर कर दी है. उधर, बिहार सरकार ने कहा है कि वह याचिका में बदलाव करेगी और नए सिरे से दूसरी याचिका दाखिल करेगी.

### क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, मामला बीएड पास कैंडिडेट्स से जुड़ा है. बिहार लोक सेवा आयोग यानि बीपीएससी ने करीब दो सप्ताह पहले ये तय किया था कि बीएड पास प्राइमरी (पहली से पांचवीं) टीचर नहीं बन पाएंगे. इसके बाद शिक्षक भर्ती में शामिल 3 लाख 90 हजार बीएड कैंडिडेट्स के रिजल्ट पर रोक लगा दी गई थी. बीपीएससी ने तय किया है कि सिर्फ डीएलएड पास उम्मीदवारों का ही रिजल्ट जारी किया जायेगा. बीपीएससी ने ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण लिया है.
सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राजस्थान में शिक्षक बहाली के मामले में प्राइमरी टीचर के लिए बीएड की योग्यता को समाप्त कर दिया था. कोर्ट ने कहा था कि उसके फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारी छात्र प्राइमरी शिक्षक के लिए योग्य नहीं होंगे. सिर्फ बीटीसी या डीएलएड डिग्री वाले छात्र ही कक्षा पांचवीं तक पढ़ाने के लिए पात्र माने जाएंगे. सुप्रीम कोर्ट का फैसला तब आया था जब बिहार में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया चल रही थी.

### पहले हाईकोर्ट गया था मामला

इस बीच ये मामला पटना हाईकोर्ट में भी पहुंचा. पटना हाईकोर्ट में बिहार सरकार ने दलील दी थी कि बीएड वालों को प्राइमरी टीचर नहीं बनाने का सुप्रीम कोर्ट बिहार के संबंध में नहीं है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ये साफ नहीं हो रहा है कि बिहार में ये आदेश लागू होगा या नहीं. 22 सितंबर को पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार की दलील को खारिज कर दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिहार में भी लागू होगा. यानि बिहार की शिक्षक नियुक्ति में बीएड पास अभ्यर्थी प्राइमरी टीचर नहीं बन सकेंगे.

# राजस्थान में बीजेपी का MP फॉमूर्ला, 7 सांसदों को दिया टिकट, एक रिटायर्ड IAS ऑफिसर भी चुनावी मैदान में

समाज जागरण

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए अपने 41 प्रत्याशियों की पहली सूची सोमवार को जारी की जिसमें सात मौजूदा सांसद नाम भी हैं. इनमें छह लोकसभा के, जबकि एक राज्यसभा का सदस्य शामिल है. पार्टी ने जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारने की घोषणा की है उनमें लोकसभा सांसद नरेंद्र कुमार (मंडावा), दिया कुमारी (विद्याधर नगर), राज्यवर्धन राठौड़ (झोटवाड़ा), भागीरथ चौधरी (किशनगढ़), देवजी पटेल (सांचौर) एवं बालक नाथ (तिजारा) तथा राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा (सवाई माधोपुर) शामिल हैं.
एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन मीणा को भी पार्टी ने बस्सी विधानसभा सीट से मौका दिया है. भाजपा के उम्मीदवारों के नाम से यह साफ है कि पार्टी ने यहां मध्यप्रदेश का फॉमूर्ला अपनाया है, जहां वह पहले ही पार्टी के सांसदों को मैदान में उतार चुकी है. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से नई दिल्ली में राजस्थान के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी गई. प्रदेश की विद्याधर नगर सीट से मौजूदा भाजपा विधायक नरपत सिंह राजवी का नाम इस सूची में शामिल नहीं है.
पार्टी ने गुर्जर आंदोलन के अगुवा रहे किरोड़ी बैंसला के बेटे विजय बैंसला को देवली उनियारा से उम्मीदवार बनाया है. इसी तरह पार्टी ने कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय



मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन मीणा को बस्सी से उम्मीदवार बनाया गया है. पार्टी की पहली सूची में छह अनुसूचित जाति, दस अनुसूचित जनजाति एवं 25 सामान्य सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं. राज्य में कुल 200 सीटें हैं.
राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटों के लिए 23 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को की जाएगी. आयोग के मुताबिक राजस्थान में चुनाव की अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी और उम्मीदवार छह नवंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे. सात नवंबर को नामांकन की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख नौ नवंबर होगी. राजस्थान विधानसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान में सवा पांच करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे.

# वृद्धावस्था जीवन की औसत काल होता है- पूजा ऋतुराज.

**दैनिक समाज जागरण**

**विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार- )- वृद्धावस्था जीवन की उस अवस्था को कहते हैं ,जिसमें मानव जीवन की औसत काल होता है*जब पुरूष और औरत विवाह रुपी सामजिक परम्परा में एक दुसरे से जुड़ते हैं. तो वो पूरा जीवन एक दुसरे के प्रति समर्पित कर देते हैं.छोटी सी परिभाषा है कि जीवन साथी की,तुम शब्द मैं अर्थ, तुम बिन मैं व्यर्थ।इस सफर के अन्तिम छोर पर जीवन साथी की जरूरत पड़ती तो है क्योंकि सुख दुःख बाँटने वाला उसके सिवाय कोई दूसरा हो ही नहीं सकता। लेकिन वहाँ तक जीवन-साथ बचता नहीं है। दोनों पहिया में से किसी एक पहिया अकेले बच जाता है इसकी कोई उम्र तय नहीं होती यह अचानक घटित होता है और बीच पड़ाव पर जीवनसाथी का जाना बहुत ही कष्टदायक होता है

वृद्धावस्था में जीवनसाथी का बहुत महत्व है। जरूरी है एक साथ रहना ऐसे तो कहें कि जरूरी कुछ भी नहीं, नहीं तो जरूरी सब कुछ है।यह इंसान की सोच पर निर्भर करता है कि उसके लिए क्या जरूरी है क्या नहीं। कितने जीवनसाथी का जीवन भर झगड़ाही में गुजर जाता है और प्रेम रहता ही नहीं कितने अपने जीवनसाथी को छोड़ किसी और के जीवन साथी पर डोरा डालते हैं और उनको उसी में आनंद का जीवन एहसास होता है अपने जीवनसाथी का जीवन कष्ट दायक कर देते हैं इसमें उनका कुछ समझ नहीं आता ऐसे लोग अय्याशी किस्म के होते हैं इसमें अब पुरुष ही नहीं महिलाएं भी फैशन बना ली है कई जीवनसाथी अपने श-ादीशुदा जीवन के अधूरा जीवन में ही तलाक दे देते हैं या छोड़ देते हैं, इंसान में अब इंसानियत खत्म होते जा रही है कोई भी



तलाक सुदा पुरुष या महिला ऐसे में अपने पूरे जीवन के बारे में सोचे और परिस्थिति के अनुरूप जो सही लगे वहीं करें ।

आज की स्थिति में बुजुर्गों की उपेक्षा और बदहाली किसी से छिपी नहीं है। परिवार में सब कोई रहते हुए भी बुजुर्गों को काफी कष्ट से गुजरना पड़ रहा है बच्चों को तो सिर्फ

पैसा-जायदाद सब कुछ चाहिए, लेकिन देखभाल/सेवा किसी को नहीं करनी है।

ऐसे में अपनी मेहनत की कमाई से अपने भविष्य को देखते हुए उम्र दराज कोई व्यक्ति पुरुष हो या महिला शादी करना चाहे या कर लें तो कोई बुराई नहीं है।

वो समाज जो उनके ऊपर उंगली उठाने को खड़ा है वो खुद अपने अंदर झांके कि कमी कहाँ है? अगर कमी नहीं है तो ये स्थिति क्यों आई? समाज या परिवार आज बुजुर्गों से दूर भागते जा रहे हैं ऐसे में बुजुर्ग अपने जीवन के बारे में जरूर सोचें, बाकी सबकुछ होते हुए भी बुजुर्गों को खुद को बदहाल होने से बचाना चाहिए। साथ की जरूरत सबको होती है। अपने बच्चे/परि-वार साथ नहीं दे रहें तो जो सही लगे वो ही करें। जीवन का अंतिम पद व वृद्धावस्था बहुत कष्टदायक हो जाता है जब अपने परिवार वाले देखभाल नहीं करते ऐसे में अगर जीवनसाथी भी ना हो तो और भी जीवन कष्टदायक हो जाता है ऐसे समय आने से पहले अपने परिवार बाल बच्चों को देखते हुए माता-पिता से दूर रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता को काफी कष्ट का सहन करना पड़ता है, पैसा रहते हुए भी सेवा नहीं हो पता और देखभाल करने वाले को रखना ही पड़ता है ऐसे में बुजुर्ग महिला- पुरुष को जो सही लगे वहीं करें.

# मोदी के मन और है ,औरन के मन और

**दैनिक समाज जागरण**

भाजपा के नए पितृपुरुष प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह द्वारा सांसदों व केंद्रीय मंत्रियों को मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ाने के मायने क्या हो सकते हैं ? इस पर मीडिया का आकलन सुनकर हंसी आती है। मीडिया चाहे गोदी मीडिया हो या सोशल मीडिया इसे संपूर्णता में समझ पाने में शायद असमर्थ है। मुमकिन है की ये अतिश्योक्ति लगे आपको लेकिन वास्तव में मोदी जी इस प्रयोग के जरिए बहुत कुछ साधना चाहते हैं और इसके राजनीतिक संदर्भ अलग-अलग हैं।

* भाजपा सर्कार के अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद अपने पुत्र या भाई को चुनाव में टिकट दिलाना चाहता थे, उन सभी को विधानसभा चुनाव लड़ाकर उनके बेटे और भाई को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया । अपने पुत्र/पुत्री व नातेदारों को टिकट दिलाने के सभी अभिलाषा रखने वालों को सीधे तौर पर संकेत देकर मना कर दिया गया है। यह पार्टी के भीतर पनप चुके परिवारवाद से मुक्ति पाने का मोदीजी का अपना तरीका है।

* मोदी -शाह की जोड़ी ने निर्ममता के साथ पार्टी के नाम पर तीन- चार बार से चुनाव जीत चुके सांसदों से मुक्ति पाने के लिए उनको अपनी योग्यता साबित करने के लिए विधानसभा चुनाव में उतार दिया गया है। ये सभी केंद्र में मंत्री बनना चाह रहे थे और दिल्ली से प्रदेश व संगठन में हस्तक्षेप कर रहे थे भले ही वे नरेंद्र सिंह तोमर हों या प्रह्लाद पटेल हों या फग्गन सिंह कुलस्ते ।सभी के मन में अपने भाई-भतीजों को राजनीति में प्रतिष्ठित करने की गहन अभिलाषा थी इन दोनों को मैदान में उतरने के साथ ही पार्टी के राष्ट्रिय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और र-ाकेश सिंह की भी यही गति हुई

* भाजपा के भाग्यविधाताओं ने भांप लिया था कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रति सत्ता विरोधी लहर है और इसे थामने कि लिए या तो नेतृत्व परिवर्तन किया जाये या कोई ऐसी जमावट की जाये जो जनता को नयी लगे । नेतृत्व परिवर्तन का फैसला लेने में देर हो चुकी थी। ऐसे में लंबे समय से खाये -अघाये मंत्रियों और सांसदों को मैदान में उतरना ही इकलौता विकल्प था ।मोदी -शाह ने आकलन कर लिया है कि एक तो ये सब चुनाव में जीत के लिए पानी की तरह पैसा बहायेंगे जिससे कार्यकताओं में व्याप्त निराशा में कमी आ सकती है। साथ ही इनमें से कई को हराकर जनता अपनी भड़ास बाहर कर सकती है।

* इस आजमाए हुए प्रयोग कि जरिये पार्टी ने टिकट वितरण में क्षेत्रीय क्षत्रपों के हस्तक्षेप को खत्म कर दिया ,क्योंकि वे खुद प्रत्याशी हैं। अब वे दूसरों को कैसे टिकट दिलाकर जिताने की ज़िम्मेदारी कैसे ले सकते हैं? अब केंद्रीय नेतृत्व अपने हिसाब से टिकट वितरण कर रहा है। परदे के पीछे राजनीति करने वाले सभी नेताओं को जो मुख्यमंत्री बनने के लिए लालायित रहते थे, विधानसभा चुनाव में उतार कर अपनी काबिलियत साबित करने का अवसर दिया है। इसे 'अस्तित्व कि लिए फिट' होने की कसौटी बना दिया है ।पार्टी ने एक तीर से न जाने कितने निशाने साध रखे हैं। मंत्री और संसद यदि चुनाव हारते हैं तो उनसे पार्टी को स्थायी मुक्ति मिल जाएगी।

इस समय मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल कि अनेक सदस्य खुद चुनाव लड़ने कि बजाय अपने बेटे-बेटियों को चुनाव लड़ाने कि लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी कुर्सी छोड़ना पड़ेगी। वरिष्ठ मंत्री गोपाल भार्गव और डॉ नरोत्तम मिश्रा की स्थिति यही है। और भी कई मंत्री हैं जो खुद चुनाव लड़ने कि साथ ही अपने बच्चों को भी अपनी आँखों कि सामने विधायक बना देखना चाहते हैं ,लेकिन उनके सपनों पर पानी फिरता दिखाई दे रहा ह। कांग्रेस में तो कमलनाथ और दिग्विजय सिंह का सपना पूरा हो गया किन्तु भाजपा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह बाजी हारते दिखाई दे रहे है। कांग्रेस कि कमलनाथ और दिग्विजय कौन हैं, उन्हें आसानी से पहचाना जा सकता है।

*विधानसभा चुनाव कि लिए साढ़े गए इस निशाने कि साथ ही पार्टी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव कि लिए भी तमाम कार्यकताओं को तैयार करने जा रही है। क्योंकि जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा गया है उनकी जगहों पर नये लोगों के सांसद प्रत्याशी बनने के लिए अवसर है और ध्यान रहे कि एक संसदीय क्षेत्र में छह से आठ विधानसभा क्षेत्र होते हैं। आठ विधानसभा क्षेत्र के टिकट न पाये लोगों को सांसद प्रत्याशी बनाने का आश्वासन देकर पार्टी के खिलाफ जाने से रोका जा सकता है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को उतार कर मोदी जी केन्द्र सरकार व खुद उनके विरूद्ध उपज रही सत्ता विरोधी लहर थामने का प्रयास कर रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई आदि के कारण केन्द्र सरकार से बढती निराशा से उपजी जनता की नाराजगी से बचने के लिए यही सही प्रतीत हुआ होगा।

* ये बात अब जग-जाहिर हो चुकी है कि मोदी और शाह का लक्ष्य 2023 के विधानसभा चुनाव जीतना नहीं ,अपितु 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है। इस चुनाव में मोदी जी अपने समकक्ष आ रहे अपने ही दल के अपने सभी राजनीतिक विरोधियों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने के लिए प्रयासरत हैं। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री बसुंधरा राजे और मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान इसके उदाहरण हैं। इस चुनाव में यह भी तय हो रहा है कि सिंधिया राजपरिवार से एक ही व्यक्ति राजनीति में रहेगा। यशोधरा चुनाव नहीं लड़ेंगी और वसुंधरा राजे सिंधिया का भी यही होना तय है। ज्योतिरादित्य सिंधिया इकलौते चश्मोचिराग रह जायेंगे ।उनके रिश्तेदारों में श्रीमती मया सिंह ,ध्यानेन्द्र सिंह और माया सिंह कि बेटे का नंबर भी अब कट सा गया है।

* प्रधानमंत्री मोदी कि दोनों हाथों में लड्डू रहने वाले हैं। पार्टी जीते या हारे उनका घाटा नहीं होने वाला। वे अपने प्रयोगों से फिलवक्त टिकट वितरण की उलझनों कि साथ ही आने वाले समय में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति का परीक्षण भी कर लेंगे और इसके जरिए सांसद बनने के लिए भाजपा काडर में नयी ऊर्जा का संचार भ। मुमकिन है की मेरी सूचनाएँ और आकलन गलत भी हो किन्तु इस पर भरोसा तो किया जा सकता है।

**@ राकेश अचल**

## 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

# हाय रे जिदंगी इतनी सस्ती कब से हो गई

**दैनिक समाज जागरण**

जीवन में उतार-चढ़ाव होना इस जीवन रूपी प्रक्रिया का एक भाग है। सबके जीवन में खुशी और गम एक दूसरे के बाद दस्तक देते ही रहते हैं। देना भी चाहिए अन्यथा जीवन में न खुशी का मोल रह जाएगा और न ही दुख की व्यथा। वैसे भी, हम अपने जीवन की एक समान रफ्तार से थक जाते हैं। तो, सोचिए कि दुख की घड़ी में हमें कहीं न कहीं मन में आस अवश्य ही होगी खुशियों के आने की। दिल में कहीं न कहीं हमें यह विष्वास होगा कि बस अब खुशियां आती ही होंगी। फिर उस अपार दुख में जब भी खुशी का आगमन होता है तो उन आंनद के पलों के महत्व को बयां करना शायद किसी शब्द या शायरी के बस की बात नहीं। इसलिए शायद यह कहना गलत नहीं है कि खुशियों की आन-बान और शान दुख से ही है। दुख होगा, तकलीफ होगी, तभी हम खुशी का इंतजार करेंगे और उसके अस्तित्व को समझ पाएंगे। खैर, गलती यहीं हो जाती है कि लोग दुख से खुशी तक पहुंचने के इस सफर को पूरा नहीं कर पाते। वे बीच रास्ते में अपनी मंजिल से थोड़ी सी दूरी पर ही अपना दम तोड़ देते हैं। जो इस राह को समझ नहीं पाता या चल नहीं पाता वह अपने जीवन की इस प्रक्रिया को समाप्त करना ही बेहतर समझता है।

खैर, अगर इन सब बढ़ती खुदकुशियों के कारणों की बात की जाए तो अक्सर हर केस में एक ही कारण ले देकर सामने आता है वह है-स्ट्रेस, तनाव, अवसाद। दरअसल, इस कलयुग में अवसाद रूपी राक्षस ने अपनी बाहों को इतना फैला दिया है कि युवा पीढ़ी से लेकर बुजुर्ग हर कोई इसकी चपेट में आ चुका है। तकनीक ने जितना विकास दिखाया है, उतनी ही तेजी खुदकुशी के केसों में भी देखी जा रही है। इस अवसाद ने तो इस कदर माया जाल बिछा दिया है कि लोगों को हर समस्या का सबसे बड़ा समाधान लगता है जीवन को खतम कर देना और अक्सर लोग ऐसा कर रहे हैं। मनचाही नौकरी या छोकरी न मिलने से लेकर पारिवारिक कलह, वजह चाहे कुछ भी हो, लोगों के पास एकमात्र उपाय बचता है- खुदकुशी। खुदकुशी के इस कारण तनाव या अवसाद को जानना बेहद आवष्यक है।

आखिर यह तनाव या अवसाद क्या है?

इस बारे में मनोचिकित्सक का कहना है कि आज के इस दौर में भौतिक सुख सुविधाएं एकत्र करना ही हर किसी का उद्देष्य बन गया है जिस के लिए हम सदा प्रत्यनशील रहते हैं। लेकिन मुि-श्कल यह है कि कुछ हासिल करने के बाद भी हम सुखी और संतुश्ट नहीं हो पाते और एक इच्छा के पूर्ण होते ही हमारे मन में दूसरी इच्छा उपजने लगती है जिस से हमारे अंदर तनाव पैदा हो जाता है। हर बार जो बदलाव के कारण तनाव उत्पन्न होता है वही डिप्रेशन कहलाता है।

आप भी डिप्रेशन की चपेट में हैं अगर-आप सो नहीं पाते हैं या फिर आप ज्यादा सोने लगे हैं। आप किसी भी चीज पर उतना ध्यान नहीं लगा पाते जो कि आप पहले आसानी से कर पाते थे। आप उ-दास व निराश रहते हैं। भले आप कितना प्रयास कर रहे हों, तो भी आप अपने मन से चाहकर भी नकारात्मकता को निकाल नहीं पा रहे हैं। आप को भूख नहीं लगती या आप जरूरत से ज्यादा खाने लगे हैं। आप जरूरत से ज्यादा परेशान, गुस्सैल या चिढ़चिढ़े रहने लगे हैं। आप शराब या धूम्रपान करने लगे हैं, या ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हो रहे हैं जो कि आप जानते हैं कि वह गलत है। आप को मन में यह विचार आते हों कि जीवन जीने का कोई फायदा नहीं है।

मन की उदासीनता (डिप्रैशन)दिन-प्रतिदिन हमारे समाज में बढ़ती जा रही है। यह माना जाता है कि अगर आम जनता का सर्वेक्षण किया जाए तो लगभग 5-10 प्रतिशत लोग डिप्रैशन से पीडिढत हैं। यह एक कड़वा सच है कि इनमें से दो-तिहाई लोग डिप्रैशन का कोई इलाज नहीं कराते। ये लोग या तो डिप्रैशन को एक बीमारी न मानकर उ-दासीनता से भरी जिन्दगी जीते रहते हैं या फिर उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सही इलाज करने से इस बीमारी का इलाज किया जा सकता है। इसलिए आम जनता में डिप्रैशन के बारे में जागरुकता लाने की तथा इस बीमारी के बारे में अवधाराणाओं को दूर करने की जरूरत है।

डिप्रैशन ज्यादातर 25 से 45 वर्ष की उम्र के लोग को प्रभावित करता है। परंतु बच्चों एवं वृद्धावस्था में भी यह बीमारी हो सकती है। बच्चों में डिप्रैशन के लक्षण कुछ अलग होते हैं जैसे कि चिढ़चिढ़ापन, कहना न मानना, पढ़ाई में ध्यान न देना, स्कूल न जाने के बहाने बनाना इत्यादि। बच्चों में डिप्रैशन को पहचानना इसलिए मुमकिन होता है, क्यों कि इनमें मन की उदासीनता, नाउम्मीदी के ख्याल या अपने आपको खत्म करने के विचार आम तौर पर देखे नहीं जाते। डिप्रैशन औरतों में मर्दों की तुलना में 2-3 गुना ज्यादा पाया जाता है। डिप्रैशन समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है। यह सोचना गलत है कि जिन लोगों के पास जिन्दगी के सब ऐशो-आराम है उन लोगों को डिप्रैशन नहीं हो सकता।

डिप्रैशन के क्या कारण है?

आज के आधुनिक अनुसंधान और शोध कार्यों ने साबित कर दिया है कि डिप्रैशन अन्य बीमारियों की तरह एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज संभव है। हमारा दिमाग जो सारे शरीर का नियंत्रण करता है करोड़ों छोटी-छोटी कोशिकाओं का बना है। उन्हें न्यूरोन्स कहा जाता है। एक न्यूरोन दूसरे न्यूरोन्स से संपर्क कुछ खास पदार्थों के जरिए करता है। इन पदार्थों को न्यूरोट्रांसमीटर कहा जाता है। दिमाग में कुछ ऐसे न्यू-रोसमीटर है जिनकी मात्रा में बदलाव आने से डिप्रैशन हो जाता है। वक्त के साथ डिप्रैशन बढने से दिमाग की कोि-शकाओं में ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जिनसे मरीज के मन में स्वयं को खत्म करने के विचार आने लगते हैं। खु-शकिस्मती से ये सारे बदलाव दवाओं अथवा साइकोथैरेपी (मनोचिकित्सा) द्वारा ठीक किए जा सकते हैं। यह जरूरी नहीं है कि डिप्रैशन के हर मरीज को जिन्दगी में ऐसी कुछ दुरूखद घटनाएं हुई हों जो डिप्रैशन का कारण बनती है। आधे से ज्यादा मरीजों में डिप्रैशन बिना किसी पारिवारिक या सामाजिक कारण के हो जाता है।

डिप्रैशन का इलाज क्या है?

डिप्रैशन का इलाज आसान है। इलाज के चार तरीके हैं। 1। दवाएं, 2। सा-इकोथैरेपी (मनोरोग विशेशज्ञ द्वारा बातचीत) 3। इलेक्ट्रोकनवल्सिव थैरेपी (बिजली द्वारा इलाज), 4। उन बीमारियों का इलाज जिनके कारण डिप्रैशन हो जाती है। आज भारत में डिप्रैशन दूर करने वाली अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं। मनोरोग विशेशज्ञ की सलाह के अनुसार इनके सेवन से कई प्रकार की उदासी दूर की जा सकती है। दवाओं के साथ-साथ बातचीत द्वारा भी इलाज किया जाता है। जिसे साइकोथैरेपी कहा जाता है। यह मनोरोग विशेशज्ञों द्वारा की जाने वाली विशेश बातचीत होती है। जिसमें मरीज के मन की दशा को समझकर जिन्दगी में आने वाली मुष्किलों का सामना करने के तर-ीके सिखाएं जाते हैं और प्रोत्साहित किया जाता है।

जब डिप्रैशन इतनी बढ़ गई हो कि मरीज आत्महत्या की सोचने लगे या उसे यह लगने लगे कि वह कभी भी ठीक नहीं होगा तो इलेक्ट्रानिनवल्सिव थैरेपी (ईसीटी) यानी बिजली द्वारा भी इलाज किया जा सकता है। इस इलाज के बारे में आम जनता में बहुत ही भ्रांतियां मगर यह एक सुरक्षित और असरदार इलाज है। मरीज को कोई तकलीफ पहुंचाए। बिना इस इलाज से जल्दी ठीक किया जा सकता है।

वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज तिवारी का कहना है कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि इस आत्मघाती व्यवहार से आत्महत्या करने वाले व्यक्ति का परिवार अनेक समस्याओं से घिर जाता है। समाज के प्रत्येक वर्ग में आत्महत्या की दर बढ़ती जा रही है जिसे सामाजिक जागरूकता एवं व्यक्ति में आत्महत्या के विचार आने पर उसमें आ रहे व्यवहारिक परिवर्तनों की समय से पहचान करके मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मनोचिकित्सा के माध्यम से आत्महत्या को टाला जा सकता है। आत्महत्या निवारण में परि-वार एवं मित्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक व्यक्ति को यह पता होना चाहिए की 25 लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं तो उसमें केवल एक ही व्यक्ति अपनी जान गवाता है, जो बच जाते हैं उन्हें पहले से अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए अपने कौशल एवं क्षमताओं का विकास कर परिस्थिति का सामना करें दुनिया में कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान न हो।



**डॉ मनोज कुमार तिवारी**
**वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक परामर्दता**
**एआरटी सेंटर, एस एस हॉस्पिटल, आईएमए, बीएचयू, वाराणसी।**

# इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध बड़ी त्रासदी की ओर।

## हमास को जड़ से खत्म करने (मोसाद) इजराईल की तैयारी।

**दैनिक समाज जागरण**

ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास एक पिलिस्तीनीआतंकवादी संगठन है जिसमें लगभग 25000 लडाके शामिल है। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की समर्थित हमास उग्रवादी यह कभी नहीं चाहते थे कि अमेरिकी मध्यस्थता के फल स्वरुप इसराइल और सऊदी अरब सहित अन्य देशों के बीच संबंध अच्छे बने वह उसका लगातार विरोध करता आया है। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है ।हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इस-राइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह तो तय है कि हम आज का यह हमला केवल सशस्त्र संघर्ष नहीं है बल्कि यह एक सैन्य युद्ध की शक्ल में लड़ा जा रहा है और हमास के साथ ईरान, पाकिस्तान, तुर्की खुलकर सामने आ गए। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। कुछ विश्लेषक यह मानते हैं कि 50 वर्ष पहले योग कीपर युद्ध की 50वीं वर्षगाठ पर अचानक हमास ने इसराइल के शहरों पर 5000 रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर इजराइल में कोहराम मचा दिया है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है। हमास के इस हमले से इसराइल और सऊदी अरब के बीच हुए शांति समझौते को खंडित कर देगी। इस युद्ध से न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध भड़केगा बल्कि इसराइल को भी हमास तथा फिलिस्तीन अन्य संगठनों को खत्म करने की चाहत बढ़ जाएगी। इजराइल का विश्व स्तरीय खुफिया संगठन मोसाद की असफलता के कारण हमास ने इतना बड़ा हमला किया है अब इजरायल के विचार हमास को दंडित करने की नहीं है बल्कि उसकी समूल नष्ट करने का है और इसी के परिणाम स्वरुप इसराइल ने गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं और लगभग 500 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है वहां की कई इमारतें को नष्ट कर दिया है। पूरी की पूरी गाजा पट्टी फिलिस्तीन लोगों के कब्जे में है और इन उग्रवादियों का केंद्र भी है इसीलिए इजराइल का पूरा ध्यान इस गाजा पट्टी पर ही है। उल्लेखनीय है कि इसराइल के इस संकट के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया,कनाडा ने अपना पूरा समर्थन इसराइल को दिया है और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तुरंत आर्थिक मदद की भी घोषणा कर दी है। इसराइल के पास हमास के हमले से रक्षा करने के लिए आयरन डॉम रक्षात्मक प्रणाली थी जो हवा से हवा में मार करने वाला एयर डिफेंस सिस्टम है जो हमास पर हमले और उसको भयानक नुकसान करने वाला सिस्टम है ।अब इस रक्षात्मक आयरन डोम के असफल होने से फिलिस्तीन उग्रवादी हमास संगठन इतना बड़ा हमला कर पाया।

इजराइल का उदय 1948 को हुआ था पर आज तक सऊदी अरब ने इसे मान्यता नहीं दी है अमेरिका यह चाहता है कि इसराइल और सऊदी अरब तथा अन्य मुस्लिम एशियाई देशों से इजरायल के संबंध सामान्य हो और यह देश इजराइल को मान्यता प्रदान करें। पर अब इजरायली और फिलिस्तीन आपसी युद्ध के कारण अमे-रका का प्रयास असफल होता प्रतीत हो रहा है। न्यूयॉर्क और एजेंसी के अनुसार 2006 की तरह हिजबुल आतंकवादी संगठन उत्तरी इजराइल में युद्ध का नया मोर्चा खोल सकता है कि हिजबुल आतंकवादी संगठन को इसराइल के कट्टर दुश्मन ईरान का पूरा समर्थन एवं सहयोग प्राप्त है और ईरान ही हिजबुल और हमास को इसराइल के विरुद्ध पूरी पूरी खुफिया जानकारी तथा हथियार की मदद करता आया है। हिजबुल की तरह पाकिस्तान और तुर्की भी इस युद्ध में हमास की तरफ से कूद पड़े हैं। अब यह तो तय है कि इजरायल पूरी तरह हमास और उसके कब्जे में गाजा पटी को समूल नष्ट करने के इरादे से अपने टैंक तथा वायु सेना से खुलकर आक्रमण कर रहा है। लेबनान में सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल अचानक इसराइल हमास युद्ध में कूद पड़ा है और उसने रविवार को इजरायली ठिकानों पर हमले भी किए हैं हिजबुल अपने को हमास का तथा फिलिस्तीन का समर्थन तथा साथी ही बताता है। मूलतः हिजबुल सिया आतंकी संगठन है जिसे ईरान समर्थन सहयोग देता है इसे 1975 से 90 तक चले लेबनान युद्ध की उपज माना जाता है। हिजबुल इसराइल तथा हमास युद्ध में एक नया मोर्चा खड़ा कर सकता है।

इसराइल हमास युद्ध बहुत जल्दी थमने वाला युद्ध नहीं है। इसराइल के बारे में माना जाता है कि वह अपने दुश्मनों को छोड़ता नहीं है पर अब हमास के साथ ईरान अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है और इसके साथ अन्य मुस्लिम देशों के शामिल होने की संभावना है। यदि इजरायल के साथ अमेरिका ,ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया ,फ्रांस और नाटो देश शामिल होते हैं तो इस युद्ध को विश्व युद्ध में बदलने में ज्यादा देर नहीं लगेगी और यह वैश्विक शांति के लिए एक बड़े खतरे की घंटी होगी। इसके लिए बाहुबली देशों को काफी समझदारी से काम लेना होगा तब ही युद्ध विराम हो सकता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक ,रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा उ.प्र.के संयोजक मंडल का हुआ पुनर्गठन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । संघर्ष मोर्चा की केन्द्रीय बैठक 29 अक्टूबर को लखनऊ मेंः तारकेश्वर शाही पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा के कल्याणपुर स्थित प्रधान कार्यालय पर कोर कमेटी की आयोजित बैठक में केन्द्रीय संयोजक मंडल का पुनर्गठन किया गया ।



जिसमें सर्वसम्मति से तारकेश्वर शाही, विनय कुमार सिंह, सुभाष कन्नौजिया, डा. महेन्द्र राय, आशुतोष मिश्रा, अनंत सिंह,सुधांशु तिवारी, राजकुमार चौधरी,मंगेश यादव, शशांक पाण्डेय, आदित्य शुक्ला, पवन शंकर दीक्षित, नीरज तिवारी, निशा सिंह, पवन राय व मनोज राय को प्रदेश संयोजक तथा डा.. दुर्गेश प्रताप सिंह, उपेन्द्र उपाध्याय, प्रशांत बाजपेई, सुधीर कुमार,अजय सिंह,ललित किशोर आजाद,महेंद्र गुर्जर,वंदना मिश्रा, चिन्तामणि पाण्डेय, नृपेन्द्र शुक्ला,पवन शुक्ला, ज्ञानेन्द्र शंकर त्रिपाठी व आनंद कुमार सिंह को प्रदेश सह संयोजक बनाया गया । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दारुलशफा विधायक निवास, बी -ब्लाक के कामन हाल में केन्द्रीय बैठक की जाएगी, जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद से प्रतिनिधिगण सम्मिलित होंगे

# यौनिक प्रजनन स्वास्थ्य में पुरुषों की भागीदारी जरुरी

संवाददाता अमर कुमार सक्सेना

लखनऊ । सहयोग संस्था द्वारा प्रजनन स्वास्थ्य में पुरुषों की भागीदारी परियोजना की शेयरिंग होटल हेरिटेज में की गई इस दौरान सहयोग से टीम मैनेजर प्रवेश वर्मा ने बताया की प्रजनन स्वास्थ्य के मुद्दों में पुरुषों की भागीदारी को लेकर 4 जिलों में पुरुषों के साथ कार्य किया गया ! इस परियोजना की उपलब्धियां और सीख यह रही की कार्यक्रम से पुरुषों में महिलाओं के प्रति सम्मान और अवसरों में समानता तथा जेंडर सोशल नॉर्म्स को चुनौती देना तथा इसके अलावा परिवार नियोजन में भागीदारी, महिला स्वास्थ्य में देखरेख व माहवारी जेसे मुद्दों में चुप्पी टूटी है।

प्रोग्राम मैनेजर अन्वेषा ने बताया की ग्रामीण स्वास्थ्य स्वछता व पोषण दिवस में मिलने वाली सुविधाओं में सुधार हुआ साथ ग्रामीण स्वास्थ्य स्वछता व पोषण समिति के सदस्य जागरूक हुए हैं और अंटाइड फण्ड का सही इस्तेमाल व समय पर इस्तेमाल भी करनें लगे हैं।

डॉ अमित सिंह, संयुक्त निदेशक ट्रेनिंग ने कहा की हेल्थ एंड वेलनेश सेण्टर पर काफी सारी सुविधाए मिल रही हैं जिसके बारे में लोगों को जागरूक होना चाहिए और सेवाएँ लेनी चाहिए । डॉ मनोज शुक्ल जनरल मैनेजर आरकेएसके एंड आरआई ने सरकार द्वारा चलायें जा रहे साथिया व आईएमआई कार्यक्रम




के बारे बताया कि इसके तहत 2-5 साल के बच्चों का टीकाकरण करवाया जाता है। परिवार नियोजन की जिम्मेदारी महिलाओं के साथ पुरुषों को भी लेने की जरुरत है। सहयोग का यह प्रयास सराहनीय है की पुरुषों को भी जोड़ा जा रहा है ! डॉ उदय प्रताप संयुक्त निदेशक परिवार कल्याण ने अपनी बात रखते हुए बताया की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होना होगा और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ना होगा। समरेंन्द्र सिंह उप निदेशक पीएसआई ने कहा की परिवार नियोजन को लेकर पुरषों को जवाबदेह बनना होगा और अपनी सहभागिता बढ़ानी होगी साथ महिला स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा । रेनू मिश्रा निदेशक आली संस्था ने एमटीपी एक्ट और पोक्सों कानून के बारे रखा की इसके बारे में लोगों को जानकारी होना चाहिए साथ कहा की हिंसा और स्वास्थ्य को हम अलग नही देख सकते है अगर कोई हिंसा का मामला है तो वह डॉ के पास जायेगा जो की स्वास्स्थ्य सेवा के साथ उसकी रिपोर्ट महिला को न्याय दिला सकती है । साथ ही महिला का स्वास्थ्य है इसलिए किसी भी मामले में निर्णय लेना महिला को हक होता है । सतीश कुमार सिंह सीनियर सलाहकार सीएचएसजे न्यू दिल्ली ने कहा की हम लोगों ने २००३ में जब पुरुषों के साथ कार्य शुरू किया था उस समय से हम लोगों ने इसपर चर्चा शुरू की थी, सहयोग का एसआरएचआर के मुद्दे पर पुरुषों के साथ यह प्रयास बहुत भी महत्वपूर्ण है और आगे भी पुरुषों के साथ महिला स्वास्थ्य पर उनकी चुप्पी तोड़ने की जरुरत है। इस दौरान सिद्दार्थ नगर ,वाराणसी, जालौन और बाराबंकी के समानता साथी, प्रधान तथा लखनऊ के अन्य स्वास्थ्य के मुद्दों पर कार्य करने वाली संस्थाओं सहित सौ लोगों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का संचालन सहयोग की टीम मैनेजर सुनीता सिंह द्वारा किया।

### ऐतिहासिक समझौता संस्कृति विभाग के लिए हर्ष का विषय : जयवीर सिंह

प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्कृति विभाग के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक समझौता हो रहा है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी स्मृति, पुरावशेष तथा सन 1992 एवं राम मंदिर निर्माण के समय मिल रहे मूर्ति, शिलालेख, ताम्रपत्र पर लिखे पांडुलिपियां इत्यादी अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में संरक्षित है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी देसी विदेश रामलीलाओं के आभूषण, वस्त्रों का भी संकलन यहां संग्रहित है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आम जन मानस को हमारी प्राचीन धरोहर, लोककला, संस्कृति, सभ्यता और विरासत के संरक्षण के लिए सतत कार्य हो रहे हैं।

## महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के एतिहासिक कदम

### महापौर की उपस्थिति में समस्त दलों की महिला पार्षदों ने सदन की बैठक में हस्ताक्षर कर बिल का समर्थन किया और प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने पर आज दिनांक 09 अक्टूबर को नगर निगम मुख्यालय स्थित राजकुमार हॉल में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में महिला आरक्षण कानून के समर्थन में प्रधानमन्त्री को बधाई देने के उद्देश्य से सदन की बैठक में जारी प्रस्ताव पर समस्त दलों की महिला पार्षदों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया और इस एतिहासिक कदम के लिए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी को शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

मुख्यरूप से समस्त दलों की महिला पार्षदों के साथ सदन की बैठक में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने संसद द्वारा महिला आरक्षण बिल पास होने पर हर्ष व्यक्त किया। सदन में समस्त महिलाओं ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये



और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हुए इसे राजनीति का अमृत काल बताया।

महापौर ने कहा कि तीन दशकों की अटकलों के बाद महिला आरक्षण बिल को (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) लोकसभा से पास किया गया। दोनों सदनों से इस बिल के पास होते ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय हो गया है। इस बिल से अब विधान सभाओं और लोकसभाओं में महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि यह बिल विकसित भारत की अवधारणा है। महापौर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि देश के हर वर्ग की महिलाएं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, समर्थ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन और सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना जैसी तमाम कार्यदाई योजनाओं से अंतिम पायदान तक लाभान्वित हो रही हैं और आत्मनिर्भर व सशक्त हो रही हैं।

# शिक्षक महासंघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा की कार्यप्रणाली के विरोध में किया जोरदार धरना प्रदर्शन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक की पदोन्नति एवं तैनाती, सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान,10 लाख रुपए का सामूहिक बीमा,अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 21 को शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम में सम्मिलित करने आदि मांग को लेकर प्रदेश के हजारों बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के बैनर तले महानिदेशक स्कूल शिक्षा पर धरना देकर शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण की मांग की।

शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा की महानिदेशक द्वारा प्रदेश के अधिकारियों में भ्रम फैलाया जा रहा है कि सरकार शिक्षकों से नाराज है, इसलिए शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इसी भ्रम में प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी ,बेसिक शिक्षकों को अपमानित एवं उत्पीड़न कर रहे हैं। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि महानिदेशक प्रति दिन शिक्षकों को नुकसान करने वाले निर्देश जारी करते हैं, जिससे प्रदेश भर का शिक्षक महानिदेशक की कार्यप्रणाली से नाराज है। प्रदेश भर से आए हजारों शिक्षकों ने शिक्षा निदेशालय पर उपस्थित होकर



स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश भर के शिक्षक सरकार से नाराज नहीं हैं, बल्कि महानिदेशक से नाराज हैं। शिक्षक महासंघ के संयोजक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा संबंधी धारा 21 सेवा चयन आयोग से हटाकर शिक्षकों को प्रबंध तंत्र का गुलाम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश का शिक्षक उसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा किए जा रहे शिक्षक विरोधी कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री जी से भेंट करके दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का अपमान करने वाले अधिकारियों का विरोध किया जाएगा। हजारों शिक्षकों की उपस्थिति के बाद भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा दोपहर 1 बजे तक कार्यालय नहीं आए, जिससे नारा शिक्षक नेताओं ने मंच से घोषणा की, कि यदि 2 बजे तक महानिदेशक वार्ता के लिए नहीं आते हैं तो शिक्षक समुदाय विधानसभा की ओर प्रस्थान करेगा। शिक्षक नेताओं की घोषणा के बाद तुरंत महानिदेशक उपस्थित हुए एवं महासंघ के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता की। वार्ता में उपार्जित अवकाश, अतः जनपदीय स्थानांतरण, निशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि सभी बिंदुओं पर वार्ता हुई और सहमति बनी की सभी मांगों पर शासन द्वारा आदेश निर्गत किया जाएगा। इसलिए आगामी 16 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश शासन में वार्ता होगी।

वार्ता के उपरांत शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि धरना एक माह के लिए स्थगित किया जाता है यदि शिक्षकों की मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो एक माह बाद फिर से धरना लगाया जाएगा। वार्ता में शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश शर्मा, संयोजक एवं पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी, एमएलसी एवं विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी पूर्व एमएलसी हेमसिंह पुण्डीर, सुभाष शर्मा, जगबीर किशोर जैन उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री संजय सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ को कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडे, संगठन मंत्री सुधांशु मोहन, संजीव शर्मा, यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दिसंबर तक शिक्षक संकुल के विद्यालय बनेंगे निपुण विद्यालय, मंथली टास्क तय

समाज जागरण

लखनऊ, 9 अक्टूबर। शिक्षक संकुल विद्यालयों को दिसंबर तक निपुण विद्यालय बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने अक्टूबर माह में शिक्षक संकुल की बैठकों का एजेंडा और मंथली टास्क तय किया है। इसके तहत सभी डायट प्राचार्यों और बीएसए को निर्देशित किया गया है कि शिक्षक संकुल की बैठकों और मंथली टास्क का निर्धारित फॉर्मेट में पालन किया जाए। साथ ही जनपदों के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जाए जिससे शिक्षक संकुल विद्यालयों को दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने जनपदों में न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल के गठन के निर्देश दिए हैं। शिक्षक संकुल के विद्यालयों को दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### शिक्षण कार्यों पर होगी गहन चर्चा

शिक्षक संकुल की बैठकों का एजेंडा और मंथली टास्क को महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से जारी किया गया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि अक्टूबर में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन एजेंडा के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा। इसके नोडल अधिकारी एआरपी होंगे। एआरपी पिछली जिला स्तरीय मीटिंग के मुख्य बिंदुओं को सभी के साथ साक्षा करेंगे। इसके अलावा, संबंधित माह की डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो को सभी शिक्षकों को दिखाना एवं वीडियो के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करना होगा।पिछली बैठक की योजना के सापेक्ष किए गए शिक्षण संबंधी प्रयासों, शिक्षण पद्धतियों, रोचक गतिविधियों को साझा किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण भाग निपुण भारत मिशन की अकादमिक रणनीति पर प्रस्तुतिकरण होगा, जिसमें शिक्षकों द्वारा अलग-अलग समूह (कक्षा 1-3 और कक्षा 4-8) में 2023-24 की शिक्षण योजना को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्तुतिकरण के लिए सभी समूहों को 5 मिनट का समय मिलेगा।

### 5 प्वॉइंट टूल किट का उपयोग किया जाएगा सुनिश्चित

यह भी कहा गया है कि समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अक्टूबर में मंथली टास्क को पूर्ण किया जाएगा। उन्हें अपने विद्यालय को दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने के लिए 5 प्वॉइंट टूलकिट का उपयोग सुनिश्चित करना होगा। इस टूल किट के तहत पहला शिक्षकों के बीच कक्षा आवंटन और कार्य विभाजन, दूसरा संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का उपयोग, तीसरा छात्रों का आकलन एवं रेमेडियल, चौथा समुदाय सहभागिता एवं अभिभावक के साथ संपर्क और पांचवां व अंतिम टूल किट शिक्षक-छात्र के मध्य आत्मीय संबंध बनाने पर केंद्रित होगा। इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करना होगा। इसके अतिरिक्त समस्त शिक्षकों को निपुण लक्ष्य एप पर लॉगिन करने एवं अक्टूबर माह में एप के माध्यम से प्रत्येक छात्र का आकलन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। निपुण लक्ष्य एप पर प्रदर्शित नए फीचर निपुण संवाद का प्रयोग किए जाने के लिए समस्त शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे शिक्षक विभागीय निर्देशों, गतिविधियां आदि से अपडेट हो सकें। समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने न्याय पंचायत के समस्त प्रधानाध्यापकों को निपुण भारत मॉनीटरिंग सेंटर पोर्टल का नियमित शिक्षण किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**बेसिक शिक्षा विभाग ने अक्टूबर माह में शिक्षक संकुल की बैठकों का एजेंडा और मंथली टास्क जारी किया**

**सभी डायट प्राचार्यों और बीएसए को मंथली टास्क का निर्धारित फॉर्मेट में पालन कराने के दिए गए निर्देश**

**लक्ष्य हासिल करने के लिए समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने का भी आदेश**

**योगी सरकार ने शिक्षक संकुल के विद्यालयों को दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का रखा है लक्ष्य**

# अब त्योहारों में उपहार स्वरूप चीन का प्रोडक्ट नहीं, बल्कि यूपी का ओडीओपी दिया जाता है: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला के 45वें संस्करण का शुभारंभ किया**

**सीएम योगी ने कहा- देश से निर्यात होने वाली कालीन में 60 प्रतिशत योगदान यूपी के तीन जिलों का है**

**बोले सीएम- हस्तशिल्पी और कारीगर उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत**

9 अक्टूबर, भदोही/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के किसी देश में जाते हैं तो वहां के राष्ट्राध्यक्ष को उत्तर प्रदेश के उद्यमियों द्वारा बनाए गए परंपरगात उत्पाद भेंट करते हैं। इससे हमारे हस्तशिल्पियों का सम्मान को बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अब पर्व और त्योहारों में चीन निर्मित प्रोडक्ट नहीं, बल्कि यूपी का ओडीओपी दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के हस्तशिल्पी और कारीगर हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। एक जिला एक उत्पाद और विश्वकर्मा श्रम सम्मान की योजना ने मात्र चार वर्ष में उत्तर प्रदेश के निर्यात को ढाई सौ गुना बढ़ाने में मदद की है।

सीएम योगी ने सोमवार को कार्पेट एक्सपो मार्ट में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला के 45वें संस्करण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के अंदर



कालीन उद्योग का निर्यात लगभग 17 हजार करोड़ का है, इसमें 60 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश के तीन जनपद भदोही, मिरजापुर और वाराणसी का है। यही कारण है कि ह्यटाउन्स ऑफ एकस्पोर्ट एक्सीलेंस टेकह्ल अवार्ड भी भदोही को मिला है। सीएम योगी ने कहा कि नोएडा में आयोजित हुआ इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को प्रदर्शित करने का माध्यम बना था। यह अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला भी उत्तर प्रदेश की क्षमता को प्रदर्शित करने का दूसरा अवसर बनकर हमारे सामने आया है।

सीएम योगी ने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री मोदी के मेकिंग इंडिया और वोकल फॉर लोकर एवं लोकल फॉर ग्लोबल विजन को एक नई ऊंचाई प्रदान करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि हमारे हस्तशिल्पियों में हुनर की कमी नहीं थी, लेकिन उन्हें तकनीकि और प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा था। हमारी सरकार ने जैसे ही प्रदेश के हस्तिशिल्पियों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया तो हमारे हस्तशिल्पी वैश्विक मंच पर अपनी धाक जमाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस मेले में 68 देशों के 450 से अधिक खरीदार इसका बड़ा उदाहरण है। सीएम योगी ने कहा कि जी-20 के आयोजन के साथ उत्तर प्रदेश को जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ था। उसमें 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए थे। उसमें बिछने वाली कालीन उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 20 लाख से अधिक बुनकर हैं। डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हस्तशिल्पियों को और कारीगरों का पूरा सहयोग करेगी।

नए कालीन लेबल की हुई लॉन्चिंग कार्यक्रम में सीएम योगी ने मेला में लगी कालीनों का अवलोकन किया और बटन दबाकर नए कालीन लेबल को लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने दो बुनकर महिलाओं को शाल देकर उनका सम्मान किया। इसमें माधुरी देवी और महाजबीन शामिल थीं। माधुरी देवी नवनिर्मित संसद भवन में बिछाई गई हस्तनिर्मित कालीन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं महाजबीन ने 400 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के द्वारा आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग कर रही हैं।

### विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को दिया चेक

सीएम योगी ने कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। उन्होंने ओडीओपी के दो लाभार्थियों को टूल किट और चेक वितरित किया। यही नहीं ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत उन्होंने ने दो लाभार्थियों को दो-दो करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को दस-दस लाख रुपये का चेक वितरति किया। इसके अलावा सीएम ने अंतरराष्ट्रीय विपणन सहायता योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को क्रमशः 5 लाख 34 हजार और 2 लाख 34 हजार का चेक प्रदान किया। साथ ही ओडीओपी विपणन सहायता योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को क्रमशः 1 लाख सात हजार और 1 लाख पचास हजार का चेक दिया।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, भदोही सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गुरु गोविंद सिंह के जन्म दिवस पर दिया जाएगा गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार।

### जनपद के पात्र महानुभाव 20 अक्टूबर 2023 तक कर सकते हैं अपना आवेदन।

गौतम बुद्ध नगर 09 अक्टूबर, 2023

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने अहताएं वाले पात्र महानुभावों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म दिवस (5 जनवरी) को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पुरस्कार के तहत एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। यह पुरस्कार मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है। उन्होंने उक्त पुरस्कार के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक भारत का मूल निवासी हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किए जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो, मानवाधिकार सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो, गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न किया गया हो एवं आवेदन कर्ता के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला प्रचलित/लंबित नहीं हो और किसी भी आपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दंडित तो नहीं किया गया है का साक्ष्य भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन आगामी 20 अक्टूबर 2023 तक अपने प्रस्ताव व साक्ष्यों सहित 04 प्रतियों में कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर विकास भवन कमरा नंबर 311 में उपलब्ध कराएं ताकि आवेदक द्वारा प्राप्त प्रस्ताव जांच उपरांत शासन को अग्रसारित किए जा सकें। राकेश चौहान जिला

## ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज तथा बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ द्वितीय बैठक हुई संपन्न।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मा0 सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों के साथ द्वितीय महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रथम बैठक में राजनीतिक दलों के द्वारा दिए गए प्रस्तावों के उपरांत तैयार की गई मतदेय स्थलों के प्रस्ताव का आलेख्य प्रकाशन बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट में बैठक सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि उनके द्वारा आलेख्य के प्रकाशन सूची का अवलोकन करते हुए निर्धारित समय अवधि में अपने दावे एवं आपत्तियां जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि आपके द्वारा किए गए दावे एवं आपत्तियों के उपरांत आलेख्य प्रकाशन सूची भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय अवधि में आयोग को प्रेषित की जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता तथा सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सांसद व विधायक प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## भौतिक स्टाम्प का स्टॉक खत्म होने तक पांच हजार रुपए और इससे अधिक के ई-स्टाम्प की बिक्री पर लगी रोक।

### पांच हजार रुपए से ऊपर की बिक्री पर कोषागार से मिलेगा स्टाम्प, बैंक में जमा करनी होगी धनराशि।

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ड्5000 और इससे अधिक मूल्य के ई-स्टाम्पों पर तत्काल रोक लगाई गई है। स्टाम्प के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कलेक्ट्रेट कंपाउंड सूरजपुर शाखा में कैस चालान अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करनी होगी धनराशि। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोषागार में 1490842160 के स्टाम्प पेपर उपलब्ध हैं। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, यमुना विकास प्राधिकरण एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन व उप निबंधन को दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनवरी 2020 से स्टांप की नगद बिक्री को बंद कर दिया गया था, यह कदम ई स्टाम्प व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। जून 2023 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव वित्त सेवाएं दीपक कुमार ने आदेश जारी किया, जिसमें ड्5000 और इससे अधिक के भौतिक स्टाम्प की जानकारी मांगी गई, जिसके क्रम में मुख्य कोषागार कार्यालय प्रशासन ने सभी स्टाम्पों की जांच कराई, इसमें 1490842160 के स्टाम्पों का स्टॉक पाया गया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्5000 और इससे अधिक के ई-स्टाम्पों की बिक्री पर रोक लगा दी जाए साथ ही यह भी कहा कि जब तक भौतिक स्टांप का स्टॉक खत्म नहीं हो जाएगा तब तक ई-स्टाम्प की बिक्री नहीं होगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने यह भी बताया कि कोषागार में कैश जमा नहीं होगा ड्राफ्ट के माध्यम से कोषागार से स्टांप जारी होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, प्राप्त 127 शिकायतों में से 12 का कराया मौके पर ही निस्तारण।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विगत शनिवार को स्थानीय अवकाश होने के कारण सोमवार को जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर जनता की समस्यायों को एक-एक कर सुना व उनका निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 127 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 12 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस व अधिकतम एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आवेदक को दोबारा एक ही प्रकरण के लिए न आना पडे। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि इसका कडाई से पालन करते हुए जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर षिकायतें अवैध कब्जे, विद्युत, राजस्व, राषन, जल भराव, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी, अतिक्रमण आदि की षिकायतें प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी को कडे.निर्देष दिए कि वह मौके पर जाकर षिकायतों को पूरी गुणवत्ता के साथ



निस्तारित कराए और षिकायतकर्ता को अवगत कराए। उन्होने कहा कि षिकायतकर्ता की संस्तुष्टि ही षिकायतकर्ता का पैमाना होगी। समाधान दिवस में आए एक दिव्यांग को जिलाधिकारी ने ट्राई साइकिल देकर स्वंय अपने हाथों से सहारा देकर दो कदम उसके साथ चलकर किया उसे रवाना। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फसल अवशेष प्रबंधन प्रचार-प्रसार वाहन को किसानों में जागरूकता लाने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होने सभी किसानों से अपील की वह अपनी फसल के अपषिष्ठ पराली को किसी भी स्थिति में जलाए नही, सेटलाइट से इसकी निगरानी हो रही है, पकड में आने पर सम्बन्धित किसान के विरूद्ध कार्यवाही होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना अधिकारी, प्रभागीय निदेशक वानिकी विकास नायक, उपजिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने विषेष टीकाकरण अभियान का षुभारम्भ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा पर किया।

# जनपद न्यायालय में पेशी पर आए गैंगस्टर के कैदी ने खाया सफेद पदार्थ हालत बिगड़ी

## पुलिस ने ट्रामा सेंटर में कराया भर्ती कैदी ने जिला अस्पताल से भागने का किया था प्रयास

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला कारागार में गैंगस्टर में निरुद्धएक अपराधी ने सोमवार को जनपद न्यायालय मैं पेशी को आए कोई सफेद पदार्थ खा लिया जिससे वह जमीन पर गिरकर अचेत हो गया पुलिस उसे आनंनफानन में उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है। जहां उसका उपचार जारी है उपचार के दौरान कैदी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस और गार्ड की तत्परता के कारण वह भागने में असफल रहा थाना नगला खंगर के गांव नगला धनपाल निवासी 35 वर्षीय कन्हैया पुत्र सियाराम का एक संगठित गिरोह बताया गया है यह गिरोह चोरी के वाहन बेचकर और उस धन कम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था क्षेत्र में उसका आतंक था। जिससे लोगों में भय व्याप्त था पुलिस ने उसे 1 साल पूर्व गैंगस्टर में गिरफ्तार कर जेल भेजा था जिला कारागार में निरूद्ध इस अपराधी को पुलिस सोमवार को जनपद न्यायलय में पेशी के लिए लाई थी। तभी अचानक उसने कोई सफेद पदार्थ



मौका लगते ही खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़ा जिससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया वह उसे आनंन-फानन मैं सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां उसका उपचार शुरू कर दिया यही नहीं इस अपराधी में उपचार के दौरान भागने का प्रयास किया परंतु पुलिस और गार्ड बृजेशकी सतर्कता के कारण वह भागने में असफल रहा पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से एक पुडिया बरामद हुई जिसमें सफेद रंग का पाउडर था। जो ब्लीचिंग पाउडर बताया जा रहा है पुलिस ने घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी सूचना मिलते ही थाना उत्तर दक्षिण और रसूलपुर प्रभारी मय पुलिस बल के सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गई जहां पुलिस अभी रक्षा में उसका उपचार जारी है। वही जिला जेल में निरुद्ध एक और अपराधी जिसका नाम यूटी अमन पुत्र लक्ष्मी पंडित की तबीयत बिगड़ गई उसे भी पुलिस उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है जहां उसका भी इलाज जारी है।

# विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से दिया स्वच्छ भारत अभियान का संदेश

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन एवं स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन पर अलग- अलग स्लोगन से आम जनमानस को जागरूक संदेश प्रदान किया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन जैसे आओ फिर एक बदलाव करें, देश का कोना- कोना साफ करें, जन- जन तक यह संदेश पहुँचाना है, हमें स्वच्छता को अपनाना है, सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई, बच्चा- बच्चा करे यही पुकार, स्वच्छ और सुन्दर हो देश हमारा, खूबसूरत होगा देश हर ओर, क्योंकि हम करेंगे सफाई चारों ओर,



कदम से कदम मिलाए जा, भारत को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जा, आवाज उठाओ, गंदगी मिटाओ, जन-जन का नारा है, भारत को स्वच्छ बनाना है, स्वच्छ और स्वस्थ होगा, तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया, स्वच्छ्ता ही सेवा है, हर नागरिक का हो ये सपना, स्वच्छ हो सम्पूर्ण भारत अपना, स्वच्छ्ता ही सेवा है, गन्दगी जानलेवा है, स्वच्छ भारत है एक बड़ा अभियान, सब मिलकर करें अपना योगदान, साफ हो, सुन्दर हो, ऐसा मेरा भारत देश हो, गाँधीजी का था इरादा, देशवासी करें स्वच्छ्ता का वादा, जो स्वच्छता को नहीं अपनाएगा, वो बीमारियों का घर बन जाएगा, साथी रे, हाथ से हाथ मिलाना, गन्दगी को दूर भगाना, आदि जागरूक स्लोगन प्रदर्शित किए।

जिसमें कु संध्या, संयुक्ता, तनवी जादौन, स्नेहा बघेल, अवन्तिका शर्मा, निवेदिका, भूमि गुप्ता, रोहित राजपूत, आयुष, रितिक बघेल, शिवम, मोहन, अनुज कुशवाह, आशीष कुमार, कृष्णा, ब्रजमोहन, महेन्द्र सिंह, शुभम जादौन, मोहन, शुभम जैन, अनुराग, विकल्प शर्मा,अनीश खान, रितिक कुशवाह आदि की सहभागिता रही।

# आंखों में मिर्च झोककर बाइक लूटने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार तमंचा कारतूस दोबाइक बरामद

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना नगला सिंधी पुलिस ने आंखों में मिर्च झोककर बाइक लूटने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद की है

थाना नगला सिंधी पुलिस गस्त करते हुए वाहन चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस को सूचना मिली नगला बलिया के समीप बाइक लुटेरे खड़े हैं सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनकी घेराबंदी शुरू कर दी और चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया तलाशी लेने पर उनके पास से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस और दो बाइके बरामद



की है पुलिस ने लुटेरों के मोनू पुत्र मंगल यादव शिव पुत्र जेमेश निवासी गढी धर्मी और लकी पुत्र महिपाल मोहित पुत्र विजय सिंह निवासी नगला शिवलाल थाना नगला सिंधी बताएं हैं पुलिस ने बताया गिरफ्तार किए गए उक्त चारों लुटेरे आंखों में मिर्च झोंक कर बाइक लूटने का काम करते थे पुलिस ने बताया गिरफ्तार लुटेरा में एक लुटेरा लकी ने बताया रविवार को मोहित मोनू और शिवा ने ने बाइक सवार दो लोगों की आंखों में मिर्च झोंककर उनसे बाइक लूट ली थी। जिसका मुकदमा थाने पर दर्ज है।

# समाजवादी कार्यकताओं ने पुण्यतिथि पर याद किए कांशीराम

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जिला मुख्यालय पर सोमवार को बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प माला पहनाई और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।



इस दौरान कार्यकताओं ने कांशीराम के समर्थन में नारे भी लगाए।

सोमवार को कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कांशीराम की पुण्यतिथि सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर मनायी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यालय पर सपाइयों ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उनको याद किया। वक्ताओं ने कांशीराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के अलावा अब्दुल वाहिद, मीनाराजपूत, शादान हुसैन, देवेंद्र सिंह गुर्जर, इं. अभिषेक यादव,गौरव यादव, खुर्शीद असलम मुन्ना, कमलेश यादव, पीयूष यादव, गुलाब सिंह, वीरी सिंह प्रधान और मोहित राढौर आदि मौजूद रहे।

# युवक बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र से एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सुहाग नगर निवासी युवक कारखाने में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी बेटी भी चूड़ी का काम करती है। बहुत पड़ोस में काम करती है। वहीं पर कर्बला निवासी शीटू पुत्र जीतू भी काम करता है। वह किशोरी को ढीला फुला कर अपने साथ भगा कर ले गया।उसे भगाने में साहिल ने भी शीटू का साथ दिया। किशोरी के पिता ने उसकी काफी तलाश की। उसके बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चला। पिता ने थाने में दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पिता का कहना है युवक उसकी बेटी के साथ बिना मर्जी के बात करता था। पिता को आशंका ही युवक उसकी बेटी के साथ कुछ गलत ना कर दे। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गई है।

# क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपए गायब, मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर क्षेत्र में साइबर फ्रॉड ने युवक के क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपया निकाल लिया। युवक ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुराना रसूलपुर निवासी मोहम्मद सोहेब पुत्र शकील के फोन पर 3 अक्टूबर को एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा तुम्हारे क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अधूरी है। इसे पूरा करा लो।

फोन करने वाले ने कहा कि वह । डेस्क एप्लीकेशन लोड कर लो मैं तुम्हारी केवाईसी पूरी कर दूंगा।शोएब ने वह एप्लीकेशन अपने फोन में ऐड कर ली। फोन करने वाले ने कुछ जानकारी उसे ली। उसके बाद उसके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 46286 व एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 37626 रुपया गायब कर दिया गया। रुपए काटने से शोहेब हैरत में पड़ गया। उसने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दहेज की मांग को लेकर ससुरालयों ने विवाहिता को मारपीट कर निकाल*

फिरोजाबाद। अतिरिक्त दहेज की खातिर ससुरालयों ने विवाहिता को मारपीट कर निकाल दिया। महिला ने थाना उत्तर में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना उत्तर क्षेत्र निवासी क्षमा शुक्ला की शादी 28 नवंबर 2019 को शिवम पुत्र राधा रमन शुक्ला टीचर्स कॉलोनी महोली मथुरा के साथ हुई थी।

क्षमा का आरोप है ससुराल जन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर। उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने काफी दिन सहन करने के बाद अपने मां के वालों को घटना के बारे में बताया।

मायके वालों ने कई बार उसकी ससुराल पहुंच पंचायत कर मामले को शांत करने का प्रयास किया। ससुरारीजन अपनी आदतों से बाज नहीं आए।

उन्होंने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह अपने मायके आ गई।महिला ने ससुरालयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# स्वच्छता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है जागरुकता अभियान के अन्तर्गत सप्ताहिक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानसुार गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सप्ताहिक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था स्वच्छता के साथ-साथ जनपद फतेहपुर में समस्त विद्यालयो में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

स्वच्छता अभियान का समापन समारोह आज दिनांक 09.10.2023 दिन सोमवार का जनपद न्यायालय फतेहपुर में माध्यमिक स्कूल,उच्च माध्यमिक स्कूल एवं महाविद्यालयों के 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रतिभागी बच्चो को निर्वाचक मण्डल जिसमें अध्यक्ष श्री रणंजय कुमार वर्मा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, श्रीमती सी. इन्दुमती महोदया जिलाधिकारी फतेहपुर, श्री उदय शंकर सिंह पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, श्रीमती नित्या पाण्डेय महोदया, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, अनुराग श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक फतेहपुर, पंकज यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फतेहपुर एवं आर.एस. वर्मा. जिला सूचना अधिकारी फतेहपुर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को बेसिक स्तर, माध्यमिक स्तर व महाविद्यालय स्तर निबन्ध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के कुल 18 चयनित प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण किया गया ।

जिसमें से बेसिक स्तर पर विद्यालय का नाम के0जी0बी0वी0 हसवा से छात्रा कु0 आंचल ने प्रथम स्थान, के0जी0बी0वी0 तेलियानी से छात्रा कु0 रितांशी ने द्वितीय स्थान, यू0पी0एस0 नवाबगंज हथगॉव से कु0 ज्योती मौर्य ने तृतीय स्थान चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया। बेसिक



शिक्षा स्तर पर उच्चतर प्राथमिक विद्यालय हाफिजपुर हरकरण से अनमोल ने निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, कम्पोजिट स्कूल बरेठर खुर्द वि0ख0 खजुहा से कु0 सौम्या ने द्वितीय स्थान एवं के0जी0बी0वी0 तेलयानी फतेहपुर कु0 मंजू ने तृतीय स्थान निबन्ध प्रतियोगिता में प्राप्त किया।

माध्यमिक स्तर पर विद्यालय का नाम राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहपुर से अर्शखान ने प्रथम स्थान व महार्षि विद्यामन्दिर इण्टर कॉलेज फतेहपुर से अनुज लोधी द्वितीय स्थान एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहपुर से गौरी देवी ने तृतीय स्थान, चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया। महार्षि विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज से कृष्णा तिवारी ने प्रथम स्थान, राजकीय इण्टर कॉलेज से आर्यान्स ऋषभ वर्मा ने द्वितीय व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहपुर से सहनीज फातिमा ने तृतीय स्थान निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्राप्त किया।

महाविद्यालय स्तर पर डा0 भीम राम अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से कु0 शिवानी देवी प्रथम स्थान, ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय से अरबीना यासीन ने द्वितीय स्थान एवं डा0 भीम राव अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से अम्बर इदरीश ने चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा0 भीम राम अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय से सान्या शुक्ला ने प्रथम स्थान, ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय से सुहानी पटेल ने द्वितीय स्थान व पारूल मौर्या ने निबन्ध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के उपरान्त ही श्रीमती नित्या पाण्डेय अपर जिला जज/सचिव द्वारा बताया गया कि 2 अक्टूबर से सम्पूर्ण जिले में विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये गये है। सम्पूर्ण जनपद व तहसील स्तर व ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो तथा महाविद्यालयों द्वारा जनपद के आमजन के मध्य स्वच्छता के महत्व का प्रचार प्रसार करने हेतु एवं जागरूक किया गया।

# मुठभेड़ में पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में 5 दिन पूर्व खेत का अवैध कब्जा हटाने गई राजस्व व पुलिस टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने के पकड़े गए मुख्य आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने उसे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। थाना नारखी रामगढ़ एसओजी तथा सर्वलांस पुलिस मैं संयुक्त रूप से कार्यवाही कर शनिवार की रात मुठभेड़ में इंद्रपाल पुत्र बेणीराम को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। वह गड़ी कल्याण का रहने वाला है।

वह राजस्व विभाग पुलिस टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने के मामले में फरार चल रहा था। घटना में जगदीश पाल की मौत हो गई थी। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया था। उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। सीओ सिटी ने बताया हालत में सुधार होने पर पुलिस ने रविवार को उसे जेल भेज दिया

# चिकित्सक को जान से करने तथा अगवा करने की धमकी

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र निवासी एक चिकित्सक को फोन पर किसी ने जान से मारने तथा अगवा करने की धमकी दी। घटना की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रानी नगर निवासी कौशलेंद्र पुत्र रामकिशन चिकित्सक हैं। उन्हें उन्हें 6 अक्टूबर को किसी ने फोन पर धमकी दी। जिससे चिकित्सक दहशत में आ गए। चिकित्सक की माने तो 7 अक्टूबर को भी उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम राहुल बताया है। वह हाथरस का रहने वाला बताता है।

उसने फोन पर चिकित्सक को जान से मारने की धमकी दी। उनको धमकाया के जहां पर हो वहां से तुम्हें उठा लिया जाएगा। चिकित्सा कुछ का पता तब तक फोन करने वाले ने फोन काट दिया।

चिकित्सक ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उसका कहना है वह मरीज देखने के लिए कहीं भी आता जाता रहता है। उसके साथ कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। फोन पर मिल रही धमकी से चिकित्सक व उसके परिवरीजन काफी परेशान है।

# महिलाओं व युवतियों के सामने अश्लील गाने गाने तथा हरकतें करते दो युवक पकड़े

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में सड़क पर आते जाते महिलाओं के साथ अश्लील हरकत इन तथा अश्लील गाना गाते दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी इन हरकतों से वहां से निकलने वाली महिलाएं काफी परेशान थी। उप निरीक्षक हिरदेश कुमार हेड कांस्टेबल अजय कुमार होमगार्ड अमन शर्मा अपराधियों की तलाश में घूम रहे थे। इस दौरान जलेसर रोड चौराहा पर दो युवक वहां से निकल रही महिलाओं तथा युवतियों को देख अश्लील गाने गा रहे थे। महिलाओं तथा युवतियों को देख अश्लील हरकतें भी कर रहे थे। उनकी हरकतों से महिलाएं तथा युवतियों शर्म के कारण चेहरा नीचे कर निकल रही थी। इस दौरान पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस को देख दोनों तेज कदमों से भागने लगे। उनको भागता देख पुलिसकर्मियों ने मैं पीछा किया। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पूछे जाने पर पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम शनि पुत्र संतोष कुमार तथा आकाश पुत्र महेश बताया। दोनो ठार पूठा थाना रामगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस उनको पकड़ कर उठने ले गई।

# नवीनतम तकनीकि के माध्यम से खेती करने की उपयोगिता की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिला उद्यान अधिकारी फतेहपुर,ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) वर्ष 2023-24 योजना के अन्तर्गत 55 कृषको के एक दल चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर एवं सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर वेजीटेबल - उमर्दा, कन्नौज मयंक राज- सहायक उद्यान निरीक्षक एवं शब्बीर हुसेन - कार्य प्रभारी कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी फतेहपुर के नेतृत्व में डा० रमेश पाठक,



जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को औद्यानिक फसलों की अच्छी पैदावार करने हेतु आधुनिक संसाधनों का प्रयोग किये जाने एवं प्रक्षेत्र में नवीनतम तकनीकि के माध्यम से खेती करने की उपयोगिता की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी फतेहपुर, विजय कुमार चौरसिया, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, शब्बीर हुसेन कार्य प्रभारी, प्रगतिशील कृषक राम सनेही पटेल, शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# खेत में काम कर रही महिला को सांप ने काटा, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के बिलन्दपुर गांव के समीप खेतों में काम कर रही महिला को सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात महिला ने घर आकर अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनो ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बिलन्दपुर गांव निवासी श्री चंद साहू की 55 वर्षीय पत्नी गोमती साहू आज सुबह खेतों में काम करने गई थी। तभी काम करते समय उसको सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# सन्दिग्ध अवस्था में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर, कानपुर रेफर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के सोनवरसा गांव में एक युवक ने सन्दिग्ध अवस्था में घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोनवरसा गांव निवासी राम शरन का 25 वर्षीय पुत्र शिवदीप ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन ने घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं युवक के साथ जिला अस्पताल आए उसके भाई गजोधर ने जहर खाने की कोई वजह नहीं बताई।

# डीएम से मिले युवा,कहा बंद हो गई औद्योगिक इकाइयां

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर।सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सी इंदुमती से युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा की अगुवाई में मुलाकात किया।इस दौरान



नवांगतुक जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए जिले में बंद हो रही औद्योगिक इकाइयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर,बंद इकाइयों के कारण हुई बेरोजगारी की जानकारी दी।जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा लीगल एडवाइजर विकास श्रीवास्तव ने बताया कि चौडगरा और सौरा मे औद्योगिक क्षेत्र है जहां जनपद में कई ऐसी कंपनियां स्थापित है जो क्षेत्र के लोगों को रोजगार देती है।किंतु कुछ वर्षों से यह कंपनियां धीरे-धीरे बंद हो रही हैं जिससे यहां के लोग बेरोजगार हो गए हैं। डीएम महोदय से इन बंद औद्योगिक इकाइयों को शुरू कराकर जनपद के युवाओं को रोजगार दिलाए जाने की बात कही गई।वहीं जनपद की टूटी सड़कों की भी जानकारी दी गई।इस मौके पर नगर अध्यक्ष आफताब अहमद, शनी श्रीवास्तव,अमित सिंह गौर आदि रहे।

# परदेश कमाकर आ रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के औंग थानां क्षेत्र के गोधरौली गाँव के समीप ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त ने बाद मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थानां क्षेत्र के बसंत खेड़ा गाँव निवासी गोरे लाल का 45 वर्षीय पुत्र सुरेश जो इंदौर में नौकरी करता था वह इंदौर से वापस ट्रेन पर सवार होकर अपने गाँव आ रहा था। जब उसकी ट्रेन औंग थानां क्षेत्र के गोधरौली गाँव के समीप पहुंची तो वह ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त ने बाद मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजन जितेंद्र सिंह और भतीजा अमन ने घटना की जानकारी दिया।

# कटीले तार में फसकर बाइक सवार दो लोग घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के किशनपुर थानां क्षेत्र के एकडला गाँव के समीप बीती रात खेतो में लगे कटीले तारो में फसकर बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

# श्री सनातन रामलीला कमेटी ने श्री राम महोत्सव में श्री कृष्ण जन्म से पूर्व का प्रसंग मंचित किया

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण

रामपुर। श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वाधान में कोसी मंदिर मार्ग उत्सव पैलेस में चल रहे श्रीराम महोत्सव में प्रातः कालीन सत्र में श्री कृष्ण जन्म से पूर्व का प्रसंग मंचित किया गया। मथुरा नरेश कंस अपनी चचेरी बहन देवकी का विवाह सम्पन्न करवाकर बहनोई वसुदेव के संग स्वयं रथ का सारथि बनकर हर्षोल्लास के साथ विदा करने जा रहा हैं। मार्ग में देववाणी होती हैं कि हे कंस तू जिस बहन देवकी को इतने हर्ष के साथ विदा कर रहा है उसी बहन का आठवां पुत्र तेरा काल बनेगा। यह देववाणी सुनकर कंस अपनी तलवार उठाकर बहन देवकी को मारने के लिए अग्रसर होता है। तभी बहनोई वसुदेव उससे प्रार्थना करते हैं कि मैं तुम्हें वचन देता हूँ कि इसका आठवाँ पुत्र जो भी और जब भी उत्पन्न होगा खुशी खुशी मैं तुम्हारे सुपुर्द कर दूंगा। मेरे वचन का विश्वास करते हुए इस महिला के प्राण की रक्षा करो वैसे भी धमार्नुसार किसी स्त्री की हत्या जघन्य अपराध हैं। वहीं रात्रिकालीन सत्र में शिव पार्वती संवाद एवं नारद मोह का मंचन अत्यंत ही रोचक ढंग से मंचित किया गया। जो श्री राम जन्म के विभिन्न कारणों में से एक मुख्य कारण था। क्योंकि अपने भक्त नारद के अभिमान



को दूर करने के लिए ही भक्त वत्सल भगवान श्री विष्णु ने यह माया रची थी जिससे नारद जी का अभिमान तो दूर हो गया लेकिन इस लुका छिपी के खेल में नारद जी ने भगवान विष्णु को अगले जन्म में मनुष्य बनने का शाप दे दिया था तथा कहा कि जो वानर रूप आपने मुझे दिया हैं यही वानर आपके मनुष्य अवतार में सहायता करेंगे।

इस मौके पर विष्णु शरण अग्रवाल, वीरेन्द्र गर्ग, ईश्वर सरन, डा. अजय, विनोद गुप्ता, सुभाष चन्द्र, राजीव सरन गर्ग, मनोज अग्रवाल, शुभम सिंहल, राजेश गोयल, शलभ गोयल आदि मौजूद थे

# 11 अक्टूबर को निकलेगी बाल रामलीला की शिव बारात शोभा यात्रा कमेटी ने घोषित किया 14 दिवसीय रामलीला कार्यक्रम

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद,हरदोई । नगर की प्रसिद्ध बाल रामलीला की शिव बारात शोभा यात्रा 11 अक्टूबर को शाम 7:00 बजे गाजे बाजे और मनोरम झांकियां के साथ निकाली जाएगी। कमेटी द्वारा 14 दिवसीय रामलीला कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता के अनुसार श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक द्वारा संचालित श्री बाल रामलीला की शिव बारात शोभा यात्रा 11 अक्टूबर को शाम 7:00 बजे नगर पालिका परिषद कार्यालय के समक्ष से आरती पूजन के बाद प्रारंभ होगी। यह शोभा यात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, बालाजी मंदिर होते हुए सरदारगंज पुलिस चौकी पहुंचेगी। जहां पर शोभा यात्रा का समापन होगा। श्री गुप्त के अनुसार शोभायात्रा में भारत माता एवं बाबा भीमराव अंबेडकर की झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी ।उन्होंने बताया शिव बारात शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान करने के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्री गुप्त के अनुसार 13 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे रामलीला का शुभारंभ होगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एवं पदेन एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर और पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो मौजूद रहेंगी। मेला शुभारंभ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा तथा नारद मोह लीला का मंचन किया जाएगा। मेला अध्यक्ष ने बताया आदर्श रामलीला मंडल जलेबी गंज, बस्ती के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। 14 अक्टूबर को राम जन्म पृथ्वी पुकार, 15 अक्टूबर को मुनि आगमन, ताड़का मारीच, सुबाहु वध, 16 अक्टूबर को सीता जन्म अहिल्या उद्धार, 17 अक्टूबर को फुलवारी, धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद, 18 अक्टूबर को राम बारात शोभा यात्रा, 19 अक्टूबर को दशरथ मृत्यु, भरत चित्रकूट गमन, 20 अक्टूबर को सीता हरण, सुग्रीव मित्रता बालि वध, 21 अक्टूबर को लंका दहन, अक्षय कुमार वध, 22 अक्टूबर को विभीषण शरणागत, अंगद रावण संवाद, 23 अक्टूबर को लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, 24 अक्टूबर को मेघनाथ वध, सुलोचना सती, 25 अक्टूबर को अहिरावण एवं रावण वध, 26 अक्टूबर को भरत मिलाप को शोभा यात्रा का कार्यक्रम संपन्न होगा। मेला अध्यक्ष ने बताया रामलीला मैदान में महिलाओं और पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग बेहतर व्यवस्था की गई है।

# निरीक्षण के दौरान अद्यतन सूचनाओं के साथ उपस्थित रहें अधिकारी:-सी0डी0ओ0

समाज जागरण,बी जी मिश्र

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने अवगत कराया है कि उनके द्वारा 11 अक्टूबर 2023 को ब्लाक टड़ियावां के प्राथमिक विद्यालय मुरलीगंज, ब्लाक कार्यालय, टी0एच0आर0 प्लांट तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टड़ियावां का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने बताया इसी तरह 18 अक्टूबर 2023 को ब्लाक भरखनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मेण्डर, आर0आर0सी0 सेन्टर मुण्डेर तथा



ब्लाक भरखनी कार्यालय का निरीक्षण करेगी। सीडीओ समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि उक्त तिथियों में उनके निरीक्षण के दौरान अद्यतन सूचनाओं के साथ उपस्थित रहें।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
ऑफर 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3x5 Cm

# विद्युत विभाग ने बकायादारों के कनेक्शन काटे, पांच लाख रुपए राजस्व वसूल

## अधिशासी अभियंता ने विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

बिसौली आई एम खान। विद्युत वितरण खंड कार्यालय में संभव पोर्टल पर उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गईं। इसके अलावा विभागीय टीमों ने नगर व क्षेत्र में पांच लाख छियासी हजार रुपए की राजस्व वसूली की। टीम ने एक सौ चौदह बकाएदारों के



संयोजन विच्छेद किए। संभव पोर्टल पर अधिकतर शिकायतें बिल सम्बंधित आईं। जिनमें कई शिकायतों का अधिशासी अभियंता रामलाल ने मौके पर ही निस्तारण कराया। इस मौके पर एसडीओ रामगोपाल राठौर, मनीष यादव, जेई मियां कुरैशी, नवीन, उमेश, रोहित आदि मौजूद रहे।

# यदु शुगर मिल में आयोजित कृषक गोष्ठी में किसानों को रोगरोधी किस्मों के गन्ना बीजों के बारे में प्रशिक्षित किया

बिसौली आई एम खान। यदु शुगर मिल सुजानपुर में आयोजित गन्ना कृषक गोष्ठी में क्षेत्र किसानों को रोगरोधी किस्मों के गन्ना बीजों का इस्तेमाल करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को को0 0118, को0 15023, सीओएस



13235 आदि रोगरोधी गन्ना किस्मों की विस्तार से जानकारी दीं। इसके अलावा किसानों को फसल की बुवाई से लेकर गन्ना कटाई तक विभिन्न नवीनतम जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव सचिव सहकारी गन्ना विकास लि., महाप्रबंधक यदु शुगर मिल आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक 10 अक्टूबर को:-सीएमओ

समाज जागरण,आलोक सिंह

हरदोई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रोहताश कुमार ने बताया है कि 03 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रथम समीक्षा बैठक 10 अक्टूबर 2023 को उनकी अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय नया गांव मुबारकपुर के सभागार में आहूत की गयी है। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि उक्त बैठक में 03 से 08 अक्टूबर 2023 तक कृत कार्यवाही की रिपोर्ट आख्या के साथ अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया




जाए। विभाग की फ्लैगशिप स्कीमों से संबंधित फीडिंग विभागीय पोर्टल पर ससमय सुनिश्चित की जाए। समाज कल्याण विभाग को उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किये जायें। लापरवाही को लेकर उन्होंने विभाग से कड़ी नाराजगी जतायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रंगारंग कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अनूप कुमार मित्तल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, संस्कृति विभाग के निदेशक शिशिर और विशेष सचिव राकेश चंद्र शर्मा की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के संबंध में समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से ढेंढिया लोकनृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा नमामि रामम् नृत्य नाटिका का आयोजन हुआ। साथ ही अयोध्या शोध संस्थान की पत्रिका 'साक्षी अंक-59', लखनऊ की रामलीला विशेषांक एवं कला और संस्कृति में श्रीराम पुस्तक का विमोचन हुआ।

# विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख की ठगी

## कोर्ट के आदेश पर लिखा गया मुकदमा

समाज जागरण,संवाददाता

शाहाबाद,हरदोई। कबूतरबाजी का फर्जी व्यापार कर रहे दो लोगों ने सऊदी अरब भेजने के लिए दो लोगों से 3 लख रुपए ठग लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया है। कन्नौज के थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के ग्राम भुडहा निवासी अबरार ने बताया उन्होंने अपने बेटे तालिब तथा वाजिद खेल निवासी सलीम ने अपने बेटे को सऊदी अरब भेजने के लिए वाजिद खेल निवासी इंतजार उर्फ.शानू और लखनऊ के बालागंज के अमर गंज निवासी आफाक अहमद से बातचीत की। आरोप है उपरोक्त शानू ने पचास-पचास हजार रुपए और आफाक अहमद ने अपने खाते में एक-एक लाख रुपए जमा कराए और दोनों युवकों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर सऊदी अरब भेज दिया। जहां दोनों युवकों को पांच माह 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और बाद में वापस भारत भेज दिया गया। इंडिया वापस आने के बाद दोनों युवकों ने अपने पैसे वापस देने की मांग की तो उन्हें धमकाया गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई तब न्यायालय की शरण में जाने के लिए विवश होना पड़ा। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 7 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला दुष्कर्म के आरोपी को छोड़ने की सीओ से शिकायत

समाज जागरण संवाददाता

शाहाबाद,हरदोई । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में 7 वर्षीय बालिका के साथ खीरे के खेत में दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश आया है।आरोपी को पकड़कर पीआरबी पुलिस कोतवाली लाई लेकिन शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को छोड़ दिया गया। पीड़ित महिला ने कार्यवाही का इंतजार करने के बाद पुलिस उपाधीक्षक के सामने पेश होकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने और बालिका का डाक्टरी परीक्षण कराने की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौटिया की रहने वाली एक महिला ने पुलिस उपाधीक्षक को सामने पेश होकर रोते हुए बताया 22 अगस्त की दोपहर 3:00 बजे उसकी सात वर्षीय पौत्री सड़क पर खेल रही थी । उसी समय गांव का बबलू पुत्र रामबक्श उसकी पौत्री को पकड़कर गन्ने के खेत में ले गया जहां उसे धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे खीरे के खेत में ले गया तो वहां पर पुनः उसके साथ दुष्कर्म किया जिससे उसकी पुत्री खून से लथपथ हो गई। खून से लथपथ बालिका को छोड़कर आरोपी भाग गया। जब 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस द्वारा आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया। महिला का आरोप है कि कोतवाली से बबलू को छोड़ दिया गया और उसकी पुत्री का डाक्टरी परीक्षण भी नहीं कराया गया। सोमवार को महिला अपनी पुत्री को लेकर पुलिस उपाधीक्षक के सामने फरियाद लेकर पहुंची। पुलिस उपाधीक्षक ने शाहाबाद कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# गैर पंजीकृत क्लीनिकों व पैथालॉजी लैबो पर जल्द हो सकती है कार्यवाई

समाज जागरण संवाददाता

हरपालपुर,हरदोई। झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायतों के बाद स्वास्थ्य महकमा इनके खिलाफ अभियान चलाने की तैयारी में जुट गया है। जल्द ही झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जो भी बगैर अभिलेखों के पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय ने बताया है कि कस्बा सहित क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों व पैथालॉजी की लगातार शिकायतें मिल रही है। जो गरीबों के जीवन के साथ लगातार खिलबाड़ कर रहे हैं। इन सभी बगैर डिग्री धारक डॉक्टरों के विरुद्ध उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। छापेमारी को लेकर टीम भी बना दी गई है। श्री पांडेय ने बताया है कि






जल्द ही अभियान चलाकर छापेमारी की जाएगी। जो भी बगैर डिग्री व अभिलेखों के क्लिनिक व संचालित करते पाया जाएगा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कस्बा व क्षेत्र में पैथालॉजी की भी भरमार है। जो जांच के नाम पर मूल्य से अधिक रुपयों की धनउगाही कर रहे है। उनके विरुद्ध भी कार्यवाई होगी। आपको बता दें कि बेड़ीजोर,चौंसार व कस्बे के अंदर अप्रशिक्षित डॉक्टर बड़े पैमाने पर क्लिनिकों को संचालित कर रहे है। इनके पास न कोई डिग्री है और न ही कोई योग्यता। उसके बाद भी कार्यवाई के नाम पर स्वास्थ्य महकमे सिर्फ खानापूर्ति करके इन्हें छूट दे रहा था। लेकिन इस बार स्वास्थ्य महकमा इन अप्रशक्षित डॉक्टरों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई करने के मूड में नजर आ रहा है।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय ने बताया है कि छापेमारी के दौरान गलत पाए जाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा नही जाएगा।

# राशन कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

दैनिक समाज जागरण

चंदौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन भेज कर मांग की की सभी राशन कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की पदाधिकारी तहसील पहुंचे जहां पर उप जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है जन सेवा केंद्र पर जिस राशन कार्ड के 6 से अधिक यूनिट हैं उन्हीं का आयुष्मान कार्ड बन रहा है सरकार की इस नीति से छोटा परिवार सुखी परिवार पर अमल करने वाले परेशान हैं जनता में यह संदेश जा रहा है की बड़ा परिवार से ही सरकारी लाभ मिल सकता है दूसरा सरकार के निर्देश अनुसार जिनकी उम्र 60 वर्ष से



अधिक है उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाए लेकिन सरकार द्वारा अभी तक इसकी कोई साइड अपलोड नहीं की गई और जन सेवा केंद्र इसको बनाने से मना कर रहा है इससे जनता में आक्रोश है अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इसका विरोध करता है व्यापार मंडल ने मांग करते हुए कहा कि जिन लोगों के दो यूनिट से लेकर 6 यूनिट तक राशन कार्ड बने हुए हैं सबसे पहले उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं जिससे छोटा परिवार सुखी परिवार व परिवार नियोजन वालों को इसका लाभ मिल सके और 60 वर्ष वालों को प्राथमिकता दी जाए जिससे सरकार के प्रति जनता एवं व्यापारियों में विश्वास पड़ेगा बढ़ेगा ज्ञापन सौंपने वाले में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी अनुज वार्ष्णेय सुभाष पाल मोहम्मद मुजीब आदि व्यापारी शामिल रहे

# बहुत ही अद्भुत रहा विराट कवि सम्मेलन

## शांतनपुरी के श्रोताओं ने जमकर लिया आनंद, वरिष्ठ कवि ने बहाई काव्य रस की पावन गंगा

समाज जागरण,सावन सैनी

सांडी,हरदोई ।नगर में साहित्य की मंच पर अनुपम काव्य की धारा बहाई गई विस्तृत रूप में आपको बताना है कि नारायण शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति एनजीओ के आयोजन में एक प्रथम विराट कवि सम्मेलन का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित विश्वास गेस्ट हाउस में किया गया मुख्य अतिथि के रूप में सांसद हरदोई का आगमन हुआ उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने पहुंचकर सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि सांसद हरदोई एवं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कार्यक्रम के संरक्षक दिनेश चंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ कराया कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रारंभिक मंच संचालक राम किशोर मस्ताना रहे देश के जाने-माने कवियों में मां शारदा के वरद पुत्र राष्ट्रीय कवि वेद व्रत बाजपेई ने अपने काव्य पाठ से उपस्थित श्रोताओं में जान फूंक दी उन्होंने मंच पर उपस्थित सभी कवियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया व्यंग कार अनिल अनिकेत ने पढ़ा रवायत इश्क की बदल गई है यारों,, जिसे जलील होना हो वह मोहब्बत कर ले, आरबी शर्मा पागल की पंक्तियां बकरा मुर्गी और ना सोयाबीन दिखाई देता है, तुमको केवल गायों में प्रोटीन दिखाई देता है सुन कर श्रोता तालियां बजाने पर मजबूर हो गए हास्य कवि संयोजक राम किशोर मस्ताना ने जब पढ़ा,, पत्नी ने कहा काश तुम अदरक होते लेके सिलबट्टा हम तुम्हें कूट डालते,, तो हास्य रस की फुहार में



सारे श्रोता विहबल हो गए जनपद सीतापुर से आए ओज के कवि देवेंद्र कश्यप निडर ने पढ़ा ,,जो फूल खिला है बगिया में हुआ भी एक दिन

**तुम्हारे प्रेम का हर क्षण हमारा भाग्य बन जाए,**
**तुम्हारे हर कदम का चिन्ह मेरा त्याग बन जाए।।**

मुरझाएगा, जो जो आया है दुनिया में वह भी दुनिया से जाएगा, यह समय चक्र चलता रहता जो कभी नहीं रुकने वाला, यह दौर तुम्हारा है लेकिन फिरदौर हमारा आएगा।।

नवोदित कवि हर्षित श्रीवास्तव ने जब अपनी रचना हमारी मां के हाथों का हमारे सिर पर पहरा है, पिता जब साथ में हो तो फिर यह जीवन सुनहरा है,,पढ़ी तो पूरा सदन वह भाई से गूंज उठा सीतापुर से रोहित विश्वकर्मा ने पढ़ा,, दूर तक मार की राइफल हो रही है, देवरों की निगाहें का चल हो रही है, अब मोबाइल में आज के दौर में, भाभियां खूब वायरल हो रही है, सीतापुर से आई हुई कवियत्री पिंकी अरविंद प्रजापति ने,, दर्द से दो-चार होना चाहती हूं, झील सी आंखें भिगोना चाहती हूं, जा रहे हो आज तुम तो छोड़ के, मैं लिपट कर आज रोना चाहती हूं।। हरदोई की कवित्री स्वाति कुशवाहा ने पढ़ा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार बैरिस्टर सिंह यादव ने ,,भारत माता ग्राम बासनी, वसुंधरा तरुतल निवासिनी ,,पढ़कर कार्यक्रम की पूर्ण आहुति की सभी आए हुए अतिथियों एवं कवियों को व्यवसाई

एवं पत्रकार शोएब खान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया सांसद ने सभी कवियों को शील्ड देकर हौसला बढ़ाया अंग वस्त्र और शील्ड समाजसेवी अनिल गुप्ता के सौजन्य से उपलब्ध रहीं एनजीओ के द्वारा सभी को सम्मान पत्र दिया गया और सभी का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम के अंत तक संजय सांवरा ने सफल संचालन किया।। मंडल संयोजक भारतीय जनता पार्टी रंल्ल्रि नगर पंडित श्याम जी शर्मा ने कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण सफल भूमिका निभाई बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपने साथियों के साथ इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्रा एवं कार्यक्रम को सुर्खियों में लाने के लिए पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।।

# अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में क्या है खास

राम कथा संग्रहालय में प्राचीन और दुर्लभ मूर्तियों और महत्वपूर्ण पुरावशेष संग्रहित हैं. इनकी संख्या करीब 1000 है. गुप्त और शुंग काल की मूर्तियां और बलुआ पत्थर की प्राचीन मूर्तियां भी यहां रखी हैं। ये मूर्तियां करीब 300-350 साल पहले की बतायी जाती हैं। वहीं अलग-अलग समय के कई प्राचीन सिक्के भी यहाँ संकलित हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण पांडुलिपियां हैं। वहीं सोने और चांदी की कई मूर्तियां भी यहां हैं। इसके अलावा लव और कुश की प्राचीन मूर्तियां भी यहां मौजूद हैं। संग्रहालय में राम मंदिर स्थल की खुदाई से प्राप्त कई महत्वपूर्ण अवशेष भी हैं। साथ ही साथ गुमनामी बाबा से जुड़ी कई वस्तुएं भी यहां रखी गयी हैं। इसके अलावा तकरीबन 1000 किताबों का संकलन भी यहां है। वहीं आर्ट गैलरी में दुनिया भर में श्रीराम से जुड़े कई महत्वपूर्ण वस्तुओं को भी प्रदर्शित किया गया है। पहले अयोध्या के तुलसी स्मारक भवन में इस संग्रहालय की स्थापना की गयी थी। बाद में सरयू तट पर अलग से भवन बना कर इसे स्थानांतरित किया गया जो करीब 13 करोड़ रुपए से तैयार किया गया है। लगभग 2.8 एकड़ क्षेत्र में निर्मित अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय को श्रीराम ट्रस्ट को सौंपने के बाद उन पुरावशेषों को भी इसमें शामिल किया गया है, जो राम जन्मभूमि पर खुदाई के दौरान मिली हैं। श्रीराम से जुड़े प्राचीन और दुर्लभ साक्ष्यों और वस्तुओं को अब लोग एक ही जगह पर देख पाएंगे।

# मिश्रित दूध का सैंपल संग्रहित कर भेजा गया प्रयोगशाला

समाज जागरण,आलोक सिंह

हरदोई। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न शिकायतों के क्रम में सतीश कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व एवं निर्देशन में मदर दूध डेयरी संडीला से मिश्रित दूध का एक सैंपल, अभिषेक डेरी संडीला से मिश्रित दूध



का एक सैंपल, अनुज डेरी से मिश्रित दूध का एक सैंपल एवम चौधरी डेरी संडीला से मिश्रित दूध का एक सैंपल संग्रहित किए गए । इस तरह कुल 4 सैंपल संग्रहित किए गए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा कुशवाहा, खुशीराम, अनिरुद्ध गंगवार सुभाष मौर्य उपस्थित रहे।

# पुत्री को परेशान करने के आरोप में मारपीट,तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण ,कमलेश कुमार

मल्लावां,हरदोई ।कोतवाली क्षेत्र के हीरालाल पुरवा मजरा पूरनमऊ निवासी सरोज कुमार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि 11 अगस्त को सुबह करीब दिन में 12 बजे ससुराल के संदीप, विमलेश, बृज किशोर सर्व निवासीगण खौसा पुरवा, मजरा मकनपुर बिल्हौर, पश्चिमी कमिश्नरेट कानपुर नगर से आए कहां मेरी लड़की रिंकी को ज्यादा परेशान करके और मारने पीटने लगे ।जिससे चोटे आई हैं। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के आरोप में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

मल्लावां,हरदोई ।ग्राम माझिया जाफरपुर निवासी गीता देवी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र कहा कि 19 अगस्त को दिन में 4 बजे ममता उसकी दोनो लड़की सुशीला व पोलू गाली गलौज करके मारपीट करने लगी । जिससे चोटे आई हैं।शोर मचाया तो गांव के लोग आ गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बुद्धिमान व्यक्ति पहले कदम से ही लक्ष्य पर नजरें टिकाए रखता है - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**एएसआईएससी के प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स मीट के विजेताओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने एएसआईएससी प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स मीट के विजेताओं को सम्मानित किया।प्रदेश स्तरीय खेल का आयोजन सेंटजॉन्स एकेडमी,करछना, प्रयागराज में 8 से 10 सितंबर को आयोजित किया गया था।एथलेटिक्स मीट में ब्वॉयज अंडर 14 ग्रुप में चैंपियन ट्राफी सेंटजॉन्स,स्कूल, सिद्दीकपुर को मिला। दो सौ एवं चार सौ मीटर में अंश यादव को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।अंश यादव को ही लंबी कूद एवं 4.100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक मिला।भाला फेंक में आर्यन कौल को एवं डिस्कस थ्रो में अंकित गौतम को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। 80 मीटर बाधा दौड़ में आयुष मिश्रा ने स्वर्ण पदक जीता। 800 एवं



1500 मीटर दौड़ में कुनाल सिंह एवं 400 मीटर दौड़ में अमन बिंद ने रजत पदक जीता। राष्ट्रीय-स्तर पर चयनित खिलाड़ी नेशनल एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे जिसका आयोजन 27 से 30 अक्टूबर के बीच बेंगलुरू, कर्नाटक में आयोजित किया जाएगा।विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी का चयन एएसआईएससी स्टेट लेवल कोच के रूप में की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता खिलाड़ियों एवं विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी को सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए फादर ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति पहले कदम से ही लक्ष्य पर नजरें टिकाए रखता है।सतत परिश्रम एवं अर्जुन के समान लक्ष्य पर नजरें टिकाने वाले को ही सफलता का स्वाद चखने को मिलता है।फादर ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दिया और कठोर परिश्रम करने की सीख दी।

# संगीतमय हनुमत कथा सुनकर श्रोतागण हुऐ भाव—विभोर

***ज्ञान व वैराग्य से नहीं, प्रेम से प्रगट होंगे भगवान : आचार्य रामचन्द्र***

***ज्योति की भक्तिमय प्रस्तुति से, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा पण्डाल***

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम में चल रहे संगीतमय श्री हनुमत कथा के तीसरे दिन चित्रकूट धाम तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी कथा वाचक आचार्य रामचंद्र दास महाराज ने सीताराम हनुमान, सीताराम हनुमान कीर्तन कहते हुए कहा कि यह कीर्तन हनुमान जी को अत्यंत पसंद है, क्योंकि इसमें यह भाव आता है कि हनुमान जी सीताराम के हैं। सीताराम जी हमारे ह्रदय में हैं। इसी के साथ पंडाल जयकारे से गूंज उठा। महाराज जी ने कथा प्रसंग में चौपाई से वर्णन करते हुए कहा कि जय जय हनुमान गोसाईं कृपा करहूं गुरुदेव की नाही हनुमान जी से प्रार्थना कीजिये कि एक गुरू की भांति हम पर कृपा करें। भक्तों को सीख दी की ज्ञान, वैराग्य से नहीं, बल्कि भगवान प्रेम से प्रकट होते हैं। परमात्मा के प्रति श्रद्धा भक्ति विश्वास प्रेम समर्पण भाव जीवन में रखना चाहिए। सुखमय जीवन के लिए जीवन में कोई विवाद न करो, बल्कि हनुमान के चरणों में बैठकर श्रीराम नाम का जप सकीर्तन करो। जब जीवन में कोई रास्ता न मिले तो भगवान का नाम गाओ। रास्ता मंजिल अपने आप मिल जाएगा। ईश्वर की पहली भक्ति संत सत्संग। भगवान शिव भी हनुमान की तरह ही श्रीराम भक्त बनना चाहते हैं। जब समुद्र



मंथन से जब हलाहल निकला तो शिवजी ने उसे धारण कर कंठ में ही रोक लिया। कंठ नीला पड़ गया। पार्वती जी ने कहा कि हलाहाल कंठ में क्यों रोक लिये स्वामी? शिव जी ने कहा कि क्योंकि मेरे ह्रदय में तो श्रीराम हैं। मुझे भी हनुमान बनना है। इसी के साथ ही पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। एक स्त्री के हरण पर हनुमान जी पूरी लंका जला दी और जब भरी सभा में दुर्योधन ने एक स्त्री का अपमान किया तो महाभारत हो गया। अन्त में भोजपुरी गायक रविंद्र सिंह ज्योति के देवी, पचरा, गीतों की भक्तिमय प्रस्तुति से कथा पंडाल में हजारों की संख्या में मौजूद भक्तजन भाव–विभोर हो गये। माता रानी के पचरा गीतों एवं हनुमान जी के भजन से कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। भक्तों ने तालियों की गड़गड़ाहट से अपनी सहमति प्रकट किया। कथा के दौरान प्रयागराज से पधारे अभिरामाचार्य जी महाराज, नगर के बड़े हनुमान मंदिर से रामरतन दास महाराज भी उपस्थित रहे। मां शीतला कार्यसमिति अध्यक्ष व आयोजनकर्ता विनय त्रिपाठी ने समस्त आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर एमएलसी विद्या सागर सोनकर, कोषाध्यक्ष संजय माली, महामंत्री अनिल सोनकर, अमरदेव श्रीमाली, आनन्द त्रिपाठी, पप्पू त्रिपाठी, लड्डू त्रिपाठी, गुड्डू त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, राधारमण तिवारी, आदर्श उपाध्याय, बसंत श्रीमाली, विनय गिरी, अजय यादव, प्रमोद मोदनवाल, सुरेंद्र श्रीमाली सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत फॉल्ट को सुधार रहे संविदाकर्मी का करेंट से हुई मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाचार जागरण**

सिकरारा, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में खराब विद्युत फाल्ट को सुधार रहे संविदाकर्मी की अचानक विद्युत सप्लाई आ जाने से चपेट में आने से कर्मी की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शट डाउन लेने के बाद भी अचानक बिजली की आपूर्ति आ जानें से मौत हुई है। नाराज परिजनों ने सिकरारा- बरईपार मार्ग पर शव रखकर जाम कर दिया। लगभग एक घंटे बाद थानाध्यक्ष द्वारा मुकदमा दर्ज कराने के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी पंकज उपाध्याय (34) विद्युत उपकेंद्र सिकरारा पर संविदा कर्मी पर तैनात थे। शाहपुर फीडर के फाल्ट को बनाने की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। लोगों ने बताया कि सोमवार को सुबह साढ़े 8 बजे के करीब सेमरी गांव में 11 हजार की



तार में फाल्ट की सूचना ग्रामीणों ने पंकज को दिया। सूचना पर फाल्ट सही करने पंकज मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने बताया कि पंकज फाल्ट सही करने के लिए शट डाउन लेकर खम्भे पर चढ़ कर सही कर रहे थे तभी विद्युत आपूर्ति आ गई। आपूर्ति आते ही पंकज धू- धुकर जलकर खम्भे से नीचे जमीन पर गिर पड़े। लोगों की मानें तो पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर शव सिकरारा- बरईपार मार्ग पर रखकर बैठ गये। इस दौरान वहां भारी भीड़ लोगों की इकठ्ठा हो गई। पंकज मां–बाप का इकलौता पुत्र था। उसी की कमाई से परिवार की आजीविका चलता था। पंकज की 3 बेटियां व 1 छोटा पुत्र है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

# भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के समूह गान प्रतियोगिता में बी आर पी, महावीर व डी बी एस ने जीते पुरस्कार

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पांडेय के नेतृत्व तथा रतन शर्मा के सहयोग से भव्य समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन टीडीपीजी कालेज के हाल में हुआ। प्रतियोगिता में डीबीएस इंटर कॉलेज, ऋषिकुल अकेडमी, एसबीएस पब्लिक स्कूल, एलाफ्ट डेल सेनियर स्कूल, महावीर कॉन्वेन्ट स्कूल, सरस्वती बाल मन्दिर, बीआरपी इंटर कॉलेज, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आयुक्त चित्रकूट और पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश सिंह रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक सदर एसपी उपाध्याय ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुये दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके पश्चात महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने वन्दे मातरम गीत गाया। संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पांडेय ने समूह गान के विषय में बताते हुये शौर्य शाखा द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यक्रमों के विषय में चर्चा किया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि शौर्य शाखा के गठन में 70 सदस्यों का एक साथ शपथ ग्रहण एक ऐतिहासिक काम है। उपस्थित लोगों से भी निवेदन किया कि समाज



के प्रति जागरूक रहें। प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख राजेश सोनी, जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव तथा प्रकल्प प्रमुख सुजीत यादव ने संस्थाध्यक्ष डा. संदीप को बधाई देते हुए उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित सूर्य प्रकाश मिश्र, डा. सोनाली विश्नोई एवं डा. प्रीती उपाध्याय ने प्रतिस्पर्धा के पश्चात निर्णय घोषित किया जिसमें बीआरपी इंटर कॉलेज को प्रथम, महावीर कॉन्वेंट को द्वितीय, डीबीएस इंटर कॉलेज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने सभी अव्वल बच्चों को शील्ड व प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र दिया। इस अवसर पर संगीत अध्यापक जुबेर खान, मंजू देवी, प्रीती, रवि पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अवधेश गिरी, अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, जनार्दन पांडेय, जयशंकर सिंह, आनंद अ स्थाना, श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू, जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, संदीप चौधरी, सावित्री सिंह, आनन्द सिंह, मीरा अग्रहरि, मीनू श्रीवास्तव, राजेश कुमार, प्रमोद माली, प्रशांत सिंह, सुनील सिंह, अम्बरेश पाठक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय व ज्योति श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम संयोजक रतन शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ता,पत्रकार विश्वंभर दुबे को उनके प्रथम पुण्यतिथि पर किया याद

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद-यूसुफपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के प्रांगण में रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में तहसील के शासकीय अधिवक्ता व सहकारी नेता स्व० विश्वम्भर दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

उ०प्र० सरकार के पूर्व मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ला ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी कहा करते थे कि मनुष्य की पहचान उसके सिंहासन या उसके धन संपदा से नहीं होती है बल्कि उसके मन से होती है। मन का विचार ही है जो समाज के लोगो के लिए प्रेरणास्रोत होता है। स्वर्गीय दुबे जी भी इसी विचार के थे। उन्होंने व्यवहार के आगे धन को महत्व नहीं दिया। हमारी संस्कृति कहती है कि मनुष्य शरीर छोड़ता है लेकिन उसकी आत्मा नहीं मरती है। जैसे ऊर्जा को नष्ट नहीं होती वैसे ही आत्मा अविनाशी है। यह देश ऋषि परंपरा का है जहाँ उच्च विचार और नैतिक मूल्यों का आदर किया जाता है। यहां दानव को मानव और मानव को देवता बनने का अवसर प्राप्त होता है।भारत में पितरों की पूजा होती है क्योंकि उनके नैतिक मूल्यों और विचारों को आगे बढ़ा सके।आज हम लोग स्व०विश्वम्भर दुबे जैसी



महान शख्सियत के विचारों को समाज में प्रसारित कर सकें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इफको निदेशक सहकारी नेता विजय शंकर राय ने कहा कि मैं दुबे जी को बचपन से जानता था। वे सभी को साथ लेकर चलते थे और सभी दल एवं वर्ग में लोकप्रिय थे। वह सभी का बिना भेदभाव सहायता करते थे। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो मे वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र राय,डा.अविनाश प्रधान,दिनेश वर्मा,प्रमोद राय,शंभू सिंह अकेला, जिला पंचायत सदस्य फेकू सिंह यादव,अनिल कुमार राय,नरसिंह यादव,महेश कुशवाहा,डा०अशोक तिवारी,शशांक राय,कृष्णानंद राय, डीसीबी निदेशक रविन्द्र नाथ राय,कृपाशंकर राय,ओमप्रकाश उपाध्याय, रविकांत उपाध्याय,डा० ओमप्रकाश गिरी,जितेन्द्र राय,रामजी गिरी,राजेन्द्र यादव,अजय पांडेय,विनोद राय,कृष्णाकांत राय आदि लोग प्रमुख थे। आरम्भ में आगन्तुकों का स्वागत नारायण तिवारी व यूसुफपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष आनन्द कुमार त्रिपाठी ने आभार प्रकट किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्यारे लाल अग्रवाल एवं संचालन राज किशोर अग्रवाल ने किया।

# साहू कल्याण समिति ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

***शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : संगम लाल गुप्ता***

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। साहू कल्याण समिति (साहू क्लब) जौनपुर ने साहू धर्मशाला सभागार में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के उच्च अंक प्राप्त करने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए 28वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जहां राज्यपाल से सम्मानित गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान साहू, कांस्य पदक विजेता सोनाली गुप्ता सहित जौनपुर के नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित जौनपुर, मुंगराबादशाहपुर, केराकत, बदलापुर, शाहगंज, मड़ियाहूं के सभासदों सहित विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित किया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता, संस्थाध्यक्ष अनिल गुप्त, मुख्य वक्ता डा. डीसी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप गुप्ता, डॉ सार्थक, डा. अंकला गुप्ता, कवि अरविन्द साहू, राधेश्याम गुप्ता, स्वागताध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, सतीश चन्द्र गुप्ता, सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, अरविंद बैंकर, राजेश गुप्ता पत्रकार आदि ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि सभी शिक्षार्थियों को पूरी लगन एवं कर्मठता के साथ शिक्षा अर्जन करना चाहीये, क्योंकि शिक्षा ही हर प्रकार के ताले की चाबी है, बिना शिक्षा के समाज का विकास नहीं हो सकता। मुख्य वक्ता डा. डीसी गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष तैलिय महासभा उत्तर प्रदेश ने जौनपुर में साहू समाज के राजनीतिक शून्यता पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि साहू समाज की भारी संख्या के बावजूद जनपद में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की संख्या अत्यंत कम है जिस पर विचार करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में साहू कल्याण समिति ने समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले समाजसेवियों राजेश कुमार दिव्यांग



एवं असहाय सेवा, दिलीप तिवारी को-विड में मिशन जिंदगी अभियान, गौरव भगत रक्तदान एवं गो सेवा, लायंस क्लब गोमती जौनपुर द्वारा रामघाट पर बैठने की उचित व्यवस्था, रोटरी क्लब जौनपुर द्वारा गोलोक वासियों के दाह संस्कार के लिए रामघाट पर सेड का निर्माण आदि को सम्मानित किया। संतोष प्रकाश साहू ने भारत में आजादी के पूर्व से स्वतंत्रता आंदोलन में प्रयुक्त झण्डे के इतिहास के बारे में रचित अनुस्मारिका का विमोचन किया। रायबरेली की प्रसिद्ध गायिका एंजेल साहू ने विभिन्न मधुर गीतों से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। अंत में संस्था के सदस्यों ने सभी अतिथियों सहित तमाम प्रमुख लोगों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। वहीं डॉ चंद्रसेन गुप्ता, नन्हकऊ गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, तेज बहादुर गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष शिव गोविंद साहू, गांधी रमेश साहू रायबरेली, महेंद्र साहू खुटहन आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। अन्त में महामंत्री संजय गुप्ता एडवोकेट वं कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन, सोमेश्वर केसरवानी, नीरज महाराज, दुर्गा प्रसाद साहू, जगदीश साहू, लालजी गुप्ता, राम नारायण साहू मछलीशहर, चंद्रसेन गुप्ता, रामाश्रय साहू, संजीव साहू, श्याम मोहन अग्रवाल, ब्रह्मेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, दिलीप शुक्ला, योगेश, सिद्धार्थ, अर्पित, घनश्याम साहू, जय प्रकाश गुप्त मानी कला, सुधांशु गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, पवन साहू, प्रदीप साहू, जियाराम साहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में पिछली बैठक में दिये गए निदेर्शो की समीक्षा कर सभी अधिकारियों को लक्ष्यों को पूर्ण करने के दिये गए निर्देश

उरई(जालौन)। सांसद/राज्यमंत्री लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग भारत सरकार श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा जी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि जो निमार्णाधीन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है ऐसी सभी परियोजनाओं को संबंधित विभाग को हैण्डओवर करते हुये जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन कराना सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद की समस्त सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त कर आख्या उपलब्ध कराये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत विभाग की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को दरकिनार करने वाले तथा उनके समाधान में जानबूझ कर व्यवधान डालने वाले विद्युत कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतवानी दी, साथ ही निर्देशित किया कि अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये। उन्होने खराब ट्रांसफार्मर को समयाबद्धि में ठीक करने का कार्य त्वरित रूप से किया जाये तथा इसके लिये पर्याप्त अग्रिम व्यवस्था भी रखी जाये, उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने एवं उन्हे अकारण परेशान करने तथा भ्रष्टाचार की शिकायत पर ऐसे कार्मिक बख्से नही जायेगे। उन्होने ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,



प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वस्थ भारत मिशन, ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड आदि बिंदुओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं जो धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराएं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी-अपनी विभाग की कार्ययोजना बनाते समय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव व प्रस्ताव अवश्य सम्मलित किये जाये। मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने बैठक में सभी जनप्रतिनिधि गणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि माननीय जनप्रतिनिधि गणों द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश व सुझाव का अनुपालन करते हुए संबंधित अधिकारियों से समय गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुवेर्दी, माननीय जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चैहान, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एन0डी0 शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, उपायुक्त श्रम रोजगार अवधेश दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -कर्मवीर सत्यदेव सिंह द्वारा स्थापित डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी गाजीपुर के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। उनके द्वारा प्राकृतिक, भौगोलिक संरचना के अवलोकन हेतु विन्ध्य श्रेणी में स्थित पहाड़ियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के चट्टानों से निर्मित पहाड़ियां, भ्रंश, ग्रीवाखंड झील, कगार आदि का निरीक्षण किया गया।

भूगोल विभाग के शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ पहाड़ियों, नदियों, वनों से



होते हुए सर्वप्रथम माता वैष्णो देवी (डाला, सोनभद्र) का दिव्य दर्शन से हुआ। वहां स्थित सीमेंट फैक्ट्री को देखा। इसके उपरांत मारकुंडी स्थित पहाड़ियों का अवलोकन किया जिसमें जलप्रपात, परतदार चट्टान व क्षैतिज संस्तर तलों का निरीक्षण किया । तत्पश्चात फासिल्स पार्क में स्थित जीवावशेष को देखा। भ्रमण के क्रम में पहाड़ी पर स्थित पंचमुखी महादेव का दर्शन किया। भूगोल विभाग के शिक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा भूगोल के विद्यार्थियों को प्राकृतिक भू आकृतियों देखने का अवसर मिला।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भूगोल विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को देखने का अवसर मिलता है। यह शैक्षिक भ्रमण उनके पाठ्यक्रम में निर्धारित है। महाविद्यालय का यह प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कक्षाध्ययन के साथ-साथ अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जा सके।

# बी एड के प्रवेश को डॉक्टर सानंद सिंह ने नौकरी और रोजगार से जोड़ा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर-सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर जनपद का सर्वोत्तम उच्च शिक्षा का संस्थान है 'जहां बी एड का प्रवेश सबसे ज्यादा होता है 'और सबसे पहले सीट भर जाती हैं ' छात्र-छात्राओं का पहला पसंद है सत्यदेव डिग्री कॉलेज। इस बार डॉक्टर सानंद सिंह ने सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर से बीएड करने वाले छात्रों को एक बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज से पढ़ने वाले मेधावी छात्रों को₹10000 से ₹25000 तक की नौकरी हमारी संस्था अपने प्रयास से देगी या किसी बड़े फर्म या संस्थान से दिलवाएगी। इस समाचार की घोषणा से सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर और जनपद के सभी विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ गया है। इस संबंध में निर्णय लेने के लिए या बात करने के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर हेल्पलाइन के रूप में दिए जा रहे हैं। कृपया इस योजना में तत्काल शामिल होकर बीएड प्रवेश सुनिश्चित करें। 7704 905303 7704905302



# साहब हमें तो दलदल में चलने की आदत है

***साहब हमारी सुनता कौन***

***नगर पालिका अनदेखी से दलदल में भटकने पर लोग मजबूर ऑफिसर कॉलोनी के पास सुशील नगर के ग्रामीण***

उरई (जालौन) - अगर देखा जाए रास्ते व नाली को लेकर गाँव व कस्बे में समस्याएँ का होना स्वाभाविक है लेकिन यही समस्याएँ जब नगरपालिका में होने लग जाये तो इसे सिर्फ महज अनदेखी ही नही कहा जा सकता हालांकि इस बात को असल मायनों में देखा जाये तो जनपद का मुख्यालय उरई को माना गया है कप्तान ऑफिस , डीएम कार्यालय , न जाने कितने उच्चाधिकारी से लेकर राजनेता भी अपनी राजनीति की शुरू इसी मुख्यालय से करते है लेकिन तो वहीं एक बड़ी बात यह भी है कि दूर दराज , क्षेत्रीय , ग्रामीणांचल से आये लोगों ने निवास बनाकर एक अच्छा खासा नगर पालिका घोषित कर दिया व उरई का विस्तार दिन दूना रात चौगना बढ़ता ही गया लेकिन मुख्य बात है भी है कि उरई ने विस्तार तो बढ़ा दिया मॉडल सिटी , कालोनियों व हवेलियाँ खड़ी होने से नगरपालिका में चार चांद लग गये लेकिन इस नगरपालिका के अन्तर्गत अभी भी उरई के सुशील नगर के ऑफिसर कॉलोनी बारह नंबर ट्यूवेल के आस पास व जालौन बाईपास अन्य दर्जनों भर मुहल्ले ऐसे है जहाँ पानी के निकास में नाली नही तो बरसात के समय रास्ता नही इन समस्याओं में जूझ रहे लोगों को एक गम्भीर मुसीबत से गुजरना पड़ रहा है तो वहीं गली मुहल्ले में निवास कर रहे लोगों को नगरपालिका की रहनुमायी का इंतजार है कि इस मुसीबत नाम की समस्या का समाधान कब होगा । यह समस्या विधायक गौरी शंकर बर्मा के आवास से 500 मीटर दूरी पर है



# उरई शहर के मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल के पास हुआ पानी पानी

उरई जालौन जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई के मोहल्ला सुशील नगर मे वर्षात ने खोली पोल भारी वारिस होने से मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल एवं जालौन चुंगी रोड से मेहर बाबा एवं मबई रोड के आस पास लोगो के घरों मे घुसा वारिस का पानी और जालौन बारह नम्बर टूबबैल एवं मबई रोड एवं चुंगी रोड की सड़क पर पानी ही पानी भरा दिखाई दे रहा जहा पर नगर पालिका द्वारा ना तो कोई सड़क एवं नाली नहीं बनाई जाती ना नाला की सफाई की जाती और न ही टूटी नाली खडंजा सही कराये गए यही हाल पूरे मोहल्ले का है चारो तरफ पानी ही पानी भरा दिखाई दे रहा जहा लोगो को निकलना मुश्किल हो रहा दो फुट गहरे गड्डो से मोहल्ला वासियों को निकलना पड़ रहा आम जन जीवन अस्त व्यस्त है देवेंद्र कुमार कुशवाहा, लल्लू राम गुप्ता,पवन सविता, लक्ष्मण विश्वकर्मा, राजेश धर्मेन्द्र, देवेंद्र दीपक सिंह राहुल सिंह, वीनू महाराज, सतेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोगो ने जिला प्रशासन से मांग की कि मोहल्ला सुशील नगर बारह नम्बर टूबबैल एवं मबई रोड पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य किया जाये तथा नाला की सफाई व सुशील नगर मे टूटी पड़ी नाली खडंजा सही कराने की मांग की।



# कानपुर में इंस्पेक्टर देवेंद्र की वजह से जेल की हवा खा रहा बच्चों को शिकार बनाने वाला वासना का पुजारी

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां की गोविंदनगर निष्पक्षता पारदर्शिता पूर्ण प्रभावी कार्यवाही ने देश के भविष्य बच्चों के लिए राक्षस जैसे साबित होने वाले एक ऐसे कुकर्मी को जेल भेजा है , जो कि एक आध नहीं बल्कि और भी जाने कितने बच्चों किशोरों को अपना शिकार बन चुका है। इसीलिए पुलिस द्वारा छानबीन से आरोपों की पुष्टि के बाद उसे जेल का रास्ता दिखाए जाने से गोविंद नगर के लोग भी बहुत खुश हैं। उनका कहना है कि राक्षसी प्रवृत्ति को भी मात देने वाले वासना के महा घृणित पुजारी तरुण शर्मा को जेल भेज कर और भी न जाने कितने बच्चों को उसका शिकार बनने से बचा लिया गया है जिसके लिए गोविंद नगर पुलिस कोटिशः धन्यवाद की पात्र भी है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पूर्ण रूप से किन्नर स्वभाव वाला तथा कथित ज्योतिषाचार्य तरुण शर्मा जाल में फसाने के बाद अपनी वासना की आग को बुझाने के लिए किशोर वय नाबालिक बच्चों के साथ जिस तरह का महाघृणित वासनात्मक कुकृत्य करता था, उससे यही साबित होता है कि उसे संतुष्टि तभी मिलती थी ,जब वह संसार के सृजक तरल पदार्थ को अपने गले से नीचे उतार लेता था। इसके लिए ही वह तब तक जुटा रहता था जब तक किसी न किसी लड़के को जाल में फंसा कर अपनी वासना की आग बुझा नहीं लेता था। लेकिन पाप का भर चुका घड़ा तो एक न एक दिन तो फूटता ही है। खासकर मानसिक और शारीरिक वासना से जुड़े उस महा घृणित पाप कर्म का जिसका संबंध संसार सृजक तत्व के जरिए अपनी वासना की आग बुझाने के रूप में संतुष्टि प्राप्त की जाती है। वह माध्यम चाहे इस संसार के सृजन का एक मात्र कारण मातृ शक्ति कोई युवती महिला हो या फिर कोई पुरुष। उसके बुरे कर्मों का फल देने का कारण समय आने पर वही लोग बनते हैं जिन्हें वासना की पूर्ति के लिए शिकार बनाया जाता है देश के कई नामी तथाकथित संतों का जेल में होना भी शायद इसी कथन की पुष्टि करता है। और इसी क्रम में तरुण शर्मा नामक वासना का यह महा घृणित पुजारी भी गोविंद नगर के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली वाले लोकहित में निरंतर निरत अपने सिद्धांतों और आदर्शों से किसी भी कीमत पर कोई भी समझौता नहीं करने के फल स्वरुप अनेक अप्रिय और विषम परिस्थितियों का भी सामना पूरी दृढ़ता के साथ करने वाले इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे की जनहित के मामले में कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा के चलते जेल जाने के रुप में अपने महा घृणित कुकर्म का फल का पा रहा है, जिससे तरुण शर्मा के इस वासनात्मक पाप कर्म की जानकारी रखने वाले भी गोविंद नगर पुलिस की कार्रवाई से बहुत खुश हैं उनका कहना है कि गोविंद नगर पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई ने और भी न जाने कितने बच्चों को चर्चा का विषय बने तरुण शर्मा का शिकार होने से बचा लिया है



# एमपी विधानसभा के 57 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, सांची से डॉक्टर प्रभु राम चौधरी और सिलवानी से रामपाल सिंह को मिला टिकट

## भोजपुर से सुरेंद्र पटवा का पांचवी सूची में नाम नहीं होने से जिले भर में बना चर्चा का विषय

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के पश्चात प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी कर दी गई है, जिसमें रायसेन जिले की सांची विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी को टिकट दिया गया है वहीं जिले की सिलवानी विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक रामपाल सिंह को टिकट दिया गया इसके अलावा बात करें भोज पर विधानसभा क्षेत्र की तो यहां से जो पांचवी सूची जारी हुई है उसमें वर्तमान विधायक सुरेंद्र पटवा का नाम नहीं होने से जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है आखिरकार भोजपुर विधानसभा सीट पर क्या बदलाव होना है इसको लेकर पार्टी हाई कमान में विचार विमर्श जारी है फिलहाल श्री पटवा का पांचवी सूची में नाम नहीं होने के कारण भोज पर विधानसभा क्षेत्र सहित जिले भर में भोजपुर विधानसभा चर्चा का विषय बन गई है। इस प्रकार से देखा जाए तो रायसेन जिले की चार विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर भाजपा ने अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, सबसे पहले उदयपुरा सीट से नरेंद्र शिवाजी पटेल को टिकट पहले ही दिया जा चुका है, इसके अलावा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इधर भाजपा द्वारा घोषित की गई पांचवी सूची में सांची क्षेत्र से डॉक्टर प्रभु राम चौधरी और सिलवानी सीट से रामपाल सिंह का नाम आते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर छा गई है भाजपा पदाधिकारी कार्यकताओं एवं आम जनता के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के लिए भाजपा पार्टी हाई कमान के प्रति आभार व्यक्त किया है । वैसे भी देखा जाए तो पहले से ही माना जा रहा था कि इस बार के विधानसभा चुनाव में सांची विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर प्रभु राम चौधरी और सिलवानी विधानसभा क्षेत्र से रामपाल सिंह को टिकट मिलना तय है जब सूची जारी हुई तो दोनों ही नेताओं के नाम चौथी सूची में शामिल हुए परंतु भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से सुरेंद्र पटवा का नाम नहीं आने के कारण सस्पेंस की स्थिति देखने में आ रही है लोगों में इस बात की चर्चा है कि क्या इस बार सुरेंद्र पटवा को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलेगा या जो पाचमी सूची जारी होगी उसमें उन्हें स्थान दिया जाएगा इस बात को लेकर आम जनता के बीच चचाओं का बाजार गर्म है। कुल मिलाकर विधानसभा प्रत्याशियों की पांचवी सूची में अधिकांश मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है अब आगामी समय में छठवीं सूची में भोजपुर क्षेत्र से किसे टिकट दिया जाता है यह तो सूची जारी होने के पश्चात ही पता चल सकेगा।



# 17 नवम्बर को मतदान 03 दिसंबर को आएंगे नतीजे, आचार संहिता लागू

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 अक्टूबर )जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई मीडिया ब्रिफिंग के तत्काल बाद जिला मुख्यालय के संचार प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर प्रेस वार्ता में आचार संहिता की विधिवत घोषणा कर दी है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता से संबंधित विस्तार से जानकारी देते हुये निर्वाचन से संबंधित विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन शेड्यूल के अनुसार 21 अक्टूबर को गजट नोटिफिकेशन होगा और 30 अक्टूबर तक नॉमिनेशन भरे जायेंगे। एक दिन बाद नॉमिनेशन की जांच की जायेगी। 2 नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापसी कर सकेंगे। 17 नवंबर को मतदान और 03 दिसम्बर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इलेक्शन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओ की जानकारी देते हुये मीडिया के सवालो के जवाब भी दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी श्री गोपाल सोनी और जनसंपर्क विभाग के प्रभारी उप संचालक पुष्पेन्द्र वास्कले उपस्थित रहे।13 लाख से अधिक मतदाता करेंगे इस बार मतदान करेंगे।

**सुरक्षा की होगी पुख्ता व्यवस्था**

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मीडिया को विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि जिले में 90 कम्पनी अलॉट होगी जो समय पर जिले में पहुंचेगी। जबकि आज से ही अंर्तजिला और अंर्तराज्यीय नाका चेकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आयोग के निदेर्शानुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सस्त्र लायसेंस के संबंध में आदेश जारी होने के साथ ही थानों मे सस्त्र जमा कराये जायेंगे। एसपी श्री सौरभ ने निर्वाचन क दौरान जयादा मात्रा में नगद लेकर चलने के संबंध में कहा कि 50 हजार से अधिक की राशि अगर आपके पास है और किसी काम से आना जाना कर रहे हो तो उसके पुख्ता दस्तावेज लेकर साथ चले।

# राहुल गांधी का ब्यौहारी दौरा 10 को कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह नई ऊर्जा का होगा संचार

शहडोल। कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का आगामी 10 अक्टूबर 2023 को ब्यौहारी आगमन होना सुनिश्चित हुआ है, जहाँ वो जन आक्रोश यात्रा के समापन में जनसभा को संबोधित करेंगे। ब्यौहारी को एक दिवसीय प्रवास पर राहुल गाँधी के साथ प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, जीतू पटवारी, संजय कपूर, कमलेश्वर पटेल, अजय सिंह राहुल, कुनाल चौधरी, ओंकार सिंह मरकाम, फुंदेलाल, सहित सुनील सराफ एवं अन्य बड़े नेतागण जनसभा मे शामिल होंने का अनुमान है। आगामी 10 अक्टूबर को राहुल के आगमन को लेकर तैयारियां की गई है एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शहडोल जिले में कांग्रेस पार्टी पोस्टर बैनर इत्यादि में भले ही कांग्रेस पार्टी शहडोल में एकजुट हुई चांदी काट रहा है लेकिन अंदर ही अंदर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पार्टी में दो फाड़ है वहीं कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति है ब्यौहारी विधानसभा जिले की सीट जहां राहुल गांधी की सभा होनी है इसी ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारने के लिए कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं । जन आक्रोश यात्रा में पधार रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के स्वागत की अपील व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम लखन सिंह ,दशरथ सिंह कुशराम, जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रेमधारी सिंह. दल प्रताप सिंह जयकरण सिंह , जयपुर विधानसभा क्षेत्र से अनिरुद्ध सिंह ,यशोदा सिंह उमा धुर्वे, ललन सिंह ,केपी सिंह मानपुर विधानसभा क्षेत्र से तिलकराज सिंह, रोशनी सिंह, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ,रमेश सिंह ,विश्वनाथ सिंह, कोतमा विधानसभा क्षेत्र से राम जी मिश्रा, डॉक्टर बीसी चौहान ,पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, कांग्रेस नेता दीपक पांडे, अजय शुक्ला ,ओपी द्विवेदी, शारदा गौतम, सेवा दल के जिला अध्यक्ष नौसेना खान ,संतोष शुक्ला विनोद ताम्रकार, चक्रधारी शुक्ला नीरज शर्मा, सुशील शुक्ला, राम मनोहर राव रमेश सिंह अजय सिंह कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस कार्यकताओं से आवाहन किया है कि जन आक्रोश यात्रा में अपनी सहभागिता निभाएं।

# मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

### *17 नवम्बर को होगा मतदान, 3 दिसम्बर को होगी मतगणना*

### *जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी निर्वाचन कार्यक्रम तथा आदर्श आचार संहिता की जानकारी*

रायसेन। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के बारे में अगवत कराया गया। कलेक्टर श्री दुबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-223 की घोषणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 02 नवम्बर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को होगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर (रविवार) को की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन के लिए कार्यवाहियों तथा तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनजागृति में पत्रकारों की महती भूमिका है। उन्होंने गत चुनावों में मीडिया की रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए विधानसभा निर्वाचन में भी सहयोग की अपेक्षा की है। श्री दुबे द्वारा निर्वाचन प्रचार के दौरान अभ्यर्थियों, राजनैतिक पार्टियों आदि के द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले विविध साधनों, माध्यमों तथा खर्च आदि के लिए निर्धारित सीमाओं, अनुमतियों एवं व्यय आदि के लिए आदर्श आचार सहिंता एवं अन्य अधिनियमों में वर्णित प्रावधानों तथा उनके उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी तथा एमसीएमसी कमेटी का गठन किया जा चुका है, जो निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सके, इसके लिए विशेष सुविधा की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता, सभाओं एवं वाहनों की अनुमति, प्रकाशकों एवं मुद्रकों के लिए निर्देश, संपत्ति विरूपण अधिनियम सहित आयोग के दिशा-निदेर्शों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल,




जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कंट्रोल रूम स्थापित,,,,**

विधानसभा निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजनों की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर भी स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 तथा 1950 है।

**जिले के मतदान केन्द्रों की संख्या,,,,**

प्रेस वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

**जिले में मतदाताओं की कुल संख्या,,,,**

रायसेन जिले में कुल 1007875 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 हुई है। जिले में जेण्डर रेशो 918 है तथा ईपी रेशो 65.01 है। विधानसभावार मतदाताओं की संख्या की जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाता, 125387 महिला मतदाता और 05 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 917, इपी रेशो 64.32, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2389, 18 से 19 वर्ष के 13069 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3688 मतदाता और 183 सर्विस मतदाता हैं।

भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाता, 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 922, इपी रेशो 67.58, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2754, 18 से 19 वर्ष के 10796 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2945 मतदाता और 109 सर्विस मतदाता हैं।

सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 922, इपी रेशो 64.30, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2203, 18 से 19 वर्ष के 12551 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3260 मतदाता और 182 सर्विस मतदाता हैं।

सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैं, जिनमें 117996 पुरूष मतदाता, 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 910, इपी रेशो 63.88, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2013, 18 से 19 वर्ष के 11533 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2735 मतदाता और 71 सर्विस मतदाता हैं।

# राजनीतिक विज्ञापन के लिए एमसीएमसी समिति की अनुमति लेना आवश्यक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 अक्टूबर )भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ड्रॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने राजनीतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जिले की 6 विधामसभाओ के मतदाताओं मतदान केंद्रों के सम्बंध में भी जानकारी दी गई।डीईओ ड़ॉ. मिश्रा ने कहा कि बैनर पोस्टर लगाने के लिए सम्बंधित मालिक से अनुमति आवश्यक होगी। सभा आयोजन के लिए सबसे पहले अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। इसके लिए समय रूट आदि की जानकारियां देनी होगी। इसके अलावा राजनीतिक विज्ञापन के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से अनुमति लेनी होगी। चुनाव प्रचार के लिए सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारियों की अनुमति लेना होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस रणदा, अपर कलेक्टर ओ.पी. सनोडिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, बैहर एसडीएम विवेक के.वी, वारासिवनी एसडीएम एवं हट्टा के नायब तहसीलदार वंदना कुसराम उपस्थित रहे तथा राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण में श्याम पंजवानी, शफकत खान, संजय अग्निहोत्री, संतोष आड़े, शैलेद्र सेठी, दिनेश डोहरे, प्रदीप कुमार एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# शिकायतों और साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें अधिकारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।1( 0अक्टूबर )जिला निर्वाचन अधिकारी ड्रॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में आदर्श आचार संहिता के पालन को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से एमसीसी का वायलेशन न हो। इस बात की जिम्मेदारी स्वयं अधिकारी और कर्मचारी की होगी। विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में अवगत कराएंगे। शिकायतों और साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सभी आरओ अपने विधानसभा स्तर पर प्रेसवार्ता और राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेंगे।नाकों पर चेकिंग के लिए सभी दलों को सक्रिय रूप से भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही सभी अवकाशों पर प्रतिबंध लगाया गया है। नए कार्य कोई भी प्रारम्भ नही होंगे जबकि पूर्व से प्रचलित कार्य निरंतर जारी रहेंगे। डीईओ डॉ मिश्रा ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि मतदाता जागरूकता के तहत स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र आज से बंद किए जाए। वही बिना वैधानिक अनुमति के ईवीएम कहीं नही जाएगी। सिर्फ जो ईवीएम प्रशिक्षणों के लिए निकाली गई है वो ही उपयोग के लिये रह सकती है। साथ ही उन्होंने परिवहन और कम्यूनिकेशन प्लान की जानकारी ली।



# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही सरकारी अमला हुआ सक्रिय, हटाए गए झंडे बैनर और होर्डिंग्स

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा करने एवं अचार संहिता लागू होने के पश्चात ही रायसेन जिले में सरकारी अमला पूरी तरह से सक्रिय हो गया है आचार संहिता को लेकर सरकारी स्थान विद्युत पोल, सरकारी भवनों पर से होल्डिंग्स झंडा बैनर हटाने की कार्रवाई स्थानीय प्रशासन द्वारा तेजी के साथ शुरू कर दी गई है सोमवार को जैसे ही चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा की एवं आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय नगर पालिका का हमला सक्रिय हुआ और पूरे शहर में अनुभाग्य अधिकारी मुकेश सिंह के निर्देशन में एवं नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के निर्देशन में कर्मचारियों ने सरकारी भवनों विद्युत पोलों एवं सार्वजनिक स्थानों से झंडे बैनर एवं होल्डिंग्स हटाए गए। इसी प्रकार से जिलेभर में आचार संहिता के लागू होने के पश्चात सरकारी अमला पूरी तरह से सक्रिय हो गया है और पूरे जिले भर में सोमवार को दोपहर बाद से ही आचार संहिता के पालन में होल्डिंग एस झंडा बैनर जो की सरकारी शासकीय भावना आदि पर लगाए गए थे उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई दोपहर से लेकर देर रात तक करवाई जारी थी जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार सरकारी अमला पूरी तरह से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ गया है।



# मनीषा जयसिंहनगर बिसाहू लाल अनूपपुर के भाजपा प्रत्याशी घोषित

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय हाई कमान ने भाजपा प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी कर दी है जिसमें शहडोल संभाग से चार विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है मध्य प्रदेश सरकार में दो कैबिनेट मंत्री को टिकट प्रदान किया गया है जिसमें बिसाहूलाल सिंह को अनूपपुर एवं सुश्री मीणा सिंह को उमरिया जिले की मानपुर विधानसभा सीट से टिकट दी गई है। वही शहडोल जिले की जयसिंहनगर विधानसभा सीट से श्रीमती मनीषा सिंह एवं जैतपुर विधानसभा सीट से जय सिंह मरावी को टिकट दी गई है मनीष सिंह वर्ष 2018 में जैतपुर से विधायक निर्वाचित हुई थी और जयसिंह मरावी जयसिंहनगर सीट से। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में दोनों की सीट अदला बदली कर दी गई। शहडोल संभाग के अंतर्गत व्यौहारी एवं बांधवगढ़ विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा चौथी लिस्ट में भी नहीं की गई।

# करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने दो नए पदाधिकारी मनोनीत किया

**(संवाददाता)विवेक कुमार समाज जागरण! मोहनलालगंज लखनऊ**

राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू के नेतृत्व में तहसील मोहनलालगंज के अधिवक्ता सोमेंद्र प्रताप सिंह को अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह को महामंत्री तहसील नियुक्त किया प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने पीजीआई स्थित अपने कार्यालय में दोनों पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देकर अपने पद का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने बताया कि देश के सबसे बड़ी संगठन करणी सेना हमेशा अपने देश के प्रति समाज के प्रति हमेशा समर्पित रहती है। इस मौके पर जिला सचिव अमर सिंह जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह लखनऊ विकास सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष समेत काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बिसाहू लाल सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय हाई कमान द्वारा अनूपपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में बिसाहू लाल सिंह को मौका दिया है। सिंह के भाजपा प्रत्याशी बनाने जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय



जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री अशोक सोनी ने कहा कि विकास पुरुष को टिकट देकर भारतीय जनता पार्टी ने अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का दिल जीत लिया है और अनूपपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजई होगी और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर विधानसभा सीट से श्री सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने इंदिरा तिराहे सहित अनेक तिराहे में पटाखे फोड़ कर एवं मिठाइयां बताकर खुशियां मनाएं। इस अवसर पर नगर मंडल के अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, उपाध्यक्ष राजा तिवारी ,चंद्रिका द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, पुष्पा पटेल, सिद्धार्थ शिव सिंह, दिनेश राठौर, जितेंद्र सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भालूमाडा क्षेत्र की नदियों से रेता चोरी प्रारंभ

जमुना कोतमा अनूपपुर जिले के कोयलांचल नगरी थाना भालूमाडा के अंतर्गत आने वाली केवई नदी व भेड़वा नाला शिवलहरा घाट से इन दोनों रात के समय रेता चोरी का कार्य धड़ले से प्रारंभ हो गया है अभी पिछले कुछ दिनों से उक्त चोरी पर लगाम लगा हुआ था लेकिन फिर से रेत माफियाओं द्वारा सुयोजित तरीके से रात के समय भालू माडा के ट्रैक्टर वाले व दार सागर के ट्रैक्टर मालिकों द्वारा रात के समय शिव लहरा घाट भेड़वा नाला पयारी केवई घाट देवराज बाबा के रास्ते से रात भर रेता चोरी किया जा रहा है जिसमें स्थानीय संबंधित जन की मिली भगत है उक्त खुलेआम रेत चोरी होने से जहां एक और शासन को नुकसान हो रहा है वहीं दूसरी ओर भाजपा के ईमानदारी वाले साख पर बट्टा लग रहा है आमजन जिले के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक महोदय व कलेक्टर महोदय से मांग किया है कि युक्त रेता चोरी पर अभिलंब रोक लगाया जाए जिससे कि भाजपा की साथ भी बची रहे और शासन को राजस्व की हानि न हो अगले अंक में बाकायदा रेता चोरी करने वालों के नाम वाहन क्रमांक कहां का निवासी है कहां से रेता निकलता है और किसकी किसकी इसमें मिली भगत है कौन-कौन इसमें अपना हिस्सा ले रहा है यह सभी चीज प्रकाशित किया जाएगा



# सतलुज यमुना सम्पर्क नहर मुद्दे पर राज्यपाल को ज्ञापन के लिए आए पंजाब कांग्रेस नेताओं ने चण्डीगढ़ में पुलिस बैरिकेटिंग तोड़ने का किया प्रयास

## पुलिस ने किया वॉटर कैनन का इस्तेमाल, विपक्ष के कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भगवंत मान पर किया कटाक्ष

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः सतलुज यमुना सम्पर्क नहर मामले पर पंजाब के महामहिम राज्यपाल और नगर प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित को जुलूस की शक्ल में ज्ञापन सौंपने जा रहे पंजाब कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पंजाब राजभवन के रास्ते में चण्डीगढ़ पुलिस द्वारा लगाई बैरिकेटिंग तोड़ने की पुरजोर कोशिश करते हुए पुलिस बल के साथ भिडंत की।

इस मौके पर विधायक राणा गुरजीत सिंह सहित बहुत से नेताओं की पानी की पड़ती तेज धार से पगड़ियां ही उतरकर गिरने लगी। नवजोत सिंह सिद्धू ने जब गुरजीत सिंह की पगड़ी को लटकती देखा तो वो बौछारों क दबाव से कहीं दूर खिसक गए। पुलिस बल ने पंजाब कांग्रेस के इस मनसूबे पर पानी फेर दिया। पुलिस बल ने पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से पंजाब में दाखिल हुए इन लोगों पर एक वॉटर कैनन इस्तेमाल किया, पर भीड़ तितर बितर नहीं हुई तो पुलिस बल ने इन कांग्रेसियों में से कुछ को गिरफ्तार कर लिया और बहुत से कार्यकर्ता मैदान छोड़कर भाग गए। गिरफ्तार किये गए कांग्रेसियों को बाद में छोड़ दिया गया है।

इस रैली की अगुआई पंजाब कांग्रेस में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने की। उन्होंने पंजाब राजभवन की ओर कूच करने से पहले



कार्यकताओं की रैली में कहा कि सतलुज यमुना सम्पर्क नहर के बारे में जो यह विवाद खड़ा हुआ है उसकी असली वजह मुख्यमंत्री भगवंत मान है। क्योंकि उसने केवल 12 क्लास तक ही पढाई की और कोई भी काम सूझबूझ के साथ नहीं कर सकता। यह पंजाब की बदकिस्मती है कि हमें ऐसा मुख्यमंत्री मिला। मान में इसके अलावा और भी बहुत सी खामियां हैं। जिसकी वजह से पंजाब को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि यह व्यक्ति कभी भी पंजाब को आगे नहीं बढ़ने देगा

मान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे तौर पर सांठगांठ है। इसलिए सरकारी कोठी में हरियाणा के आम आदमी पार्टी के नेता अशोक तंवर पंजाब से सतलुज यमुना सम्पर्क नहर के पानी की मांग कर रहा है। हमारी आम आदमी पार्टी और केंद्रीय सरकार को चुनौती है कि पंजाब में नहर को लेकर कोई सर्वे कराया गया तो तो हम न तो सर्वे होने देंगे और न ही पानी जाने दिया जाएगा।

अगर केंद्रीय सरकार आज के हालात पर क्षेत्र का सर्वे कराना चाहते हैं तो करवा लो। क्योंकि पंजाब के पास किसी को पानी देने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं है।

बाजवा से पहले अपने संबोधन में पंजाब कांग्रेस के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने भी कहा कि आज पानी की राजनीति को छोड़कर ड्रिप इरीगेशन के फामूर्ले पर सोचना चाहिए। इससे काम चल सकता है। अगर ऐसा करेंगे तो पंजाब और हरियाणा दोनों को फायदा रहेगा।

राणा ने कहा कि आज पंजाब में पानी नहीं रहा क्योंकि हर साल पानी एक मीटर नीचे की तरफ जाता है। पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा विगत ने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवंत मान बेहद ही शातिर आदमी है। ये मुद्दे से भटकाने के लिए कोई भी चाल खेल सकता है। असल में मुद्दा ये है कि पंजाब के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वो तो नहर बनाना चाहते हैं लेकिन पंजाब में विपक्ष और किसान नहर बनवाने के हक में नहीं है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मान ने पूरे विपक्ष को बहस करने की चुनौती दी है। हमेशा एक बात होती है कि विपक्ष किसी भी बात पर सरकार से जवाब मांगता है लेकिन यहाँ अजीब बात है कि मुख्यमंत्री ही विपक्ष को चुनौती देता है। यह सब असली मुद्दे से ध्यान भटकाने की बात है।

उन्होंने साफ साफ कहा कि पंजाब के पास किसी को देने के लिए पानी नहीं है। हमारे पास अपने लिए भी पूरा पानी नहीं है। पंजाब के राज्यपाल पूरे प्रदेश का दौरा करते हैं। उन्हें पता है कि हमारे प्रदेश में फालतू पानी नहीं है। उन्हें केंद्रीय सरकार को जाकर बताना चाहिए कि पंजाब के पास पानी नहीं है। पंजाब में 70 फीसदी ऐसे किसान हैं जो ट्यूब वैल से अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

# पूर्ण न्यायालय बैठक में पंजाब से 1 और हरियाणा से 3 न्यायिक अधिकारियों को कोर्ट ने दी अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक न्यायिक अधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की है। यह मामला जज प्रदीप सिंघल की सेवाएं खत्म करने का निर्णय बीते गत दिनों एक पूर्ण अदालत की बैठक के दौरान आया था।

न्यायिक अधिकारी वर्तमान में फाजिल्का में अतिरिक्त सिविल जज, सीनियर डिवीजन-सह-न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के पद पर तैनात थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2019 से अब तक 15 न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है,जिसमें से पंजाब के 7 और हरियाणा के 8 अधिकारी शामिल हैं।

बताया जाता है, कि तब से अभी तक चार न्यायिक अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिनमें दो पंजाब के तथा दो हरियाणा के बताए गए हैं। वहीं पंजाब से एक और हरियाणा से तीन न्यायिक अधिकारियों को कोर्ट ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी है।

उच्च न्यायालय की सतर्कता शाखा द्वारा उनके खिलाफ आरोपों की विस्तृत जांच किए जाने के बाद, मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा और अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी वाली पूर्ण अदालत के समक्ष उनकी सेवा में बने रहने का मुद्दा विस्तृत चर्चा के लिए आया।

पूर्ण न्यायालय बैठक का शाब्दिक अर्थ है वह बैठक जिसमें उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश भाग लेते हैं। यह न्याय प्रदान करने से संबंधित प्रशासनिक मुद्दों और अधीनस्थ न्यायपालिका से संबंधित न्यायिक अधिकारियों और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। ऐसी बैठकों के दौरान स्थानांतरण, पोस्टिंग, पदोन्नति और न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जैसे निर्णय लिए जाते हैं।

लगातार दूसरी बार है कि उच्च न्यायालय ने प्रशासनिक स्तर पर अपने ही न्यायिक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की है। लगभग एक सप्ताह पहले ही इसने फरीदाबाद के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) हरीश गोयल की सेवाओं को निलंबित कर दिया था। उन पर लगे आरोप उस समय के हैं जब वह करनाल में तैनात थे।

मुख्य न्यायाधीश झा के कार्यकाल के दौरान, पूर्ण न्यायालय अधीनस्थ न्यायपालिका में भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता, शालीनता और अन्य कारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसने अब तक दो दर्जन से अधिक न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की है, जिससे अधीनस्थ न्यायपालिका के बीच शून्य सहिष्णुता का एक मजबूत संदेश भेजा गया है। उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि अक्टूबर 2019 से अब तक 15 न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, जिनमें पंजाब राज्य के सात और हरियाणा प्रदेश के आठ अधिकारी शामिल हैं।

# अभिव्यक्ति की मासिक गोष्ठी में डॉक्टर निर्मल सूद के काव्य-संग्रह " शब्दों के परिंदे "का विमोचन

## दूसरा सत्र था कवि सम्मेलन का। जहाँ कवियों के कंठ से हुई एक से बढ़कर रचना की बौछार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,09अक्टूबरः ट्राईसिटी की साहित्यक संस्था ' अभिव्यक्ति ' की ओर से अक्टूबर माह की गोष्ठी में कवियत्री डॉक्टर निर्मल सूद के काव्य संग्रह शब्दों के परिंदे का विमोचन सृष्टि प्रकाशन के सहयोग से हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन और संचालन साहित्यकार और रंगकर्मी विजय कपूर ने किया। विमोचन के उपरांत पुस्तक पर साहित्यकारों ने अपनी अपनी समालोचनाएं पढ़ीं।

डॉक्टर कैलाश आहलूवालिया ने अपनी टिप्पणी में कहा डॉक्टर निर्मल सूद की कविताएं सुगम और सरल हैं।इनका सौंदर्यबोध देहाती मिट्टी से निर्मित हुआ है जो कविताओं में उनके स्वभाव सा मिश्रित है। मंच संचालित कर रहे

विजय कपूर ने अपनी समालोचना में बताया- " डॉक्टर निर्मल सूद ने अपनी रचनाओं में जो मानवीय कथ्य गढ़ा है वो खूबसूरत भाषा के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली रूप लिए समाज को परखता हुआ सामने आता है ।"

डॉक्टर सपना मल्होत्रा जब मंच पर आईं तो उन्होंने अपनी टिप्पणी में काव्य संग्रह पर कहा कि- 'शब्दों के परिन्दे' सामाजिक सरोकार और मानवीय अनुभूतियों का दस्तावेज है। डॉ निर्मल की कविताओं में करूणा की एक अविरल धारा बहती है जो मानव और मानवता को बचाने की बात करती है।"

बलवंत तक्षक ने कहा " डॉक्टर निर्मल सूद की कविताएं सूक्ष्म अनुभूतियों के साथ सामाजिक संवेदनाओं को खंगालती हैं।

साहित्यकार और प्रकाशक विजय सोदाई ने संग्रह की कविताओं को अनुभव से उपजी रचनाएं बताया।

कलमकार डॉक्टर निर्मल सूद ने अपने वक्तव्य में बताया कि ह्लशब्दों के परिन्दे ह्ल मेरा पहला एकल काव्य -संग्रह है। इसमें जीवन के विविध भावों के रंग उकेरे गए हैं ,जैसे-सुख-दुख, आँसू-हास्य,आशा- निराशा आदि। समस्त मानवीय भावों को शब्दों में पिरोने का प्रयास किया गया है। प्रकृति के अनमोल उपहार, जीवन के प्यारे रिश्तों व बीते दिनों की यादों को सदाबहार रखने की कोशिश कविताओं के माध्यम से की है। उन्मुक्त, स्वच्छंद उड़ान भरने के लिए शब्द परिन्दों को खुला आकाश दिया गया है ।"

कार्यक्रम का दूसरा चरण कवि सम्मेलन का था। जिसमें अभिव्यक्ति से जुड़े साहित्यकारों ने अपनी अपनी काव्य रचनाओं से समां बांधा तो श्रोताओं द्वारा तालियाँ बजने और वाहवाही से माहौल में अलग सा परिवर्तन आया।

इस मौके पर सर्वप्रथम डॉक्टर कैलाश आहलूवालिया ने " मैं हूं तो /हूं कहीं/गुमनाम सही" और विजय कपूर ने -
' बेनकाब होने से पहले
चेतावनी की शंखध्वनि नहीं होती
कुछ ने बहना होता है
कुछ ने रुक रुक कर सहना होता है ।'-
का पाठ किया।

जब बलवंत तक्षक ने पत्नी की व्यथा में कविता पाठ किया तो महिलाओं की एक घर में भूमिका दृष्टिगोचर करते हुए उन्होंने शब्द यूँ पिरोए-
' मैने पूछा/कितना काम करती हो तुम
कभी थकती नहीं ।' - तो लगा नारी ही एक परिवार में पुरुषों के मुकाबले सबसे धैर्यवान होती है।

ऊषा पांडे ने नारी की व्यथा का गान करते विचार कुछ यूँ बिखेरे-
दिल के जख्मों को भुलाने का
'हुनर हम जानते हैं।
वक्त बिगड़ा जो बनाने का
हुनर हम जानते हैं '।

अपने नाम की पुकार पर जब रेखा मित्तल की काव्य रचना सुनने पर लगा कि समाज में नारी में हर रंग समाया है। कविता के एक पद्य
' स्त्रियाँ बहुत अच्छी रफूगर होती है।
सिलती है रोज रिश्तों में हुए सुराखों को ' में एक अलग ही तस्वीर दिखाई दी।

लगा मानो आज नारी शक्ति ने अपनी प्रेम गाथा कहकर पांडाल में हृदयों की तरंगों का बखान करने की ही ठानी है। भला यहाँ कवियत्री सीमा गुप्ता कहाँ पीछे रहना चाहती थी। मंच पटल पर उन्होंने-
'जोगी, जोगन जोग की बातें करते हैं।
बस्ती बस्ती, शहर, जंगल
जंगल कुछ शैदाई होते हैं। '
का पठन करने पर वो मुहब्बतों के दिनों में खोई सी लगीं।

परमिंदर सोनी ने सृष्टि के रचनाकार का गुणगान ये शब्द पिरोकर किया- '
जीवन तेरी देन,
ऋणी तेरे हैं दाता,
तू है बख्शनहार,
गुणों की खान विधाता। 'रचना पाठ करते हुए माहौल को बदलने के बीज बोये ही थे कि कवियत्री रजनी पाठक ने समाज में नारी शक्ति की ताकत का अहसास-
' मैं हूँ कन्या भारत की,
देवी का स्थान मैं पाती हूँ।
पर पता नहीं क्यों
समय आने पर बलि चढ़ा दी जाती हूँ। ' से हृदयों को झंझोड़ दिया।

निम्मी वशिष्ठ ने पंजाबी कविता-
'नीं माए मेरा चित्त करदा
मैं पंछी बन जावां,
नीं थाओं थाईं जा के मां सुख सुनेहे पहुँचावां। ' और अगले क्रम पर आए दास देवेंद्र मरहम ने- ' इंसानियत हो गई शर्मसार फिर से।
हैवानियत का हुआ है वार फिर से।' - गजल द्वारा समाज को व्यंग्य बाणों में लपेटा ही था कि मंच पर

डॉक्टर अशोक वढेरा भी आ गए और बीते पलों में जीवन के रंगों की बात की-
'कुछ पचपन से कम की तुम।
थोड़ा पचास से ऊपर का मैं।
- के शब्द परोसे। अब आई थी कवियत्री जरीना नगमी जो लिए शहर से ऊबे हुए लगीं-
' इक अनबने शहर की तलाश है'।

डॉक्टर प्रसून प्रसाद के कंठ से माहौल फिर बदल गया- ' उनकी गजल थी-
'प्रेम एक दूसरे की सफलता का जश्न है।
स्थिरता,सुरक्षा और आत्मीयता ही लक्ष्य है।
यहाँ असहज पलों में भी सहजता है।
फैसले की चिंता हर कोई करता है।'

पटल पर शहला जावेद ने-
घर में भीतर भी देखा
बाजार में बाहर भी देखा
नारी के लिए दोनो पर खींची है समाज ने लक्ष्मण रेखा। का वर्णन किया।

अब बारी आई वीना सेठी की उपासना के बोल-
'मेरे रब
इक नजरे करम करो
मेरी लाज है तुम्हारे हाथ में।
का गायन कर श्रोता हृदयों को फिर बदलने की कोशिश की ही थी कि

सत्यवती आचार्य ने चेतना जागृत करने के लिए सुनाया-
'उठो उठो मनुष्य
प्रहरी बनो तुम देश के ।' से युवा पीढ़ी को झंझोड़ दिया।

पटल पर विनोद कश्यप ने गजल
गजल-
' मैं नदी का शोर हूँ मैं हूँ परिंदों का ब्यान।
काट सकते हो अगर तो काट लो मेरी जुबान। ' -
का गान करके पांडाल में अपने नंबर की इंतजार करने वालों को स्वर से स्वर मिलाने के लिए बाध्य कर दिया।

डॉक्टर रोमिला वढेरा ने
'अगर साइकल बोल पाती तो क्या संवाद करती ' की कामना और अलका कांसरा नें -
समये की पगडंडी पर
मिले कितने ही लम्हे
वे बचपने के
बेफिक्रे लम्हे
वो जवानी के
शोखे लम्हे ।' का पाठ किया व डॉक्टर सत्यभामा ने-
'मध्य वर्ग की पीड़ा का बीड़ा' को जाहिर कर दिया।

सारिका धूपड ने विरह वेदना-
'सदा आबाद रहती हूँ
तुम्हारे ख्यालों के साए में।
क्यों मुझे बर्बाद करने
तुम, लौट आते हो?
राजिंदर सराओ ने, सजना वे
तेरी चुप ने
बोल बोल कलेजा खा लया।
' जैसी सारगर्भित कविताओं , नज्मों और गजलों का पाठ किया।

दूसरे सत्र में
डॉक्टर पंकज मालवीय ने खान-पान पर आधारित लघु कहानी नवाबी शौक का सुंदर पाठ किया।

इनके अलावा बबिता कपूर,डॉक्टर दलजीत, सुभाष शर्मा , डॉक्टर शादी प्रभा डॉक्टर करमचंद, शीनू वालिया,मीता खन्ना, पल अजनबी, डॉक्टर रेवा ऋषि ने भी गोष्ठी में भाग लिया।

## कुल 32 यात्रियों में से 6 यात्रियों की मौत

# हरियाणा के हिसार के रहने वाले नैनीताल गए यात्रियों की बस गिरी खाई में

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः उत्तराखंड के नैनीताल में रविवार को सायंकाल हरियाणा के हिसार के नैनीताल गए यात्रियों के साथ बड़ा हादसा होने की बात सामने आई है। यात्रियों से भरी यह बस खाई में गिर गई। यह हादसा नैनीताल के कालाढूंगी रोड पर नालनी के पास हुआ है। बस में 32 लोग सवार थे। जो कि हिसार से नैनीताल घूमने गए थे। बस के खाई में गिरते ही घटनास्थल पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे में अब तक 6 यात्रियों की मौत हो चुकी है।

**घटना स्थल से घायल यात्रियों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया ह**

बाकी यात्रियों की खोज के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रही है। बस किन कारणों से खाई में गिरी है। अभी इसका पता नहीं चल सका है। अस्पताल में भर्ती कई घायल यात्रियों की हालत नाजुक बनी हुई है ।

### चलाया जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

घटनास्थल से पता चला कि बस में 32 लोग सवार थे। जो हरियाणा के हिसार से नैनीताल घूमने आए हुए थे। जहाँ उनकी बस रविवार रात अनियंत्रित होकर खाई में गिर गईं।

इस हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई है। बाकी यात्रियों का देर रात तक रेस्क्यू कर निकाला जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि इस बस के खाई में गिरने की घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। घायलों को समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने घायल यात्रियों के जल्द ही सकुशल होने की प्रार्थना की है।

# हरियाणा के नरवाना( जींद ) में दिल्ली- पटियाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक चालकों सहित कॉलेज छात्रों ने लगाया जाम

## पुलिस और होमगार्ड कर्मचारियों पर एंट्री फीस के रूप में पाँच- पाँच सौ रुपये रिश्वतखोरी का आरोप

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 09अक्टूबरः हरियाणा के जींद के नरवाना में दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों, आईटीआई और कॉलेज के छात्रों ने सोमवार को जाम लगा दिया। ट्रक ड्राइवरों का आरोप है कि यहाँ पर नाका लगाकर बैठे पुलिस कर्मी उनसे एंट्री के नाम पर 500-500 रुपए मांगते हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार भी करते हैं। छात्रों ने भी कहा कि सिटी पुलिस और ट्रैफिक कर्मचारी उनका बेवजह चालान करते हैं।

आधे घंटे से ज्यादा समय तक जाम लगा रहा। जाम लगने की सूचना के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाने का प्रयास किया। पुलिस ने जाम लगा रहे कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। बाद में सिटी एसएचओ के आश्वासन पर ड्राइवर व छात्र रोड से हटे। सोमवार सुबह 9 बजे के करीब नरवाना में केएम कॉलेज के सामने ट्रक ड्राइवरों ने हाईवे पर ट्रक सड़क के बीचों-बीच खड़ा कर जाम लगा दिया। इसके बाद आईटीआई और केएम कॉलेज के छात्र भी हाईवे पर आ गए और जाम लगाने के साथ हूटिंग शुरू कर दी। जाम लगने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम लगा रहे ट्रक वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पुलिस वाले ट्रक चालकों को रुकवाते हैं और शहर में एंट्री के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। अगर उनके पास दस्तावेज नहीं हैं तो उनका चालान किया जाए लेकिन पुलिस वाले उनके साथ मारपीट भी करते हैं। सुबह ही पुलिस कर्मियों ने एक ट्रक ड्राइवर को बुरी तरह से पीटा और उसे पकड़कर हिरासत में थाने ले गए। ड्राइवरों ने कहा कि चाहे लोकल ड्राइवर हो या फिर बाहर का ट्रक और चालक हों, सभी को यह नाजायज तंग करते हैं। दो साल से उन्हें पुलिस का दुर्व्यवहार झेलना पड़ रहा है। ड्राइवरों ने ये भी आरोप लगाया कि होम गार्ड भी उनके चालान करते हैं, जबकि होम गार्ड के जवान के पास चालान की कोई अथॉरिटी नहीं होती।

# वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये से उड़ रहा लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां - अशोक तंवर

**सुरेन्द्र शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब**

फरीदाबाद, अक्टूबरः आम आदमी पार्टी हरियाणा के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर फरीदाबाद के जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता संवाद में शामिल हुए। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष मोक्ष पसरीजा भी मौजूद रहे। इस दौरान 10 अक्टूबर को होने वाले संविधान बचाओ मार्च का निमंत्रण दिया और लोकतंत्र बचाने के लिए हस्ताक्षर कैंपेन चलाया।

उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका पर हमला हो रहा है तो ये देश के लिए खतरा है। सभी अधिवक्ताओं को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। आज देश और न्यायपालिका को आपकी जरुरत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तंभ होते हैं, जिसमें न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया है। जिनके ऊपर लोकतंत्र टिका हुआ है। लेकिन भाजपा के राज में सभी स्तंभ ढह चुके हैं, बस एकमात्र न्यायपालिका बची है। आज के दिन लोकतंत्र से तानाशाही की तरफ जाने की कोशिश हो रही है। भाजपा अब सीधा न्यायपालिका को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इलेक्शन कमीशन की कमेटी से चीफ जस्टिस को बाहर कर दिया। चीफ जस्टिस को इलेक्शन कमेटी से बाहर करना सवाल खड़ा करता है कि भाजपा सरकार इलेक्शन कमीशन में अपनी मर्जी के व्यक्ति को बैठाकर चुनाव प्रक्रिया को कॉम्प्रोमाइज करके अपने तरीके से सरकार चलाना चाहती है। इसका मतलब न्यायपालिका पर जो हमला किया जा रहा है ये लोकतंत्र पर आखिरी हमला है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए न लोकतांत्रिक मयार्दाओं को मान रही है, न संविधान को मान रही है और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी है जो कानून के हिसाब से चलती है और संविधान में विश्वास रखती है। ये दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आजादी के 76 साल बाद भी देश की ऐसी हालत है

# हरियाणा के 5 बुजुर्ग खिलाड़ियों ने देहरादून जाकर खेलों में बजाया विजयी डंका

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

करनाल, अक्टूबरः किसी भी इंसान के अगर हौंसले बुलंद हों, तो रास्ता भी आसान हो जाता है। उम्र भी आपको आपका लक्ष्य पाने से नहीं रोक सकती है। ऐसा ही कुछ करके देहरादून से लौटने वाले हैं हरियाणा के करनाल के रहने वाले 5 बुजुर्ग। जिन्होंने अपनी उम्र की परवाह न करते हुए देहरादून में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा कर प्रदेश को दिलाया है बड़ा मान सम्मान।

वैसे तो ये सभी बुढ़ापे की दहलीज पार कर चुके हैं, लेकिन इनका जोश और जुनून युवाओं से कम नहीं है।

इन्होंने उत्तराखंड में आयोजित मास्टर 18 वीं ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के नाम का डंका बजाया है। पांचों खिलाड़ियों



का देहरादून की इस प्रतियोगिता में दबदबा रहा है। जिला खेल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार करनाल के इन खिलाड़ियों ने कुल 9 मेडल जीते हैं। इन खिलाड़ियों में कोई डिस्कस थ्रो तो कोई शॉटपुट में तो
कोई दौड़ में अव्वल है। इन खिलाड़ियों का कहना है की वे आगे भी खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहेंगे। इसलिए खेल विभाग मुख्यालय को इनके नाम की सिफारिश की जा रही है। इन बुजुर्ग खिलाड़ियों में किसी की उम्र 60 या 70 से ज्यादा जरूर है, लेकिन इनका जोश देखकर कोई नहीं कह सकता कि इस उम्र में भी वे खेल तो दूर मेडल जीत सकते है। हरियाणा के सिर्फ युवा ही नहीं, बल्कि इन बुजुर्ग खिलाड़ियों ने भी प्रदेश का नामे रौशने कियो है।

# मुख्यमंत्री 15 अक्टूबर को करेंगे डोमेस्टिक एयरपोर्ट का शिलान्यास

**महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा चण्डीगढ़**

अम्बाला,09 अक्टूबर हरियाणा के अंबाला के बनाए जाने वाले डोमेस्टिक एयरपोर्ट का 15 अक्टूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान कई अन्य बड़े नेता और सेंटर के मिनिस्टर को भी इस कार्यक्रम का न्योता दिया गया है।

इस कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए अंबाला में आज भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक गृह मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, मीटिंग की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय गीत गाकर की गई।

इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने गृह मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत




भी किया। अनिल विज ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक परिवार है और हमारा चूल्हा भी सांझा है। उन्होंने हाल ही में भाजपा सदर मंडल महामंत्री को मिली धमकी का जिक्र करते हुए कहा कि जिसने भी ये किया है उसको जल्द नकाबपोश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंबाला में बनने वाले डोमेस्टिक एयरपोर्ट को अंबा एयरपोर्ट का नाम देने का भी प्रस्ताव रखा है, साथ ही इस कार्यक्रम में सभी को शामिल होने का न्योता भी दिया है।

इतिहास में पहली बार एशियन गेम्स में भारत ने मेडल जीतने की सेंचुरी पार कर दी है, जिसे लेकर विज ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा का असर है। वह खिलाड़ियों को जितना सम्मान देते हैं और प्रोत्साहित करते हैं, इसलिए हिंदुस्तान मेडल की लाइन में और आगे जा रहा है। इस बार हरियाणा ने भी कमाल कर दिया, वैसे भी हरियाणा को खेलों की धरती कहा जाता है।

## 3 बदमाशों ने सोनीपत के एक गाँववासी युवक की गोलियाँ चला कर हत्या
# जॉच में जुटी पुलिस को पता नहीं चला कारण

महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,09अक्टूबरः हरियाणो के सोनीपत स्थित गाँव नांगल कला में कार सवार तीन बदमाशों ने नेशनल हाईवे-44 पर स्थित भिगान टोल प्लाजा पर दहशत फैलाने के लिए गोलियां चला दी । यह गाँव कुंडली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। बदमाशों ने देर रात होते-होते विशाल नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। हालांकि अभी तक हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### खाना खाने के बाद टहलने बाहर गया था विशाल

जानकारी के अनुसार गांव नांगल कला का रहने वाला 22 साल का विशाल खाना खाने के बाद बाहर टहलने के लिए निकला था, तभी बाइक सवार तीन युवकों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। विशाल के परिजन उसके शव को नागरिक अस्पताल में लेकर आए जहां पर आज उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं सब इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि गांव नांगल कला के रहने वाला विशाल नाम का युवक खाना खाने के बाद टहल रहा था तभी पीछे से आकर बाइक पर सवार युवकों ने उसे गर्दन के पास गोली मारी है, इसके चलते उसकी मौत हो गई है।

# मनोहर लाल खट्टर जानबूझकर हरियाणा और दिल्ली को चाहते हैं प्रदूषण की आग में झोंकना- अनुराग ढांडा

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



चण्डीगढ़ ,अक्टूबर : आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रमुख प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ और हरियाणा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पराली प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के कार्यालय से संयुक्त प्रेसवार्ता की। अनुराग ढांडा ने कहा कि हर साल दिल्ली और आसपास का इलाका प्रदूषण से पीड़ित होता है। अभी से परानी जलाने के जो मामले आ रहे हैं वो चिंताजनक हैं। हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर सरकार के आरोप तो बड़े बड़े होते हैं, लेकिन इस प्रदूषण को कम करने और पराली के कमे जलने के लिए जो योजनाएं बनाई गई, वो धरातल पर बिल्कुल भी लागू नहीं हो रही हैं। दिन के हिसाब से पिछले सालों की तुलना करें तो 4 अक्टूबर को, 2021 को पराली जलाने की 2 घटनाएं, 2022 में 7 और 2023 में 29 घटनाएं सामने आई। इसी तरह 5 अक्टूबर को 2021 में 3, 2022 में 24 और 2023 में 24 घटनाएं। 8 अक्टूबर को 2021 में 27, 2022 में 0 और 2023 में 55 घटनाएं हैं। सभी को मिलाकर देखें तो हरियाणा में अभी तक पराली जलाने के मामले 3 गुना बढ़ गए हैं। नौ अक्टूबर तक 2021 में 62 घटनाएं थी, 2022 में 80 और 2023 में 277 पराली जलाने की घटनाएं हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि क्या मनोहर लाल खट्टर जानबूझकर हरियाणा और दिल्ली के लोगों को प्रदूषण की आग में झोंकना चाहते हैं? इस पूरे मामले में किसान आरोपी नहीं हो सकते, बल्कि पीड़ित हैं। क्योंकि न उनको जागरूक किया गया, न मशीनरी उपलब्ध करवाई गई और न वो संसाधन उपलब्ध करवाए गए जिसके जरिए किसान पराली का सही तरीके से समाधान कर सके। पहले से ही बाढ़ का प्रकोप झेल रहे हरियाणा के किसान अब उनके ऊपर जैसे ही को रिपोर्ट दर्ज होती है तो लाखों रुपए का जुमार्ना किसानों पर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो महत्वपूर्ण चीजें हैं एक बेलर मशीन जिसके जरिए पराली के गट्ठे बनाए जाते हैं उनको ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराना। दूसरा है बायो डी कंपोजर, जो तीनों स्टेटस में सहमति बनी थी, इनकी रुपरेखा कैसी होनी चाहिए इसके लिए एक कमेटी भी बनी थी। उसमें ये तय हुआ था कि ये दोनों कदम जरूर उठाने हैं। हरियाणा में बेलर मशीन के लिए 5 लाख तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है लेकिन ये जानकर कर आश्चर्य होता है कि 1500 करोड़ रुपए सब्सिडी दी जा रही है, जब ग्राउंड पर जाकर देखा तो इसमें 50 फीसदी से ज्यादा का घोटाला किया है। ग्राउंड में मशीनें ही उपलब्ध नहीं हैं, इसका मतलब सब्सिडी गलत तरीके से केवल कागजों में प्रोवाइड की गई। खट्टर सरकार 80 हजार से ज्यादा मशीनें होने का दावा करती है, आम आदमी पार्टी चुनौती देती है कि हरियाणा का कोई भी मंत्री और अधिकारी हमारे साथ जाकर देख सकते हैं 20 हजार बेलर मशीन भी इस वक्त ग्राउंड पर उपलब्ध नहीं हैं। जिनके बिना पराली का समाधान नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा पिछले साल भी ये आरोप लगाया गया कि जैसे दिल्ली ने पूसा का बायो डी कंपोजर इस्तेमाल करके किसानों को फ्री में उपलब्ध कराया, आम आदमी पार्टी से सीखने का दावा करते हुए खट्टर सरकार ने कहा हम भी उपलब्ध कराएंगे और इस बार भी स्टेटस की मीटिंग में कहा गया बायो डी कंपोजर बड़े पैमाने पर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन जब हरियाणा में पराली जलाने के मामले 3 गुना बढ़ चुके हैं, जिले में जो डिस्ट्रीब्यूटर सेंटर पर भी बायो डी कंपोजर का एक पैकेट भी नहीं पहुंचा। जब पहुंचे उसके 15 दिन बाद इसको खेत में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये खट्टर सरकार का सबसे बड़ा फेलीयर है। अब जब खट्टर सरकार पर दबाव बढ़ेगा तो किसानों पर केस दर्ज कर लाखों रुपए का जुमार्ना लगाना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा जब मुख्यमंत्री खट्टर को पहले ही पता है कि इन दिनों देश की राजधानी और हरियाणा के कुछ इलाके प्रदूषण की चपेट में आ जाते हैं तो मुख्यमंत्री खट्टर ने जो योजनाएं है वो जमीन पर लागू हो सके इसके लिए पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया। यदि लाखों लोगों को आप प्रदूषण के धुएं में घुटता देख सकते हैं या आपकी सरकार ने ऐसे इंतजाम कर दिए हैं कि आने वाले समय में ये प्रदूषण की समस्या और ज्यादा बढ़ने वाली है तो क्या सीएम खट्टर को सीएम के पद पर बैठे रहने का अधिकार है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि खट्टर सरकार कहती है कि जो भी पराली नहीं जलाएगो उसको एक हजार रुपए सब्सिडी देंगे। लेकिन खट्टर सरकार कि पिछले साल कितने किसानों के खाते में ये पैसे पहुंचे, किसान संगठन लगातार इस मुद्दे को लेकर सवाल उठा रहे हैं। खट्टर सरकार ने किसी भी योजना को सही तरीके से लागू नहीं किया। इसके परिणाम ये है कि सीजन के शुरू में ही 3 गुना पराली जलाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने सीएम खट्टर से दिल्ली व हरियाणा के लोगों को इस धुएं के जहर में मत डुबोने और सख्त से सख्त इंतजाम कर पराली जलाने की घटनाओं को रोकने की मांग की।

वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली सरकार लगातार जनता के मुद्दों पर काम करती आई। दिल्ली में आज सभी इंडस्ट्री मैंडेटरी कंपलाइंट्स के चलते पीएनजी फ्यूल पर शिफ्ट हो चुकी है। चाहे 24 बिजली हो जो दिल्ली में मिलती है, जिसकी वजह से दिल्ली में इनवर्टर और जनरेटर इस्तेमाल नहीं होता। दिल्ली में कोयला बेस्ड दो थर्मल प्लांट को बंद किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण से लड़ने के लिए बीते कई साल से क्रेडिट एक्शन प्लान, समर प्लान और विंटर एक्शन प्लान चलता है। जब से आम आदमी पार्टी की सरकार एमसीडी में भी आई है तब से लगातार डस्ट को और कंस्ट्रक्शन से उत्पन्न मलबे को भी टारगेट कर रहे हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को ही बुराड़ी में देश का सबसे ज्यादा कैपेसिटी वाले कंस्ट्रक्शन बेस्ट प्लांट का उद्घाटन किया है और यहां पर मलबे को रिसाइकिल किया जाएगा। ये दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार और दिल्ली के लोगों के अथक प्रयासों का नतीजा है जो युद्ध प्रदूषण के विरुद्ध चला है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार ज्वाइंट एक्शन प्लान की मांग करती है, लेकिन ये दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र में एक ऐसी सरकार बैठी है जो केवल मन की बात करके चली जाती है, ज्वाइंट एक्शन प्लान में विश्वास नहीं रखती है। लेकिन ये सच है कि हर साल दिल्ली को अक्टूबर-नवंबर के महीने में पराली का प्रदूषण झेलना पड़ता है। जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से सीएम भगवंत मान ने पराली का समाधान निकालने पर अनेकों स्टेप लिये और लगातार काम करना शुरू किया। जिसके नतीजा पिछले वर्ष भी देखने को मिला, जब पराली प्रदूषण 2021 में मुकाबले कम था और इस बार 2023 में आम आदमी पार्टी ने सीक्यूएम को एक रिपोर्ट सबमिट कर दी है। जहां सुनिश्चित किया जाएगा कि पंजाब से पराली का प्रदूषण 50 फीसदी और कम हो।

उन्होंने कहा कि वहीं हरियाणा में अब तक पिछले साल के मुकाबले 3 गुना पराली जलाई जा चुकी है। अब सीएम खट्टर किसानों पर आरोप लगाना शुरू हो जाएंगे, क्योंकि उन्होंने सारा साल तो कुछ किया नहीं। यदि सीएम खट्टर के पास दिल्ली पंजाब और हरियाणा के लोगों का साफ हवा देने का सोल्यूशन नहीं है तो उनको इस्तीफा दे।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर मारा छापा

कैलाश वर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



सोनीपत , 09अक्टूबरः हरियाणा के सोनीपत से बड़ा मामला सामने आ रहा है जिसमे खरखौदा के बरोणा मार्ग पर स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने रेड की। इस दौरान वहां 37 लोग मिले। इस केंद्र में मौजूद मरीजों ने रोते हुए टीम को अपनी आपबीती सुनाई।

इन मरीजों का कहना है कि उन्हें सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई थी। इस मामले को लेकर उप सिविल सर्जन ने बताया कि छापे के बाद जांच में सामने आया है कि नशा मुक्ति केंद्र अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके लिए उनके पास लाइसेंस नहीं है। इस केंद्र में नशे के तौर पर प्रयोग की जाने वाली दवा भी मिली है। जिसको लेकर संचालक पर कार्रवाई हो सकती है। यही नहीं केंद्र में 37 लोगों के लिए 13 चारपाई है। मरीजों ने संचालक पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। इसके चलते टीम सबूत जुटाने में लगी हुई है। इसको लेकर डिप्टी सीएमओ का कहना है कि यहां पर मिले मरीजों को दूसरे नशा मुक्ति केंद्र में व्यवस्था करवाई जाएगी।

## हरियाणा में पूर्व की अधिसूचित 6 एनटीपीसी फास्ट ट्रैक कोर्ट व संचालित फास्ट ट्रैक कोर्ट के अलावा 4 अतिरिक्त एनडीपीएस फास्ट ट्रैक के लिए अदालतों की स्थापना की शुरूआत - संजीव कौशल

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले से अधिसूचित छह एनडीपीएस फास्ट ट्रैक कोर्ट और एक संचालित फास्ट ट्रैक कोर्ट के अलावा चार अतिरिक्त एनडीपीएस फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना करने का कार्य शुरू कर दिया है। ये अदालतें राज्य के अंदर एनडीपीएस मामलों के समाधान में बहुत तेजी लाएंगी, जिससे कानूनी कार्यवाही दक्षता में भी वृद्धि होगी।

इसके अलावा, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने राज्य के हर गांव में ड्रग तस्करों का एक व्यापक डेटाबेस बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया है। इस पहल से ड्रग तस्करी गतिविधियों की ट्रैकिंग और प्रभावी निस्तारण की सुविधा प्रदान होगी, जिससे ब्यूरो के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा तथा नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगेगा।

केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की छठी शीर्ष समिति की बैठक में वर्चुअल रूप से भाग लेने के बाद श्री कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए संस्थागत पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाए गए हैं। इन उपायों में एफएसएल हरियाणा एनडीपीएस डिवीजन का उन्नयन रोहतक, गुरुग्राम, हिसार और पंचकूला में चार क्षेत्रीय फोरेंसिक लैब में एनडीपीएस डिवीजनों की स्थापना करना शामिल है। इनमें से तीन आरएफएसएल में पहले से ही एनडीपीएस डिवीजन कार्यरत हैं और पंचकुला में नए स्वीकृत स्टेशन पर कार्य जल्द ही शुरू होगा।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशीली दवाओं से जुड़े अपराधों की वित्तीय जांच के संबंध में एक विस्तृत एसओपी तैयार कर प्रसारित की है। ब्यूरो ने निगरानी और विश्लेषण के लिए वर्ष 2000 से शुरू होने वाले एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के अध्याय वीए के प्रावधानों के तहत जब्त और जब्त की गई संपत्ति का एक डेटाबेस भी तैयार किया है।

कौशल ने कहा कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, पंचकूला सहित उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सघन समन्वय, निगरानी और सूचना साझा करने की सुविधा के लिए, एक "अंतर-राज्य ड्रग सचिवालय" स्थापित किया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने हरियाणा में एनडीपीएस अपराधों में आरोपी ड्रग तस्करों की प्रोफाइलिंग के लिए हॉक नामक एक समर्पित सॉफ्टवेयर विकसित कर इसका उपयोग किया जा रहा है। यह सॉफ्टवेयर विभिन्न डेटा एनालिटिक्स सुविधाओं से लैस है और 2021 से उपयोग में है। उन्होंने कहा कि इसमें सभी "कनेक्शन" सहित मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में भी पकड़ में आएंगे।

# सभी शर्तें पूरी करने वाला पात्र आवेदक ही पंजीकृत मतदाता माना जाएगा : भल्ला

## सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए 16 अक्तूबर तक आवेदन पत्र होंगे जमा

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा) - हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए सभी शर्तें पूरी करने वाला पात्र आवेदक ही पंजीकृत मतदाता माना जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा चुनाव, हरियाणा के आयुक्त न्यायमूर्ति एच. एस. भल्ला ने बताया कि मतदाता सूची की तैयारी के लिए नामों के पंजीकरण की समय-सारणी 18 अगस्त 2023 को जारी की गई थी, जिसके अनुसार मतदाता के रूप में नाम के पंजीकरण के लिए मुद्रित फार्म पर आवेदन पहले एक सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक जमा किया जाना था बाद में उस तिथि को बढाकर 16 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाया गया था।

उन्होंने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के चुनाव में मतदान करने के लिए पात्र मतदाता के बारे में स्पष्ट किया है कि मतदाता पंजीकरण के लिए जो आवेदन किया गया है वह फॉर्म सिख के लिए मतदाता सूची की तैयारी के लिए मतदाता के रूप में अपने नाम के पंजीकरण के लिए आवेदन करने हेतु मात्र आवेदन पत्र है। नाम के पंजीकरण के लिए इस फॉर्म को प्रस्तुत करने से आवेदक को अधिकार नहीं दिया जाता है कि वह मतदाता के रूप में पंजीकृत हो गया है। यदि आवेदक पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, तो इस आवेदन फार्म की हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम, 2014 और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (वार्ड परिसीमन और निर्वाचन ) नियम, 2023 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए उचित रूप से जांच की जाएगी कि वह 2014 के अधिनियम में परिभाषित अनुसार सिख है कि वह सिख धर्म को मानता है, केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब और दस गुरुओं की शिक्षाओं पर विश्वास करता है और उनका पालन करता है। यदि कोई प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति सिख है या नहीं है तो वह तदनुसार क्रमशः सिख के रूप में माना जाएगा या नहीं, जैसा कि वह निर्धारित रीति में निम्नलिखित घोषणा करता है या करने से इनकार करता है :-

"मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं केशधारी सिख हूं ,मैं केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब और दस गुरुओं की शिक्षाओं में विश्वास करता हूं और उनका पालन करता हूं , और मेरा कोई अन्य धर्म नहीं है।"

गुरुद्वारा चुनाव, हरियाणा के आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (वार्ड परिसीमन और निर्वाचन) नियम, 2023 के नियम 11 से 15 में किए गए प्रावधानों के अनुसार नामों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन फार्म की जांच की जाएगी। यदि आवेदक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए अन्य सभी शर्तों को पूरा करता है, तब तथा केवल इसके बाद ही उसका नाम अस्थायी / प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा है कि दावे और आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए अस्थायी / प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी और दावे और आपत्तियां, यदि कोई होंगी तो उनका निर्णय रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद ,अंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी और प्रकाशित की जाएगी। अगर आवेदनकर्ता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल है, तभी उसे पंजीकृत मतदाता के रूप में माना जाएगा।

# हरियाणा सरकार द्वारा किन्नर भत्ता योजना के तहत किन्नरों को प्रत्येक माह 2750 रूपए दी जाती है भत्ता राशि- उपायुक्त

## किन्नर भत्ता के तहत भत्ता राशि प्रदान करने हेतु आवेदक किसी नजदीकी सीएससी केन्द्र या अंत्योदय भवन में जाकर आवेदन कर सकते हैं

दैनिक समाज जागरण

पंचकूला(संदीप शर्मा) : हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण, अंत्योदय विभाग (सेवा) के माध्यम से समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए विभिन्न पैंशन योजनाएं जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पैंशन, दिव्यांग पैंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, 0-8 स्कूल न जाने वाले मन्दबुद्धि बच्चों को वित्तीय सहायता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, किन्नर भत्ता आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने बताया कि जैसा कि ट्रांसजेंडर समुदाय समाज का सबसे वंचित समुदाय है। हरियाणा सरकार उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड और ट्रांसजेंडर संरक्षण सेल आदि का गठन कर रही है। इसके अतिरिक्त हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2007 से किन्नर भत्ता योजना के तहत किन्नरों को प्रत्येक माह भत्ता राशि दी जाती है। यह वित्तीय सहायता उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक और शांतिपूर्वक जीवन निर्वाह करने में मदद करेगी। इस समय प्रत्येक माह 2750 रूपए की भत्ता राशि प्रदान की जाती है। किन्नर भत्ता की पात्रता हेतु आवेदक हरियाणा राज्य का आधिवासी होना चाहिए, 18 वर्ष से अधिक की आयु तथा किन्नर होने बारे सिविल सर्जन से जारी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि किन्नर भत्ता के तहत भत्ता राशि प्रदान करने हेतु आवेदक किसी नजदीकी सीएससी केन्द्र या अंत्योदय भवन में जाकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंन बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, न्यू लघु सचिवालय, पंचकूला के कार्यालय व दूरभाष नंबर 0172-2570802 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर मा0 कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने मा0 कांशीराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उक्त अवसर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने प्रदेश के सभी जनपदों में ह्यह्य स्वाभिमान के वास्ते- संविधान के रास्ते नारे के साथ ह्यह्यदलित गौरव संवादह्लह्ल अभियान की शुरूआत की। यह अभियान मा0 कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 26 नवम्बर संविधान दिवस तक प्रदेश के सभी जनपदों में चलाया जायेगा। कांग्रेस प्रवक्ता पुनीत पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के मुख्यालय पर प्रेस वार्ता की जाएगी साथ ही जनपद की प्रत्येक विधानसभाओं के अन्तर्गत 250 प्रभावशाली दलित गणमान्यों से सम्पर्क कर प्रत्येक विधानसभा में 500 ह्यह्यदलित अधिकार मांग पत्रह्लह्ल भरवाये जायेगें। पूरे प्रदेश में 1 लाख से अधिक दलित परिवारों के प्रभावशाली लोगों से संवाद किया जायेगा। पूरे प्रदेश में 2 लाख दलित अधिकार मांग पत्र भरवा कर पार्टी दलित समाज की प्रमुख मांगे क्या हैं यह जानने का प्रयास करेगी। कांग्रेस पार्टी देश के संविधान और दलितों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। वर्ष 1948-49 में कांग्रेस सरकार ने अनूसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए हरिजन कल्याण बोर्ड की स्थापना करके इन जातियों के उत्थान हेतु पहला कदम बढ़ाया था। शिक्षा से इन्हें जोड़ने के लिए निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वर्ष 1950 में भारत का संविधान अंगीकृत किया गया जिसमें देश में निवास कर रहे हर दलित, वंचित और शोषित को बराबरी में आने का अवसर मिला। वर्ष 1953 में भूमिहीन



दलित समाज को जमीन में आरक्षण देकर हर भूमिहीन को भू स्वामी बनाया गया। यह दलित गौरव संवाद इसी प्रतिबद्धता की कड़ी में एक कदम है। कांग्रेस की सरकार ने जमींदारी प्रथा समाप्त कर देश में बराबरी का सिद्धांत लागू किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने इंदिरा आवास योजना लाकर हर गरीब के घर के सपने को साकार किया। जननायक श्री राहुल गांधी जी की पहल पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह ने नरेगा योजना लागू कर हर हाथ को काम दिया।

दलित गौरव संवाद अभियान के तहत जनपद की प्रत्येक विधानसभाओं की दलित बस्तियों में कांग्रेसजनों द्वारा 10 रात्रि चौपालों का आयोजन किया जायेगा। कुल मिलाकर 4000 रात्रि चौपालें इस डेढ़ महीने के दरम्यान आयोजित की जायेंगी। प्रत्येक लोकसभा में सामूहिक चर्चा ( दलित एजेंडा ) के तहत कोर ग्रुप का गठन किया जायेगा तद्पश्चात प्रदेश के 18 मंडलों पर एक दिवसीय दलित गौरव यात्रा निकाली जायेगी।

प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मा0 कांशीराम कॉलोनी ग्राम लौलाई चिनहट के मा0 कांशीराम के सहयोगी रहे प्रो0 आर0बी0 सिंह गौतम के साथ संवाद कर एवं उनके द्वारा दलित अधिकार मांग पत्र भर कर इस अभियान की शुरूआत की।

मा0 कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, डॉ0 मसूद अहमद, अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, सेवादल कांग्रेस के मुख्य संगठक प्रमोद पाण्डेय, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष शाहनवाज आलम, राजेश सिंह काली, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 सी0पी0 राय, डॉ0 हिलाल अहमद नकवी, डॉ0 मनीष हिंदवी, पुनीत पाठक, सचिन रावत, राहुल राजभर, अभिमन्यु त्यागी, रफत फातिमा, सुधा मिश्रा, शमीम खान, विजय बहादुर, लालती देवी, नईम सिद्दीकी, दानिश आजम वारसी, बृजेन्द्र सिंह, नितान्त सिंह, ममता सक्सेना, सोम विकल, अन्नता तिवारी, अनिल देव त्यागी, अनामिका यादव, दिनेश सिंह यादव, तनवीर फातिमा, सुषमा मिश्रा, डॉ0 रिचा शर्मा, अरशद खुर्शीद, निर्मला भारती, शांति पटेल, सीमा भारती, अनीस अंसारी, नावेद नकवी, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# हरियाणा डीपीआरजीसी में गैर-सरकारी सदस्य नामांकित

चंडीगढ़ (संदीप शर्मा) - हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से करनाल, जींद और सोनीपत में जिला जनसंपर्क एवं शिकायत समितियों में गैर-सरकारी सदस्यों को नामित किया है इस आशय की अधिसूचना आज यहां मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल द्वारा जारी की गयी। जारी अधिसूचना के



अनुसार सुनील कुमार को करनाल के गैर सरकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, सत्यनारायण बूरा, सुरजीत मलिक, हरीश अरोड़ा (एमसी), देशराज माटा और बीरेंद्र कौशिक को जींद के गैर सरकारी सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

दैनिक समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र

# खाली करो... जानें गुरुग्राम में जबरन क्यों लोगों को निकाला जा रहा है घर से

राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम प्रशासन ने सोमवार को चिंटेल्स पैराडाइसो सेक्टर 109 कॉन्डोमिनियम के टॉवर एच को असुरक्षित घोषित कर दिया और निवासियों को 15 दिनों के भीतर इसे खाली करने का निर्देश दिया है. गुरुग्राम प्रशासन ने निवासियों को टावर खाली नहीं करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू करने की भी धमकी दी. यह अधिनियम अधिकारियों को इमारत को जबरन खाली कराने का अधिकार देता है.

हाल की एक रिपोर्ट में, आईआईटी-दिल्ली ने हाउसिंग सोसाइटी के टावर्स डी, ईएफ और जी को रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया और उन्हें खाली कर दिया गया. पिछले साल 10 फरवरी को टावर डी की छह मंजिलें आंशिक रूप से ढह गईं



थी, इसमें दो निवासियों की मौत हो गई थी। चिंटेल्स में नौ टावर हैं; इनमें से पांच डी, ई, एफ, जी और एच को अब तक असुरक्षित घोषित किया जा चुका है.

जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि ये टावर असुरक्षित हैं और कभी भी कोई अवांछित घटना हो सकती है. बिल्डर को निवासियों के स्थानांतरण के लिए भुगतान करना चाहिए. हम लोगों को अपनी जान जोखिम में नहीं डालने दे सकते. उन्होंने कहा कि बिल्डरों को टावर डी, ई, एफजी और एच निवासियों के साथ जल्द से जल्द मुआवजे का काम करने का अल्टीमेटम भी जारी किया गया था, अन्यथा प्रशासन अपनी सभी संपत्तियों की नीलामी करेगा और निवासियों को मुआवजा देगा.

चिनटेल्स आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राकेश हुडा ने कहा कि हम असमंजस में हैं क्योंकि फ्लैट खाली करने के निर्देश पारित कर दिए गए हैं. हम जोखिम से अवगत हैं लेकिन अगर हम टावरों से बाहर निकलते हैं, तो बिल्डर हमें कोई जमीन नहीं देगा और हम बेघर हो जाएंगे.

